यह विद्यापीठ हिंदी भाषा की प्रभावी कार्यात्मक क्षमता के विकास के प्रति समर्पित है। इस हेतु यह विद्यापीठ हिंदी भाषा के वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकी अध्ययन में संलग्न है। यहाँ पर भारतीय भाषाओं के परिप्रेक्ष्य में विशेषतः देश और दुनिया की भाषाओं के साथ तुलनात्मक अध्ययन और शोध पर विशेष कार्य किया जा रहा है। यह विद्यापीठ शोध, शिक्षण और प्रशिक्षण के विविध पाठ्यक्रमों द्वारा जीवन के विविध क्षेत्रों में हिंदी की प्रभावी भूमिका को रेखांकित करने के साथ विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयत्नशील है।

इस विद्यापीठ के अंतर्गत निम्नलिखित विभाग और केंद्र संचालित हैं :

1.1 भाषाविज्ञान एवं भाषा प्रौद्योगिकी विभाग
1.2 सूचना तथा भाषा अभियांत्रिकी केंद्र
1.3 विदेशी भाषा एवं अंतरराष्ट्रीय अध्ययन केंद्र

1.1 भाषाविज्ञान एवं भाषा प्रौद्योगिकी विभाग

इस विभाग के उद्देश्य हैं : भाषा प्रौद्योगिकी के नए उभरते अनुशासन में विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तायुक्त रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करना। हिंदी भाषा का सम्यक विकास तथा अन्य भारतीय एवं विदेशी भाषाओं के साथ संवाद स्थापित करना। उपलब्ध भाषा वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय ज्ञान को हिंदी में प्रस्तुत कर विश्व क्षितिज पर उपस्थित भाषाओं के साथ समकक्षता अर्जित करना। भाषा वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय अनुसंधानों के द्वारा विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर और अग्रणी भूमिका के लिए तैयार करना। अद्यतन भाषा प्रौद्यौगिकी से परिचय और हिंदी हेतु उसके अनुप्रयोग का प्रशिक्षण प्रदान करना।

पाठ्यक्रम : • बी.ए. भाषाविज्ञान (ऑनर्स) • एम.ए. भाषा प्रौद्योगिकी • एम.फिल. भाषा प्रौद्योगिकी • पी–एच.डी. भाषा प्रौद्योगिकी • भाषा शिक्षण में स्नातकोत्तर डिप्लोमा • भाषा विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा।

गतिविधियाँ

- (19–25 जून 2018). शब्दकोश शोधन प्रशिक्षण कार्यशाला।
- (25 अक्टूबर 2018). प्रो. गिरीश नाथ झा का 'भारतीय भाषा प्रौद्योगिकी, मानक और सामग्री निर्माण –एक अवलोकन' विषय पर विशेष व्याख्यान।
- (15 नवंबर, 2018). प्रो. पाण्डेय शशिभूषण 'शीतांशु' का 'भर्तृहरि के वाक्यपदीय में आधुनिक भाषावैज्ञानिक अवधारणाएँ' विषय पर विशेष व्याख्यान।
- (16 नवंबर, 2018). प्रो. पाण्डेय शशिभूषण 'शीतांशु' का 'भर्तृहरि के वाक्यपदीय में पाश्चात्य अर्थवैज्ञानिक अवधारणाएँ' और 'पाश्चात्य अर्थविज्ञान के विभिन्न प्रारूप (टाइप्स)' विषयों पर विशेष व्याख्यान।

प्रो. उमाशंकर उपाध्याय के विशेष व्याख्यान : तिथि एवं विषय

- (03 दिसंबर, 2018). 'भाषा और लिपि' और 'भाषा चिंतन परंपरा'।
- (04 दिसंबर, 2018). 'भाषावैज्ञानिक शोध की विषयवस्तु' और 'संरचनात्मक शोध'।
- (05 दिसंबर, 2018) 'ऐतिहासिक शोध' और 'पाठ एवं प्रोक्ति विश्लेषण'।
- (04 फरवरी, 2019). 'ध्वनि परिवर्तन प्रक्रिया की सामाजिक क्रियाविधि' और 'स्वनिमिक विश्लेषण'।
- (05 फरवरी, 2019). 'रूपिम की पहचान एवं रूपिमिक प्रक्रिया' और 'शब्द साधन बनाम रूप साधन'।
- (06 फरवरी, 2019). 'पदबंध के संरचनात्मक और प्रकार्यात्मक स्तर एवं प्रकार' और 'संरचनात्मक एवं प्रकार्यात्मक वाक्यगत कोटियाँ एवं प्रकार'।
- (07 फरवरी, 2019). 'कारकीय संबंध : भारतीय एवं पाश्चात्य परिप्रेक्ष्य' और 'पूरक एवं व्यतिरेकी वितरण की अवधारणा'।
- (08 फरवरी, 2019). 'संज्ञानात्मक भाषाविज्ञान' और 'भाषा विज्ञान के विभिन्न संप्रदाय'।
- (11 फरवरी, 2019). 'भाषा का सामाजिक संदर्भ' और 'भाषागत परिवर्तन प्रक्रिया का समाज भाषा वैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य'।
- (12 फरवरी, 2019). 'व्यतिरेकी विश्लेषण एवं त्रुटि विश्लेषण' और 'कोशनिर्माण में सूचनाओं का व्यवस्थापन'।
- (13 फरवरी, 2019). 'शैलीवैज्ञानिक विश्लेषण के विभिन्न स्तर' और 'भाषा शिक्षण एवं अनुवाद में व्यतिरेकी विश्लेषण की भूमिका'।
- (14 फरवरी, 2019). 'भारोपीय भाषा परिवार' और 'प्रजनक रूपांतरण व्याकरण : विभिन्न चरण एवं सिद्धांत'।
- (15 फरवरी, 2019). 'विभिन्न मॉडल : डीएसजी, जीपीएसजी, एलएफजी, एचपीएसजी, टीएजी आदि' और 'शोध–विषय का चयन, आँकड़ों का संकलन तथा प्रश्नावलियों का निर्माण'।
- (06 मार्च, 2019). 'स्वनविज्ञान बनाम स्वनिम विज्ञान' और 'स्वन, स्वनिम, सस्वन : स्वनिम और सस्वन निर्धारण'।
- (07 मार्च, 2019). 'स्वनिम निर्धारण के सिद्धांत' और 'रूपविज्ञान : परिभाषा, स्वरूप एवं शाखाएँ'।

- (08 मार्च, 2019). 'रूपिम : अवधारणा, प्रकार (रूप, रूपिम, संरूप)' और 'शब्दरचना, रूपसाधक, पदरचना'।
- (09 मार्च, 2019). 'हिंदी भाषा की रूपसंरचना एवं वाक्य संरचना' और 'कारक एवं कारकीय संबंध'।
- (11 मार्च, 2019). 'सस्यूर और आधुनिक भाषाविज्ञान का उदय' और 'संरचनात्मक भाषाविज्ञान के संप्रदाय और ब्लूमफील्ड'।

शोध परियोजना

प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल

- भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली द्वारा 'सामयिक अवधी का समाज भाषा वैज्ञानिक अध्ययन' विषय पर स्वीकृत बृहद् शोध परियोजना (2017–18), अवधि : 2 वर्ष।

प्राध्यापक विवरण

नाम	पदनाम	कार्यारंभ की तिथि	योग्यता	पी–एच.डी. का शोध विषय	विशेषज्ञता का क्षेत्र
हनुमानप्रसाद शुक्ल	प्रोफेसर	03.01.2013	पी–एच.डी. हिंदी	महात्मा सर्वेश : जीवन और साहित्य	भाषाविज्ञान, हिंदी भाषा शिक्षण, भारतीय काव्यशास्त्र, तुलनात्मक साहित्य
अनिल कुमार पांडेय	प्रोफेसर	15.06.2010	पी–एच.डी. भाषाविज्ञान	हिंदी और बांग्ला के विधेय पदबंधों का व्यतिरेकी अध्ययन (भाषाविज्ञान)	ध्वनि विज्ञान, रूपविज्ञान, वाक्य विज्ञान, कोश विज्ञान
एच.ए. हुनगुंद	सहायक प्रोफेसर	22.12.2006	पी–एच.डी. हिंदी	डॉ. बालशौर रेड्डी : व्यक्तित्व एवं कृतित्व	भाषा एवं भाषाविज्ञान और अनुवाद
अनिल कुमार दुबे	सहायक प्रोफेसर	27.12.2006	पी–एच.डी. हिंदी	श्रीलाल शुक्ल के उपन्यास साहित्य का अनुशीलन	रूपविज्ञान, भाषाशिक्षण
धनजी प्रसाद	सहायक प्रोफेसर	13.08.2012	पी–एच.डी. भाषा प्रौद्योगिकी	हिंदी संबंधवाची रचनाओं का आर्थी विश्लेषण : एक संगणकीय मॉडल	प्राकृतिक भाषा संसाधन, (NLP), रूपविज्ञान, वाक्यविज्ञान, अर्थविज्ञान

संगोष्ठी / सम्मेलन / परिसंवाद / कार्यशाला / व्याख्यान / प्रस्तुतीकरण

शुक्ल, हनुमानप्रसाद

- (13 अप्रैल, 2018). अनुवाद अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'अनुवाद कर्म : रचनात्मक अनुभव' विषय पर आयोजित व्याख्यान सत्र की अध्यक्षता।
- (10–13 अक्टूबर, 2018). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा आयोजित सारस्वत आयोजन (प्रो. इंद्रनाथ चौधुरी एवं डॉ. अंबिकादत्त शर्मा के विशिष्ट व्याख्यान) के संयोजक।
- (14 दिसंबर, 2018). गुवाहाटी विश्वविद्यालय, गुवाहाटी एवं म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'भाषिक संदर्भ में हिंदी के विकास की दिशाएँ और चुनौतियाँ' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य वक्तव्य।

पांडेय, अनिल कुमार

- (14 मई–10 जून, 2018). महामना पं. मदनमोहन मालवीय मिशन के अंतर्गत 'हिंदी शिक्षण–प्रशिक्षण केंद्र' म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–मानव संसाधन विकास केंद्र, राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में वर्धा में आयोजित अभिविन्यास पाठ्यक्रम में 09 जून, 2018 को विषय–विशेषज्ञ के रूप में 'हिंदी भाषा की वैज्ञानिकता' विषय पर व्याख्यान।
- (16 नवंबर –14 दिसंबर, 2018). शिक्षा विद्यापीठ, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'संकाय प्रेरण कार्यक्रम' में 3 दिसंबर, 2018 को एक सत्र की अध्यक्षता।

हुनगुंद, एच.ए.

- (19–25 जून, 2018). भाषाविज्ञान एवं भाषा प्रौद्योगिकी विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा आयोजित 'शब्दकोश शोधन प्रशिक्षण कार्यशाला' में सहभागिता।
- (30 जुलाई– 02 अगस्त, 2018). भाषाविज्ञान एवं भाषा प्रौद्योगिकी विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'पाठ्यक्रमों के पुनर्निर्माण एवं संशोधन–परिवर्धन विषय पर आयोजित कार्यशाला में सहभागिता।
- (27 अगस्त–02 सितंबर, 2018). फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर, यूजीसी ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट सेंटर, सावित्रीबाई फुले विश्वविद्यालय, पुणे द्वारा

आयोजित 'शोध प्रविधि' कार्यशाला में सहभागिता।

- (25 जनवरी, 2019). गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा आयोजित एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित 'मानवाधिकार' कार्यशाला में सहभागिता।
- (02 मार्च, 2019). न्यू आर्ट्स कॉमर्स एंड साइंस कॉलेज, वर्धा द्वारा आयोजित एवं यूजीसी द्वारा प्रायोजित 'महात्मा @ 150' अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 'राष्ट्रभाषा हिंदी के लिए महात्मा गांधी का योगदान' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत।

दुबे, अनिल कुमार

- (2 फरवरी, 2019). यशवंत महाविद्यालय, वर्धा द्वारा 'पर्यावरण संरक्षण में साहित्य, समाज और मीडिया की भूमिका' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'पर्यावरण–संरक्षण और भाषा' विषयक आलेख प्रस्तुत।
- (21 फरवरी, 2019). म.गां.अं.हिं. वि., वर्धा द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का संयोजन।

प्रसाद, धनजी

- (19–25 जून, 2018). भाषाविज्ञान एवं भाषा प्रौद्योगिकी विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा आयोजित 'शब्दकोश शोधन प्रशिक्षण कार्यशाला' में संयोजक–प्रशिक्षक और 1. 'शब्दकोश में त्रुटि–शोधन' एवं 2. 'शब्दकोश में प्रविष्टि और एकरूपता' विषयों पर विशेष व्याख्यान।
- (21–27 जून, 2018). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित 'योग कार्यशाला' में सहभागिता।
- (31 जुलाई, 2018). महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगीकरण संस्थान, वर्धा द्वारा आयोजित कार्यशाला में 'हिंदी में टिप्पणी लेखन' विषय पर व्याख्यान।
- (29 दिसंबर, 2018). विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर 'हिंदी भाषा के विकास में विश्वविद्यालय के बढ़ते कदम' विषय पर वक्तव्य।
- (07–08 मार्च, 2019). टीचिंग लर्निंग सेंटर, आईआईटी, बीएचयू, वाराणसी द्वारा आयोजित 'शेयरिंग टीचिंग–लर्निंग एक्सपीरिएंस कॉन्फ्रेरेंस (एसटीईसी, 2019)' में 'ब्लॉगिंग : ए डिजिटल वे टू शेयर स्टडी मटेरियल' विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत।
- (09 मार्च, 2019). भाषाविज्ञान विभाग, काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी में 'रिलिवेंस ऑफ रूल बेस्ड एप्रोच इन एनएलपी' विषय पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत।

प्रकाशन

शुक्ल, हनुमानप्रसाद

- (2018). विचार और अंतर्दृष्टि, नई दिल्ली : शिल्पायन, ISBN : 978–93–81610–94–7
- (2018). जे बूड़े सब अंग (सह–संपा. विजया सिंह) नई दिल्ली : शिल्पायन. ISBN : 978–93–81610–98–5
- (14 सितंबर, 2018). 'कैसे बनेगी हिंदी देश–भाषा', प्रभात खबर

पाण्डेय, अनिल कुमार

- (2019). वर्धा हिंदी कोश, परिवर्धित एवं संशोधित द्वितीय संस्करण, (संपादन) नई दिल्ली : भारतीय ज्ञानपीठ, ISBN : 978–93–263–5229–1

हुनगुंद, एच. ए.

- (नवंबर–दिसंबर, 2018). 'प्रयोजनमूलक हिंदी की संकल्पना', 115–19, स्कॉलरली रिसर्च जर्नल फॉर इंटरडिसीप्लिनरी स्टडीज, VI, 48, ISSN : 2278–8808
- (02 मार्च, 2019). 'राष्ट्र भाषा हिंदी के लिए महात्मा गांधी का योगदान' इंटरनेशनल मल्टीनेशनल रिसर्च जर्नल, ISSN : 23199318

प्रसाद, धनजी

- (2019). हिंदी का संगणकीय व्याकरण, नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन।
- (जुलाई–सितंबर, 2018). 'मशीनी अधिगम : खुद से सीखती हैं मशीनें', विज्ञान आपके लिए (मुख्य संपा. डॉ. ओम प्रकाश शर्मा), 3 (18), 03–05, गाजियाबाद : लोक विज्ञान परिषद, ISSN : 2321–5321

उपलब्धि

हनुमानप्रसाद शुक्ल

निदेशक : मानक हिंदी प्रयोग कोश, कॉपर्स बेस्ड ऑनलाइन परियोजना, भाषा विद्यापीठ, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा

अन्य जानकारी

हनुमानप्रसाद शुक्ल

- अधिष्ठाता, भाषा विद्यापीठ, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा
- अधिष्ठाता, अकादमिक एवं शोध, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा
- निदेशक, आनंद के. कुमारस्वामी अंतरराष्ट्रीय भाषा एवं संस्कृति संस्थान, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा।
- निदेशक, विदेशी भाषा अध्ययन केंद्र, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा।
- सदस्य, विद्यापरिषद् एवं कार्यपरिषद म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा।
- भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद्, नई दिल्ली द्वारा विदेशी विश्वविद्यालयों में हिंदी पीठ के लिए प्रोफेसर के रूप में चयनित।
- अध्यक्ष, संस्थागत शैक्षिक सत्यनिष्ठ पैनल।
- अध्यक्ष, स्कूल बोर्ड, भाषा विद्यापीठ, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा।
- सदस्य, बोर्ड ऑफ स्टडीज, भाषा विज्ञान एवं भाषा प्रौद्योगिकी विभाग, भाषा विद्यापीठ, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा।
- अध्यक्ष, परिनियम तथा अध्यादेश समीक्षा एवं संशोधन समिति, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा।
- विश्वविद्यालय द्वारा गठित अनेक समितियों के अध्यक्ष / संयोजक / सदस्य।

अनिल कुमार पाण्डेय

- सदस्य, बोर्ड ऑफ स्टडीज, भाषा विज्ञान एवं भाषा प्रौद्योगिकी विभाग, भाषा विद्यापीठ, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा।
- सदस्य, विद्यापरिषद्, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा।
- सदस्य, स्कूल बोर्ड भाषा विद्यापीठ, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा।
- विश्वविद्यालय द्वारा गठित अनेक समितियों के अध्यक्ष / संयोजक / सदस्य।

एच. ए. हुनगुंद

- सदस्य, स्कूल बोर्ड भाषा विद्यापीठ, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा।
- सदस्य, बोर्ड ऑफ स्टडीज, भाषा विज्ञान एवं भाषा प्रौद्योगिकी विभाग, भाषा विद्यापीठ, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा।
- सदस्य, राजभाषा कार्यान्वयन समिति, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा।
- सदस्य, शिकायत निवारण प्रकोष्ठ, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा
- नोडल अधिकारी (स्वच्छता दिवस), म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा

अनिल कुमार दुबे

- सदस्य, बोर्ड ऑफ स्टडीज, भाषा विज्ञान एवं भाषा प्रौद्योगिकी विभाग, भाषा विद्यापीठ, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा।

धनजी प्रसाद

- भाषा विद्यापीठ की 'मानक हिंदी प्रयोग कोश परियोजना' की विशेष कार्य समिति में सदस्य।
- म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के 'वर्धा हिंदी शब्दकोश' के संशोधित में तकनीकी सहयोग।

संपादन एवं संपादन मंडल की सदस्यता

- म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा निर्मित 'भोजपुरी–हिंदी–अंग्रेजी शब्दकोश' में उपसंपादक।
- 'इंटरनेशनल जर्नल ऑफ हिंदी रिसर्च' (ISSN : 2455–2232) संपादन मंडल में सदस्या संपादक डॉ. माधवी शर्मा, प्राचार्य, डी.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खेरली, अलवर, राजस्थान
- 'मीडिया पथ' पत्रिका (ISSN :2454–227X) के संपादकीय मंडल में सदस्य। संपादक : बलराम बिंद, मैरीटार, जिला–बलिया।

ऑनलाइन–समूह में सदस्यता

- 'हिंदी शिक्षण बंधु' ऑनलाइन समूह में सदस्य, लिंक : https://groups,google.com/forum/#!forum/hindishikshakbandhu!
- वैश्विक हिंदी सम्मेलन, ऑनलाइन समूह में सदस्य लिंक : https://groups,google.com/forum/#!forum/#!hindimumbai! (निदेशक : डॉ. एम. एल. गुप्ता 'आदित्य) बेबसाईट– www.vhindi.in

1.2 सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र

भाषा विद्यापीठ के अंतर्गत स्थापित सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र (जो पूर्व में कंप्यूटेशनल भाषाविज्ञान विभाग था) देश का एक अनूठा केंद्र है जो कि कंप्यूटेशनल लिंग्विस्टिक्स तथा प्रौद्योगिकी के विभिन्न पाठ्यक्रमों को पूर्णतः हिंदी माध्यम से सन् 2008 से निरंतर संचालित कर रहा है। प्राकृतिक भाषा का कंप्यूटर टेक्नोलॉजी माध्यम द्वारा मानवहित में नवीन एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर निर्माण एवं अध्ययन कार्य संगणकीय भाषाविज्ञान अर्थात् कंप्यूटेशनल लिंग्विस्टिक्स है। संगणकीय भाषाविज्ञान, भाषा प्रौद्योगिकी का एक विशिष्ट एवं अनिवार्य अंग होते हुए प्रौद्योगिकी के अन्य आयामों जैसे कि स्पीच टेक्नोलॉजी, डिजीटल सिग्नल प्रोसेसिंग, इमेज प्रोसेसिंग इत्यादि से परिपूर्ण है। इस विभाग द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों का उद्देश्य अंतरानुशासिक विषयों जैसे भाषाविज्ञान, संगणक विज्ञान और संबंधित क्षेत्रों में विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करना है। ये कार्यक्रम विद्यार्थियों पर केंद्रित हैं और नवाचारों को बढ़ावा देने वाले हैं। कार्यक्रमों का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य विद्यार्थियों में समीक्षात्मक सोच का निर्माण करना है। विभाग में प्रयुक्त की जाने वाली शिक्षण पद्धति है– सैद्धांतिक चर्चा, हैंड्स ऑन सेशन, विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुति पर चर्चा शोध क्षेत्र, प्राकृतिक भाषा संसाधन, मशीनी अनुवाद, भाषा संश्लेषण, वाक् कॉर्पस, हिंदी : ओ.सी.आर., संगणक विज्ञान, कृत्रिम बुद्धि, संज्ञान विज्ञान, फॉरेंसिक भाषाविज्ञान। विभाग का उद्देश्य वर्तमान परिदृश्य में प्रौद्योगिकी की आवश्यकताओं के अनुरूप हिंदी के लिए प्रौद्योगिकी का विकास करना है। विभाग भाषा तकनीकी और कंप्यूटर के प्रायोगिक ज्ञान हेतु आधुनिक प्रयोगशाला और आईसीटी कक्षाओं से परिपूर्ण है।

पाठ्यक्रम : • मास्टर ऑफ इन्फॉर्मेटिक्स एंड लैंग्वेज इंजीनियरिंग • मास्टर ऑफ कंप्यूटेशनल लिंग्विस्टिक्स • एम.फिल. कंप्यूटेशनल लिंग्विस्टिक्स • पी–एच.डी. इन्फॉर्मेटिक्स एंड लैंग्वेज इंजीनियरिंग • पी–एच.डी. कंप्यूटेशनल लिंग्विस्टिक्स • पी.जी.डी.सी.ए. • डी.सी.ए.।

गतिविधिः • (12–17 मार्च, 2019). 'प्राकृतिक भाषा संसाधन' विषय पर डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह, इं.गां.रा.जन.वि., अमरकंटक द्वारा विशेष व्याख्यान।

शोध परियोजना

डॉ. हर्षलता पेटकर

• 'हिंदी तकनीकी एवं प्रबंधन विषयों पर लिखी गई पांडुलिपियों के प्रकाशन हेतु वित्तीय सहायता योजना', अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित।

प्राध्यापक विवरण

नाम	पदनाम	कार्यारंभ की तिथि	योग्यता	पी–एच.डी. का शोध विषय	विशेषज्ञता का क्षेत्र
विजय कुमार कौल	प्रोफेसर एवं निदेशक	13.08.2012	पी–एच.डी. भाषाविज्ञान	कश्मीरी संयुक्त क्रियाओं का अर्थ विन्यासात्मक अध्ययन	सैद्धांतिक भाषाविज्ञान, कंप्यूटेशनल / अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान
पीयूष प्रताप सिंह	सहायक प्रोफेसर	21.03.2007	पी–एच.डी. कंप्यूटर एप्लिकेशन	प्राकृतिक भाषा के वातावरण में कुशल निरूपण और सूचना पुनर्प्राप्ति प्रणाली	कृत्रिम बुद्धि
हर्षलता पेटकर	सहायक प्रोफेसर	16.05.2016	पी–एच.डी. इंफॉर्मेटिक्स एंड लैंग्वेज इंजीनियरिंग	ज्ञान आधारित हिंदी वाक् से पाठ प्रणाली	प्राकृतिक भाषा संसाधन, वाक् प्रौद्योगिकी

प्रकाशन

कौल, विजय कुमार

• (2018). 'भारत में भाषाविज्ञान की पारंपरिक व वैज्ञानिक धाराएँ : साहित्य', संगणक और तंत्रिका–विज्ञान (सं. प्रो. प्रसंनांशु एवं प्रो. विजय कुमार कौल), ISBN : 9789385212079

1.3 विदेशी भाषा एवं अंतरराष्ट्रीय अध्ययन केंद्र

भारतीय एवं विदेशी भाषा प्रगत अध्ययन केंद्र' (16 मार्च, 2009 को स्थापित) 'विदेशी भाषा एवं अंतरराष्ट्रीय अध्ययन केंद्र' के रूप में 5 फरवरी, 2016 को पुनर्गठित। इस केंद्र के उद्देश्य हैं– हिंदी भाषा के माध्यम से विदेशी छात्रों को पढ़ाना। हिंदी और विदेशी भाषाओं के बीच संचार की संभावनाओं का अन्वेषण। छात्रों को शिक्षित करने और उन्हें विदेशी भाषाओं के क्षेत्र में रोजगार के लिए तैयार करना। हिंदी माध्यम के छात्रों को गाइड करना। विदेशी छात्रों को हिंदी पढ़ाना और अंतरराष्ट्रीय मंच पर हिंदी भाषा का विस्तार करना।

पाठ्यक्रम : • प्रमाणपत्र : स्पेनिश, चीनी, जापानी, फ्रेंच • डिप्लोमा : स्पेनिश, चीनी, जापानी, फ्रेंच • एडवांस्ड डिप्लोमा : स्पेनिश, चीनी, जापानी, फ्रेंच • बी.ए. (ऑनर्स) : स्पेनिश, चीनी, जापानी, फ्रेंच • एम.फिल. स्पेनिश • पी–एच.डी. स्पेनिश • अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए हिंदी में आधार पाठ्यक्रम • अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए हिंदी में गहन पाठ्यक्रम • अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम • अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए हिंदी में डिप्लोमा पाठ्यक्रम • अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए हिंदी में बी.ए. पाठ्यक्रम • अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए हिंदी में एम.ए. पाठ्यक्रम।

शोध परियोजना

कुमार, रवि

• भारत–लैटिन अमेरिकी संबंध : साहित्यिक एवं सांस्कृतिक अंतर्संबंधों का अन्वेषण।

प्राध्यापक विवरण

नाम	पदनाम	कार्यारंभ की तिथि	योग्यता	पी–एच.डी. का शोध विषय	विशेषज्ञता का क्षेत्र
हनुमानप्रसाद शुक्ल	निदेशक	03.01.2013	पी–एच.डी.(हिंदी)	महात्मा सर्वेश : जीवन और साहित्य	काव्यशास्त्र / तुलनात्मक साहित्य / अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान
रवि कुमार	सहायक प्रोफ़ेसर	21.03.2007	पी–एच.डी. (स्पेनिश)	1986 से क्यूबा में राजनीतिक और आर्थिक सुधार प्रक्रिया	स्पेनिश भाषा, साहित्य संस्कृति / लैटिन अमेरिकी अध्ययन
अनिर्बाण घोष	सहायक प्रोफ़ेसर	09.07.2007	पी–एच.डी. (चीनी)	चीन–भारतीय द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंध (1979–1999)	चीनी भाषा और संस्कृति
सन्मति जैन	सहायक प्रोफ़ेसर	24.07.2013	एम.ए. (जापानी)	...	जापानी भाषा और संस्कृति
संदीप कुमार	सहायक प्रोफ़ेसर	03.05.2017	पी–एच.डी. (फ्रेंच)	केबेक और हिंदी उपन्यासों में आंगोआस	फ्रेंच भाषा और साहित्य

संगोष्ठी / सम्मेलन / परिसंवाद / कार्यशाला / व्याख्यान / प्रस्तुतीकरण

कुमार, रवि

- (14 अप्रैल, 2018). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के युवा विकास केंद्र द्वारा आयोजित कार्यशाला में 'जीवन दक्षता का विकास कैसे करें' विषय पर व्याख्यान।
- (1–3 नवंबर, 2018). 'आर्टिस्टिक, लिटेरेरी एण्ड पेडागोगिक इनोवेशन्स इन द हिस्पानिक वर्ल्ड : इंटरडिस्सिपलनरी एप्रोचेज एण्ड ट्रेंड्स' विषय पर इंगलिश एण्ड फॉरेन लैंग्वेज यूनिवर्सिटी, हैदराबाद द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'ट्रांस कल्चरलिज्म एण्ड बोर्डर नोसिस इन अमेरिकाज : इंटरप्ले ऑफ पावर / नॉलेज इन टोनी मोरिस मेरसी फ्रॉम लैटिन अमेरिकन सबाल्टर्न पर्सपेक्टिव' में सह–लेखक के रूप में शोध पत्र प्रस्तुति।
- (25 जनवरी, 2019). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा तथा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली द्वारा आयोजित 'मानवाधिकार कार्यशाला' में सहभागिता।
- (02 फरवरी, 2019). 'पर्यावरण संरक्षण में साहित्य समाज और मीडिया की भूमिका' विषय पर यशवंत महाविद्यालय, वर्धा में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'इनवायरनमेंट कंजर्वेशन इन स्पेन : ए स्टडी ऑफ मीडियाज रेफलेक्सन' विषयक शोध पत्र प्रस्तुति।
- (11–13 फरवरी, 2019). 'मीडिया एंड कम्यूनिकेशन इन ससटेनवल डेवेलपमेंट' विषय पर विश्वभारती, शांतिनिकेतन, पश्चिम बंगाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉंफ्रेंस में 'लैटिन अमेरिका : एन अल्टरनेटिव मॉडेल ऑफ डेवेलपमेंट' विषयक शोध पत्र प्रस्तुति।
- (01 मार्च, 2019). 'लैटेस्ट ट्रेंड्स इन फॉरेन लैंग्वेज टीचिंग–लर्निंग एण्ड करिकुलम डिजाइनिंग' विषय पर वी.आई.टी., वेलोर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉंफ्रेंस में 'मेथड्स एण्ड एप्रोचेज ऑफ फॉरेन लैंग्वेज टीचिंग (एफ.एल.टी.): इवैल्यूएटिंग पेडागोगिकल पारालेल्स ऑफ स्पैनिश एण्ड हिंदी' विषयक शोध पत्र प्रस्तुति।
- (01 मार्च, 2019). 'दूओलिंगो एजूकेटर ट्रेनिंग प्रोगाम' में सहभागिता।

- (02 मार्च, 2019). 'महात्मा / 150' विषय पर न्यू आर्टस् कॉमर्स एण्ड साइंस कॉलेज, वर्धा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉफ्रेंस में 'ट्रेसिंग टेनेट्स ऑफ गांधियन वैल्यूज इन स्पेन एण्ड इंगलैंड' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुति।
- (08 मार्च, 2019). अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार एवं जे.एन.यू. नई दिल्ली द्वारा आयोजित वूमेन्स कॉनक्लेव, 2019 में सहभागिता।
- (05–29 मार्च, 2019). मानव संसाधन विकास केंद्र, ज.ने.वि., नई दिल्ली द्वारा आयोजित रिफ्रेशर कोर्स इन ग्लोवल स्टडीज में भागीदारी।

घोष, अनिर्बाण

- (31 जुलाई, 2018). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता द्वारा मुंशी प्रेमचंद की 138 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में 'चीन में प्रेमचंदः एक आलोचनात्मक अध्ययन' विषय पर विशेष व्याख्यान।
- (13 जनवरी, 2019). प्रियदर्शिनी महिला महाविद्यालय, वर्धा द्वारा आयोजित ''25 वीं विदर्भ पर्यावरण परिषद–2019'' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'पर्यावरण की चेतना में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की पहल' विषय पर विशेष व्याख्यान।
- (25 जनवरी, 2019). यशवंत महाविद्यालय, वर्धा द्वारा ''पर्यावरणीय संरक्षण में साहित्य, समाज एवं मीडिया की भूमिका'' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'भारत और चीन में जलवायु परिवर्तनः एक संक्षिप्त अवलोकन' विषयक शोध पत्र प्रस्तुत।
- (18–19 फरवरी, 2019). ''भारत की अधिनियम पूर्व नीति के समरूप : भारत और आसीयान देशों के बीच साझेदारी में अवसरों, चुनौतियाँ एवं भविष्य के रूझान'' विषय पर कोलकाता सोसाइटी फॉर एशियन स्टडीज, कोलकाता द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'भारत और आसीयन तथा पूर्वी एशियाई देशों के बीच की सांस्कृतिक, अकादमिक संबंध बढ़ाने की सहयोग क्षेत्र' विषयक शोध पत्र प्रस्तुत।
- (01 मार्च, 2019). ''विदेशी भाषा शिक्षण और पाठ्यक्रम तैयारियाँ'' विषय पर भाषा विभाग, सामाजिक विज्ञान एवं भाषा विद्यापीठ, भेलोर तकनीकी संस्थान, तामिलनाडु द्वारा आयोजित पहला अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'भारत और चीन में विदेशी भाषा शिक्षण : एक संक्षिप्त आलोचना' विषयक शोध पत्र प्रस्तुत।
- (02 मार्च, 2019). 'महात्मा / 150' विषय पर न्यू आर्ट्स, कॉमर्स एवं विज्ञान कॉलेज, वर्धा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'थान युनषान और महात्मा गांधी के बीच संपर्क : साहित्य में चीनी लोगों का दर्शन' विषयक शोध पत्र प्रस्तुत।
- (07–08 मार्च, 2019). ''भारत में चीनी भाषा अध्ययन : वर्तमान रुझान और दृष्टिकोण'' विषय पर एशियाई भाषा विभाग, अरब एवं एशियाई अध्ययन विद्यापीठ, अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'स्वत्रंतता के पहले भारत में चीनी अध्ययन : सन् 1943 में चीनी अकादमिक एवं सांस्कृतिक प्रतिनिधि मंडल की भारत सफर का इतिहास' विषयक शोध पत्र प्रस्तुत।

जैन, सन्मति

- (14 मई–10 जून, 2018). हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा तथा यूजीसी मानव संसाधन विकास केंद्र, राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर द्वारा आयोजित ''अभिविन्यास पाठ्यक्रम'' में सहभागिता की जिसमें 'ए' श्रेणी प्राप्त किया।
- (19–25 जून, 2018). भाषा विज्ञान एवं भाषा प्रौद्योगिकी विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा आयोजित 'शब्दकोश शोधन प्रशिक्षण कार्यशाला' में सहभागिता।
- (06–02 अगस्त, 2018). संस्कृत विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा आयोजित 'संस्कृत संभाषण प्रशिक्षण कार्यशाला' में सहभागिता।
- (25 जनवरी, 2019). गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली द्वारा आयोजित 'मानवाधिकार कार्यशाला' में सहभागिता।
- (02 फरवरी, 2019). यशवंत महाविद्यालय, वर्धा द्वारा ''पर्यावरणीय संरक्षण में साहित्य, समाज एवं मीडिया की भूमिका'' विषय पर आयोजित बहुविद्याशाखीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'जापानी साहित्य एवं समाज में पर्यावरण चिंतन' विषयक शोध पत्र प्रस्तुत।
- (16–17 फरवरी, 2019). मिनिस्ट्री ऑफ एक्सटर्नल एंड अफेयर्स (Ministry of External & Embassy of Japan (Japanese Language Teachers' Training Centre, New Delhi) द्वारा तिलक महाराष्ट्र विद्यापीठ, पुणा में आयोजित Teachers Training Course C, में सहभागिता।
- (01 मार्च, 2019). भाषा विभाग, सामाजिक विज्ञान एवं भाषा विद्यापीठ, वेलोर तकनीकी संस्थान, तामिलनाडु द्वारा ''विदेशी भाषा अध्ययन–अध्यापन एवं पाठय निर्माण में नवीनतम प्रयोग'' विषय पर आयोजित पहला अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'हिंदी–भाषाओं को जापानी भाषा शिक्षण : मुद्दे एवं चुनौतियाँ विषय पर ऑनलाइन से शोध पत्र प्रस्तुत।
- (02 मार्च, 2019). न्यु आर्ट्स, कॉमर्स एंड साइंस कॉलेज, वर्धा द्वारा ''महात्मा / 150'' विषय पर आयोजित अंतरानुशासनिक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'अंडरस्टैडिंग ऑफ नॉन–वायोलेंस इन जापानीज एन इवेल्यूएशन विथ गांधीयन पर्सपेक्टिव' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत।

कुमार, संदीप

- (19–25 जून, 2018). भाषा विज्ञान एवं भाषा प्रौद्योगिकी विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा आयोजित 'शब्दकोश शोधन प्रशिक्षण कार्यशाला' में सहभागिता।
- (06–20 अगस्त, 2018). संस्कृत विभाग, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा द्वारा आयोजित 'संस्कृत संभाषण प्रशिक्षण कार्यशाला' में सहभागिता।
- (16 नवंबर–14 दिसंबर, 2018). शिक्षा विद्यापीठ, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा द्वारा पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षण एवं शिक्षण, मानव संसाधन विकास केंद्र, भारत सरकार के अतर्गत आयोजित ''संकाय अनुप्रेरणा कार्यक्रम'' में सहभागिता की एवं 'ए' श्रेणी प्राप्त किया।

- (25 जनवरी, 2019). गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित 'मानवाधिकार कार्यशाला' में सहभागिता।
- (02 फरवरी, 2019). यशवंत महाविद्यालय, वर्धा द्वारा ''पर्यावरणीय संरक्षण में साहित्य, समाज एवं मीडिया की भूमिका'' विषय पर आयोजित बहुविद्याशाखीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'जापानी साहित्य एवं समाज में पर्यावरण चिंतन' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- (19, 20, एवं 22 जनवरी, 2019). राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी महाविद्यालय, चन्दौली, वाराणसी में ''भूमंडलीकरण के युग में विदेशी भाषाएँ'', उच्च शिक्षा में विदेशी भाषाओं की भूमिका एवं विदेशी भाषाओं का हिंदी माध्यम से अध्ययन की संभावनाएँ विषयों पर विशेष व्याख्यान दिया।
- (1 मार्च, 2019). भाषा विभाग, सामाजिक विज्ञान एवं भाषा विद्यापीठ, वेलोर तकनीकी संस्थान, तमिलनाडु द्वारा ''विदेशी भाषा अध्ययन–अध्यापन एवं पाठ्य निर्माण में नवीनतम प्रयोग'' शीर्षक पर आयोजित पहला अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'हिंदी–भाषाओं को जापानी भाषा शिक्षणः मुद्दे एवं चुनौतियाँ विषय पर ऑनलाइन से शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- (2 मार्च, 2019). न्यू आर्ट्स, कॉमर्स एवं विज्ञान कॉलेज, वर्धा द्वारा ''महात्मा @ 150'' शीर्षक पर आयोजित अंतरानुशासनिक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'अफ्रीका में फ्रांसीसी उपनिवेशों में गांधीवादी विचारों का प्रभाव' विषयक शोध पत्र प्रस्तुत।

प्रकाशन

कुमार, रवि

- (मई, 2018). स्पेनिश–अंग्रेजी–हिंदी शब्दकोश, सह–संपादक, वर्धा : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय।
- (जून, 2018). 'थेओरिआ दे लास रेलासियोनेस इंतेर्नासिओनालेस एस्तादोसेंत्रिकास इ ला पारादोखा दे ला सेगूरीदाद पारा एल सूर ग्लोबाल (आसिया इ अमेरिका लातिना) वालोरासियोन क्रितिका पोर लोस रेआलिस्तान सूबाल्तेर्नो–पेरिफिकोस मोहम्मद अयूब इ कार्लास एस्कूदे, रेविस्ता आसिया अमेरिका लातिन', आन्यो 3, 3, नूमेरो 5, अर्जेंटीना : बूएनोस आइरेस विश्वविद्यालय।
- (जनवरी, 2019). 'हैट्रोटोपियाज क्रिऐटेड थ्रू मीडिया नरौटिव्य एण्ड मैन्यूफैक्चरिंग कांसेंट फॉर वूमेन एम्पावरमेंट इन साउथ एशिया', जर्नल कम्यूनिकेशन मीडिया वाच, 10 (1), उड़ीसा, भारत।

घोष, अनिर्बाण

- (मार्च, 2019). 'थान युनषान और महात्मा गांधी के बीच संपर्क : साहित्य में चीनी लोगों का दर्शन', महात्मा/150, 271–272, वर्धा : गांधी अध्ययन केंद्र।

जैन, सन्मति

- (2018). जापानी–अंग्रेजी–हिंदी शब्दकोश, वर्धा : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय।

उपलब्धियाँ

डॉ. रवि कुमार

- (जून, 2018). डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम लाइफ एचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित। यह पुरस्कार उन्हें राष्ट्र के विकास में विशिष्ट योगदान और शिक्षण, शोध एवं प्रकाशन के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने पर प्रदान किया गया है।
- (अक्टूबर, 2018). अकादमिक उत्कृष्टता राष्ट्रीय पुरस्कार।

डॉ. अनिर्बाण घोष

- (24 नवंबर–5 दिसंबर, 2016). विदेशी अध्ययन विद्यापीठ, चीनी कम्युनिकेशन विश्वविद्यालय, पेईचिङ द्वारा आयोजित "एस.ई.सी.एच. मेधा परियोजना" विषयक कार्यशाला में भाग लिया और 'हिंदी भाषा, साहित्य, भारतीय संस्कृति एवं संप्रेषण' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।
- (4 दिसंबर, 2018). हिंदी विभाग, पेईचिङ फॉरेन स्ट्डीज विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में "भारत में चीनी अध्ययन' विषय पर विशेष व्याख्यान दिया।
- (4 दिसंबर, 2018). हिंदी विभाग, पेईचिङ अंतरराष्ट्रीय अध्ययन विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में "हिंदी एवं भारतीय संस्कृति' विषय पर विशेष व्याख्यान दिया।

प्रो. वृषभ प्रसाद जैन का विवरण

नाम	पदनाम	कार्यारंभ की तिथि	योग्यता	पी–एच.डी. का शोध विषय	विशेषज्ञता का क्षेत्र
वृषभ प्रसाद जैन	प्रोफेसर/निदेशक : व्याकरण	30.06.1999	पी–एच.डी. (भाषाविज्ञान)	ए कम्पेरेटिव स्टडी ऑफ फिलमोर्र्स केस ग्रामर एंड पाणिनियन कारक सिस्ट	भाषाविज्ञान, भारतीय विद्या, प्रतीक विज्ञान, व्याकरण और कोश विज्ञान

2. साहित्य विद्यापीठ

यह विद्यापीठ भारतीय तथा विश्वसाहित्य के साथ संवाद स्थापित करने और तुलनात्मक अध्ययन एवं शोध कार्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य के प्रति समर्पित है। विद्यापीठ की मूल संकल्पना देश–दुनिया के भाषायी एवं साहित्यिक वैविध्य के पीछे सक्रिय समान मानवीय चेतना और उसकी सृजनशीलता में साम्य की धारणा पर अवलम्बित है। वैश्विक दृष्टिकोण से भाषा और साहित्य बहुविधागत है, किन्तु उनके सर्जक मानस और आस्वादक चिह्न, अपने संस्कारों के भेद के बावजूद, बुनियादी प्रकृति में एक से है। इस कारण विभिन्न भाषाओं के साहित्य के बीच संवाद की अपार संभावनाएँ हैं। इन संभावनाओं का सन्धान और शोध, विद्यापीठ की वरीयताएं हैं। साहित्य विद्यापीठ के अंतर्गत निम्नलिखित विभाग हैं –

2.1 हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग
2.2 संस्कृत विभाग
2.3 उर्दू विभाग
2.4 अंग्रेजी विभाग
2.5 मराठी विभाग
2.6 प्रदर्शनकारी कला विभाग

2.1 हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग

हिंदी साहित्य का भारतीय तथा विश्व भाषाओं के साहित्य के साथ संवाद और तुलनात्मक अध्ययन एवं शोध इस विभाग की मुख्य गतिविधियाँ हैं। विभिन्न भाषाओं के साहित्य से संवाद की संभावनाओं का संधान एवं शोध विभाग की उच्च प्राथमिकता है। विभाग में ज्ञान के विभिन्न अनुशासनों और कलाओं के साथ साहित्य के घनिष्ठ संबंध को दृष्टिगत रखते हुए अंतरानुशासनिक अध्ययन एवं शोध पर विशेष बल दिया जाता है। विभाग में तुलनात्मक साहित्य अध्ययन को वरीयता दी जाती है। इसमें हिंदी साहित्य को आधार बनाकर हिंदीतर भारतीय साहित्य एवं विश्व साहित्य के अध्ययन में तुलनात्मक साहित्य अध्ययन–पद्धति का प्रमुखता से उपयोग किया जाता है। हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग समग्रता में साहित्य के अध्ययन–अध्यापन एवं शोध के लिए प्रतिबद्ध है।

पाठ्यक्रम : • बी.ए. हिंदी (ऑनर्स) • एम.ए. हिंदी साहित्य • एम.ए. हिंदी तुलनात्मक साहित्य • एम.फिल. हिंदी साहित्य • एम.फिल. तुलनात्मक साहित्य • पीएच.डी. हिंदी साहित्य • पीएच.डी. तुलनात्मक साहित्य।

गतिविधियाँ

- (05 अक्टूबर, 2018). प्रख्यात कवि कुँवर नारायण तथा प्रख्यात आलोचक मैनेजर पाण्डेय पर श्री माहेश्वर द्वारा निर्मित दो फिल्मों का प्रदर्शन।
- (11 अक्टूबर, 2018). प्रो. लाल चंद का 'लोकतंत्र और धूमिल का काव्य' विषय पर विशेष व्याख्यान ।
- (13 दिसंबर, 2018). प्रो. अनंत मिश्र का काव्य पाठ और विशेष व्याख्यान ।
- (13 दिसंबर, 2018). प्रो. ओम प्रकाश सिंह का 'कविता कैसे पढ़ी जाए' विषय पर विशेष व्याख्यान।

प्राध्यापक विवरण

नाम	पदनाम	कार्यारंभ की तिथि	योग्यता	पी–एच.डी. का शोध विषय	विशेषज्ञता का क्षेत्र
कृष्ण कुमार सिंह	प्रोफ़ेसर	01.07.2010	पी–एच.डी.	अवतारवाद की सामाजिक पृष्ठभूमि : भक्तिकालीन हिंदी साहित्य के संदर्भ में	भक्तिकालीन साहित्य
प्रीति सागर	प्रोफ़ेसर	20.07.2009	पी–एच.डी.	मैथिलीशरण गुप्त के काव्य पर महाभारत का प्रभाव	आधुनिक हिंदी कविता
अवधेश कुमार	प्रोफ़ेसर	06.06.2017	पी–एच.डी.	विजयदेव नारायण साही और उनका साहित्य	हिंदी काव्य और समीक्षा
अखिलेश कुमार दुबे	प्रोफ़ेसर	12.05.2017	पी–एच.डी.	सतरहवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में बनारसी दास जैन के अर्द्धकथानक का सामाजिक–सांस्कृतिक परिदृश्य	मध्यकालीन हिंदी भक्ति कविता, आधुनिक हिंदी कविता, दलित आत्मकथा
रामानुज अस्थाना	सहायक प्रोफ़ेसर	21.12.2006	पी–एच.डी.	जयशंकर प्रसाद (हिंदी) और भारतीदासन (तमिल) के नाटकों का तुलनात्मक अध्ययन	भक्ति साहित्य तुलनात्मक साहित्य
अशोक नाथ त्रिपाठी	सहायक प्रोफ़ेसर	21.12.2006	पी–एच.डी.	निराला के कथा साहित्य का उत्तर आधुनिक अध्ययन	हिंदी आलोचना
उमेश कुमार सिंह	सहायक प्रोफ़ेसर	04.01.2007	पी–एच.डी.	गुरु नानक देव और संत रविदास की कविता का तुलनात्मक अध्ययन	हिंदी तुलनात्मक अध्ययन
बीर पाल सिंह यादव	सहायक प्रोफ़ेसर	10.07.2009	पी–एच.डी.	प्रगतिवादी साहित्य चिंतन और रामविलास शर्मा	हिंदी आलोचना
सुनील कुमार*	सहायक प्रोफ़ेसर	21.07.2009	पी–एच.डी.	स्वातंत्र्योत्तर हिंदी उपन्यासों में बाल मनोविज्ञान	कथा साहित्य
रूपेश कुमार सिंह	सहायक प्रोफ़ेसर	17.06.2010	डी.फिल.	रामविलास की साहित्येतिहास संबंधी मान्यताएँ और इतिहास दृष्टि	समकालीन विमर्श

(* कोलकाता केंद्र में पदस्थ)

संगोष्ठी / सम्मेलन / परिसंवाद / कार्यशाला / व्याख्यान / प्रस्तुतीकरण

सिंह, कृष्ण कुमार

- (07 जून, 2018). हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा तथा यूजीसी मानव संसाधन विकास केंद्र, राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज, नागपुर विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अभिविन्यास पाठ्यक्रम में 'साहित्य और समाज' विषय पर व्याख्यान।
- (14 दिसंबर, 2018). शिक्षा विभाग, म.गां.अं.हिं.वि.,वर्धा के फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम के अंतर्गत 'उच्चतर शिक्षा में संप्रेषण कौशल' विषय पर व्याख्यान।
- (29 जनवरी, 2019). भोजपुरी अध्ययन केंद्र, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में 'भोजपुरी लोक संस्कृति : विरासत व वर्तमान' विषय पर व्याख्यान।
- (07–09 फरवरी, 2019). हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा एवं हिंदी विभाग, कालिकट विश्वविद्यालय, केरल के संयुक्त तत्वावधान में 'इक्कीसवीं सदी में हिंदी साहित्य : प्रवृत्तियाँ एवं संभावनाएँ' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में सत्राध्यक्ष के रूप में व्याख्यान।
- (08 मार्च, 2019). हिंदी विभाग, सिक्किम विश्वविद्यालय में 'संत काव्य परंपरा और कबीर' विषय पर व्याख्यान।
- (25 मार्च, 2019). महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी, मुंबई तथा हिंदी भाषा विभाग, भाषा अध्ययन प्रशाला एवं अनुसंधान केंद्र, जलगाँव के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'हिंदी भाषा और संप्रेषण' समारोह में बीजभाषण।

सागर, प्रीति

- (21–25 मई, 2018). भाषा शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली द्वारा 'पाठ्यपुस्तक विश्लेषण' विषय पर आयोजित कार्यशाला में विषय–विशेषज्ञ के रूप में प्रतिभागिता।
- (25–29 जून, 2018). भाषा शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुंसधान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली द्वारा 'उच्चतर माध्यमिक स्तर की पाठ्यपुस्तकों का विश्लेषण' विषय पर आयोजित कार्यशाला में विषय–विशेषज्ञ के रूप में प्रतिभागिता।
- (20–30 अक्टूबर, 2018). डॉ.पी.के. राजन मेमोरियल कैम्पस, कन्नूर विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में एडजंक्ट फैकल्टी के रूप में कार्य किया।
- (14 जनवरी, 2019). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा में स्थापित हिंदी का राष्ट्रीय संसाधन केंद्र द्वारा 'बीसवीं शताब्दी की हिंदी कविता के प्रमुख प्रस्थान' विषय पर आयोजित ऑनलाइन पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में 'सरोज स्मृति : प्रथम शोकगीत' और 'कनुप्रिया : शिल्प और संवेदना' विषय पर व्याख्यान / पाठ लेखन एवं रिकार्डिंग का कार्य किया।
- (07–09 फरवरी, 2019). हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा एवं हिंदी विभाग, कालिकट विश्वविद्यालय, केरल के संयुक्त तत्वावधान में 'इक्कीसवीं सदी में हिंदी साहित्य : प्रवृत्तियाँ एवं संभावनाएँ' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'इक्कीसवीं सदी की हिंदी कहानी : प्रवृत्तियाँ एवं संभावनाएँ' विषय पर व्याख्यान दिया एवं 'इक्कीसवीं सदी का हिंदी साहित्य और नये विमर्श' सत्र की अध्यक्षता की।
- (06–08 फरवरी, 2019). हिंदी विभाग, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ (छत्तीसगढ़) द्वारा 'मध्यकालीन हिंदी कविता का अन्य ललित कलाओं से अंतर्संबंध' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'पूर्व मध्यकाल (भक्तिकाल) की कविता का चित्रकला एवं अन्य ललित कलागत अंतर्संबंध' विषय पर व्याख्यान दिया ।
- (15 फरवरी, 2019). विश्वशांति स्तूप वर्धापन दिन समारोह में विशिष्ट अतिथि एवं व्याख्यान।
- (31 मार्च–01 अप्रैल, 2019). पालि सोसाइटी ऑफ इंडिया एवं डॉ. भदंत आनंद कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन केंद्र, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में 'दि रिवाइवल ऑफ बुद्धिज्म इन मॉडर्न इंडिया' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'हिंदी साहित्य एवं महात्मा बुद्ध' विषय पर व्याख्यान एवं एक सत्र की अध्यक्षता।

कुमार, अवधेश

- (27–29 अप्रैल, 2018). हिंदी विभाग, कला संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी एवं उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में 'भारतीय सांस्कृतिक चेतना के प्रमुख आयाम और विश्वकवि तुलसीदास' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'रामहिं केवल प्रेम पियारा' विषय पर व्याख्यान।
- (14 मई–10 जून, 2018). हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा तथा यूजीसी मानव संसाधन विकास केंद्र, राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज, नागपुर विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अभिविन्यास पाठ्यक्रम में 18 मई, 2018 को 'व्यक्तित्व विकास, नैतिकता एवं अध्यापन कौशल' एवं 'प्रबंधन एवं जीवन नियोजन' और 28 मई 2018 को 'प्रबंधन एवं जीवन नियोजन' विषय पर व्याख्यान।
- (03 अगस्त, 2018). भारतीय हिंदी परिषद्, इलाहाबाद तथा हिंदी विभाग, बुन्देलखंड विश्वविद्यालय, झाँसी द्वारा आयोजित 'महाकाव्यात्मक प्रतिभा मैथिलीशरण गुप्त' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'मैथिलीशरण गुप्त के काव्य में राष्ट्रीय चेतना' विषय पर व्याख्यान।
- (16 नवंबर–14 दिसंबर, 2018). शिक्षा विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम के अंतर्गत 27 नवंबर 2018 को 'समय से कार्य के प्रति जवाबदेही' और 29 नवंबर 2018 को 'उच्च शिक्षा में गुणवत्ता' विषय पर व्याख्यान।
- (09 जनवरी, 2019). हिंदी विभाग, बी.बी.ए.यू., लखनऊ में 'हिंदी का भक्तिकाल और तुलसी' विषय पर विशेष व्याख्यान।
- (02–03 फरवरी, 2019). हिंदी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, उ.प्र. हिंदी संस्थान, लखनऊ एवं उ.प्र.

भाषा संस्थान, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'महात्मा गांधी और हिंदी साहित्य' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'गांधी पर आधारित हिंदी काव्य की विवेचना' विषय पर व्याख्यान।

- (07–09 फरवरी, 2019). हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा एवं हिंदी विभाग, कालिकट विश्वविद्यालय, केरल के संयुक्त तत्वावधान में 'इक्कीसवीं सदी में हिंदी साहित्य : प्रवृत्तियाँ एवं संभावनाएँ' पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'इक्कीसवीं सदी की हिंदी कविता : प्रवृत्तियाँ एवं संभावनाएँ' विषय पर प्रपत्र प्रस्तुत।
- (14–16 फरवरी, 2019). स्नातकोत्तर हिंदी विभाग, राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर केन्द्रीय हिंदी संस्थान, आगरा एवं उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में 'भारतीय साहित्य के विविध आयाम' विषय पर व्याख्याान एवं एक सत्र की अध्यक्षता।
- (20–22 फरवरी, 2019). हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा और भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन संस्थान, गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय, गांधीनगर के संयुक्त तत्वावधान में 'भारतीय समाज, शिक्षा और साहित्य में गांधी' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'हिंदी साहित्य में गांधी' विषय पर व्याख्यान।
- (27–28 फरवरी, 2019). हिंदी विभाग, गौहाटी विश्वविद्यालय, गुवाहाटी, एवं हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में 'भाषिक संदर्भ में हिंदी के विकास की दिशाएँ और चुनौतियाँ' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'हिंदी की विविध शैलियाँ' विषय पर व्याख्यान एवं एक सत्र की अध्यक्षता।
- (15–16 मार्च, 2019). हिंदी विभाग, मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई द्वारा 'छायावाद एक पुनर्पाठ' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'महाप्राण निराला और छायावाद' विषय पर व्याख्यान।

दुबे, अखिलेश कुमार

- (27–29 अप्रैल, 2018). हिंदी विभाग, काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा 'भारतीय सांस्कृतिक चेतना के आयाम और विश्व कवि तुलसी' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'तुलसी की भक्ति : लोकमुक्ति का साधन' विषयक शोध आलेख प्रस्तुत।
- (13–15 जनवरी, 2019). भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली, उ.प्र. हिंदी संस्थान, लखनऊ, शास्त्र विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी द्वारा 'शिक्षा दर्शन और समाज प्रासंगिक विमर्श के प्रमुख आयाम' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं लेखक शिविर में 'माध्यम का प्रश्न और शिक्षा' विषयक शोध आलेख प्रस्तुत।
- (07–09 फरवरी, 2019). हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा एवं हिंदी विभाग, कालिकट विश्वविद्यालय, केरल के संयुक्त तत्वावधान में 'इक्कीसवीं सदी में हिंदी साहित्य : प्रवृत्तियाँ एवं संभावनाएँ' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'इक्कीसवीं सदी की हिंदी कविता : संभावनाएँ एवं चुनौतियाँ' विषयक शोध आलेख प्रस्तुत।

अस्थाना, रामानुज

- (17–18 फरवरी, 2019). बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं अमृतलाल नागर सृजन पीठ, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'अमृतलाल नागर : कथा लोक और लोकभाषा' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी, में ''सुहाग के नूपुर' में 'शिलप्पदादिहारम' का अभिग्रहण' विषय पर व्याख्यान।

त्रिपाठी, अशोकनाथ

- (7–8 दिसंबर, 2018). भारतीय हिंदी परिषद, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, लखनऊ एवं बी.के. बिड़ला कला, विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कल्याण द्वारा '21 वीं सदी की कथेतर गद्य विधाएँ : दशा, दिशा और संभावनाएँ' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'हिंदी रिपोर्ताज : दशा दिशा और संभावनाएँ' विषय पर व्याख्यान।
- (7–9 फरवरी, 2019). हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र, म.गा.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'इक्कीसवीं सदी में हिंदी साहित्य : प्रवित्तियाँ और संभावनाएँ' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'इक्कीसवीं सदी के हिंदी रिपोर्ताज' विषय पर व्याख्यान।
- (15–16 मार्च, 2019). हिंदी विभाग, मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई द्वारा 'छायावाद एक पुनर्पाठ' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'निराला का काव्य लोक' विषय पर व्याख्यान।

सिंह, उमेश कुमार

- (2–3 फरवरी, 2019). हिंदी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, उ.प्र. हिंदी संस्थान, लखनऊ एवं उ.प्र. भाषा संस्थान, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में 'महात्मा गांधी और हिंदी साहित्य' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'मॉरीशस में गांधी' विषय पर व्याख्यान।
- (17–18 फरवरी, 2019). बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं अमृतलाल नागर सृजन पीठ, म.गां.अं.हिं.वि, वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में 'अमृतलाल नागर : कथा लोक और लोक भाषा' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'भूख और नाच्यों बहुत गोपाल में चित्रित जीवन का विश्लेषणात्मक अध्ययन' विषय पर व्याख्यान।

• (27–28 फरवरी, 2019). गुवाहाटी विश्वविद्यालय, गुवाहाटी एवं हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में 'भाषिक संदर्भ में हिंदी के विकास की दिशाएँ और चुनौतियाँ' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'विदेशों में हिंदी प्रचार–प्रसार' विषय पर एक सत्र की अध्यक्षता।

यादव, बीर पाल सिंह

• (01–04 मई, 2018). सेंटर ऑफ एकेडमिक लीडरशिप एण्ड मैनेजमेंट, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़, पंडित मदन मोहन मालवीय मिशन ऑन टीचर्स एंड टीचिंग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'अकादमिक नेतृत्व' विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता।

• (21–25 मई, 2018). भाषा शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली द्वारा 'पाठ्यपुस्तक विश्लेषण' विषय पर आयोजित कार्यशाला में विषय–विशेषज्ञ के रूप में प्रतिभागिता।

• (25–29 जून, 2018). भाषा शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुंसधान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली द्वारा 'उच्चतर माध्यमिक स्तर की पाठ्यपुस्तकों का विश्लेषण' विषय पर आयोजित कार्यशाला में विषय–विशेषज्ञ के रूप में प्रतिभागिता।

• (9 सितंबर, 2018). अजीम प्रेमजी फाउंडेशन लर्निंग एंड सिसोर्स सेंटर, चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) द्वारा आयोजित विशेष व्याख्यान 'स्त्री चेतना और मीरा' विषय पर दिया।

• (08–10 सितंबर, 2018). भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली तथा मीरा स्मृति संस्थान, चित्तौड़गढ़ के संयुक्त तत्वावधान में 'मीरा : दर्शन और भक्ति' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'संत कवियों का जीवन–दर्शन और मीरा की भक्ति' विषयक शोध पत्र प्रस्तुत।

• (20–30 अक्टूबर, 2018). डॉ.पी.के. राजन मेमोरियल कैंपस, कन्नूर विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में एडजंक्ट फैकल्टी के रूप में कार्य किया।

• (01–05 दिसंबर, 2018). भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला द्वारा 'गांधी और उनके समकालीन : जीवन और चिंतन' विषय पर आयोजित शरद स्कूल में सहभागिता।

• (15 फरवरी, 2019). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा में स्थापित हिंदी का राष्ट्रीय संसाधन केंद्र द्वारा 'बीसवीं शताब्दी की हिंदी कविता के प्रमुख प्रस्थान' विषय पर आयोजित ऑनलाइन पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में 'दलित कविता का भाषिक पक्ष' विषय पर व्याख्यान /पाठ लेखन एवं रिकार्डिंग का कार्य किया।

• (26 फरवरी, 2019). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा में स्थापित हिंदी का राष्ट्रीय संसाधन केंद्र द्वारा 'बीसवीं शताब्दी की हिंदी कविता के प्रमुख प्रस्थान' विषय पर आयोजित ऑनलाइन पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में 'विमर्श केंद्रित हिंदी कविता' विषय पर व्याख्यान/पाठ लेखन एवं रिकार्डिंग का कार्य किया।

• (05–06 मार्च, 2019). हिंदी एवं प्रयोजनमूलक हिंदी विभाग, स्वशासी प्रकोष्ठ, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छिंदवाड़ा एवं उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल द्वारा 'आधुनिक भारतीय समाज में वृद्धजनों की दशा और दिशा' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में बीज वक्तव्य दिया।

• (31 मार्च–01 अप्रैल, 2019). पालि सोसाइटी ऑफ इंडिया एवं डॉ. भदंत आनंद कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन केंद्र, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में 'दि रिवाइवल ऑफ बुद्धिज्म इन मॉडर्न इंडिया' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'धम्मपद में मानवता' विषयक शोध पत्र प्रस्तुत।

सिंह, रूपेश कुमार

• (07–08 फरवरी, 2019). हिंदी विभाग, कालीकट विश्वविद्यालय, केरल द्वारा आयोजित 'इक्कीसवीं सदी में हिंदी साहित्य : प्रवृत्तियाँ एवं संभावनाएँ' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'आदिवासी केंद्रित हिंदी साहित्य की प्रवृत्तियाँ' विषय पर व्याख्यान।

• (23–24 फरवरी, 2019). दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय, प्रयाग में आयोजित 'सामाजिक न्याय और विकास' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'आदिवासी साहित्य में न्याय का स्वरूप' विषय पर व्याख्यान।

• (28–30 मार्च, 2019). स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा आयोजित 'जेंडर समानता की गांधीवादी दृष्टि' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में एक सत्र की अध्यक्षता।

प्रकाशन

सिंह, कृष्ण कुमार

• (28 अप्रैल–12 मई, 2018). पुस्तकें मनुष्य की सबसे विश्वसनीय मित्र हैं, 05, अलवर : भर्तृहरि टाइम्स।

• (2018). 'चंदू, मैंने सपना देखा : मानवीय चेतना की अभिव्यक्ति', नागार्जुन (सं. अरविन्दाक्षन), 126–133, दिल्ली : विजया बुक्स, ISBN 978–93–81480–82–3.

सागर, प्रीति

• (2019). 'सवाल उठाती स्त्रियाँ', स्त्री की दुनिया (सं.), 216–226, नई दिल्ली : वाणी प्रकाशन, ISBN 9789388684–13–2.

- (2019). 'हिंदी कहानियों में वृद्ध जीवन', आधुनिक भारतीय समाज में वृद्धजनों की दशा और दिशा (सं.), 33–41, दिल्ली : जे.टी.एस. पब्लिकेशन्स, ISBN 978–9388522–41–0
- (2019). 'प्रेम बनाम साम्प्रदायिकता', साम्प्रदायिकता, धर्मनिरपेक्षता एवं साहित्यक (सं.), 196–204, नई दिल्ली : अनन्या प्रकाशन। ISBN 978–93–87145–87–0

दुबे, अखिलेश कुमार

- (01 नवंबर, 2018 –28 फरवरी, 2019). म.गां.अं.हिं.वि.,वर्धा एवं मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित 'प्रकृति, पर्यावरण और आधुनिक कविता' शीर्षक माड्यूल (चारों क्वाड्रेट्स सहित) का निर्माण, हिंदी का प्रथम ऑनलाइन पुनश्चर्या पाठ्यक्रम।
- (25 जनवरी, 2019). 'तुलसी की भक्ति : लोकमुक्ति का साधन' हिंदी समय डॉट कॉम, वर्धा : म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा, ISSN 2394–6687.

त्रिपाठी, अशोक नाथ

- (अप्रैल, 2018). 'अधूरे में पूर्ण की संभावना : चमेली', पदचिन्ह, 2, 13–17, ISSN - 2231–1351.
- (मार्च–अप्रैल, 2018). 'दीनदयाल और अंबेडकर के बहाने', पुस्तक–वार्ता, 75, 66–69, वर्धा : म.गां.अं.हिं.वि., ISSN 2349–1809.
- (मई–अगस्त, 2018). 'माटी के कवि त्रिलोचन का स्मरण', पुस्तक–वार्ता 76–77, 65–67, वर्धा : म.गां.अं.हिं.वि., ISSN 2349–1809.
- (मई, 2018). 'अर्थ का अर्थ', हिंदी समय डॉट कॉम, वर्धा : म.गां.अं.हिं.वि., ISSN - 2394–6687.
- (सितंबर–अक्टूबर, 2018). 'रचना समय पर मार्खेज की महत्वपूर्ण प्रस्तुति', पुस्तक–वार्ता, 78, 57–59, वर्धा : म.गां.अं.हिं.वि., ISSN 2349–1809.
- (नवंबर–दिसंबर, 2018). 'साहित्यकारों पर जरूरी विमर्श', पुस्तक–वार्ता, 79, 58–60, वर्धा : म.गां.अं.हिं.वि., ISSN 2349–1809.

सिंह, उमेश कुमार

- (2018). 'अप्रवासी हिंदी कविता और कथा साहित्यिक में मानवीय मूल्य', तेजेन्द्र शर्मा का रचना संसार, कानपुर : विनय प्रकाशन, ISBN–978–81–89187–61–3.
- (जुलाई–सितंबर, 2018). मॉरीशस की हिंदी कहानियों में भारतीय संस्कृति, जीवन मूल्य, प्रवासी संसार, 13
- (2018). हिंदी दलित कविता में प्रतिरोधी अभिव्यक्ति, सांस्कृतिक पुनर्जागरण।

यादव, बीर पाल सिंह

- (जून, 2018). 'सबको अमर देखना चाहता हूँ, खुद को अजर देखना चाहता हूँ', साहित्य विकल्प, 04(06), 129–136, ISSN–2394–3335)
- (2019). 'साहित्य और वृद्ध विमर्श', आधुनिक भारतीय समाज में वृद्धजनों की दशा और दिशा (सं.), 22–32, नई दिल्ली : जे.टी.एस. पब्लिकेशन, ISBN–978–93–88522–41–0
- (2019). 'साम्प्रदायिकता और पुलिस', साम्प्रदायिकता, धर्मनिरपेक्षता एवं साहित्य (सं.), 196–204, नई दिल्ली : अनन्य प्रकाशन, ISBN–978–93–87145–87–0

सिंह, रूपेश कुमार

- (01 नवंबर, 2018–28 फरवरी, 2019). 'बीसवीं शताब्दी की हिंदी कविता में प्रेम का स्वरूप' और 'बींसवीं शताब्दी की हिंदी कविता में स्त्री स्वर' विषयों पर पाठ्यनिर्माण, वर्धा : म.गां.अं.हिं.वि. एवं भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय।

उपलब्धियाँ

डॉ. उमेश कुमार सिंह

- मॉरीशस साहित्य अकादमी, मॉरीशस द्वारा अंतरराष्ट्रीय हिंदी सेवी सम्मान, 2018

2.2 संस्कृत विभाग

संस्कृत विभाग, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के साहित्य विद्यापीठ के अंर्तगत मार्च 2016 को स्थापित हुआ। विभाग का मुख्य उद्देश्य संस्कृत भाषा की समृद्धि, संस्कृत साहित्य का संरक्षण एवं व्याकरण, साहित्य, दर्शन, वेद, उपनिषद् आदि वाङ्मय का विशिष्ट अध्ययन के साथ–साथ अन्य भारतीय एवं विदेशी भाषा तथा तत्संबंधी साहित्य के साथ संबध स्थापित कर व्याकरणिक, साहित्यिक, दार्शनिक एवं सांस्कृतिक पथ को सुगम बनाना है। आधुनिक वैज्ञानिक युग में संस्कृत भाषा की वैज्ञानिकता को वैश्विक पटल पर प्रसारित कर इसकी उपादेयता को सर्वजन समक्ष समुपस्थापित करना है। संस्कृत भाषा में अंतर्निहित उन सभी वैज्ञानिक तत्वों तथा तथ्यों को समुद्घाटित कर व्यावहारिक रूप में प्रतिष्ठापित करना साथ ही अंतरानुशासनात्मक अध्ययन पर बल देना है।

संचालित पाठ्यक्रम : • बी.ए. (संस्कृत) • एम.ए. (संस्कृत) • संस्कृत भाषा में एडवांस्ड डिप्लोमा • संस्कृत भाषा में डिप्लोमा • संस्कृत भाषा में सर्टिफिकेट

गतिविधियाँ

- (06 अप्रैल, 2018). 'आलोचना के सार्वभौम मापदंड के रूप में रससिद्धांत' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. बलराम शुक्ल, सहायक प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली ने व्याख्यान दिया।
- (07 अप्रैल, 2018). 'पाणिनीयअष्टाध्यायाः भाषाशास्त्रियासंदर्भाः' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया जिसमें डॉ. बलराम शुक्ल, सहायक प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली ने अपना विशिष्ट व्याख्यान दिया।
- (06–20 अगस्त, 2018). संस्कृत संभाषण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें श्रीवरदा मालगे, संस्कृत भारती, नागपुर ने प्रशिक्षण दिया।
- (23–29 अगस्त, 2018). संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया गया।
- (15–25 जनवरी, 2019). संस्कृत नाट्य प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें श्री. आलोक चन्द्र पाण्डेय ने प्रशिक्षण दिया।

प्राध्यापक विवरण

नाम	पदनाम	कार्यारंभ की तिथि	योग्यता	पी–एच.डी. का शोध विषय	विशेषज्ञता का क्षेत्र
लेखराम दन्नाना	सहायक प्रोफेसर	28.12.2015	पी–एच.डी.	लघुशब्देन्दुशेखरव्याख्यायाः स्वरसन्ध्यन्तमंजर्याः पंचसन्ध्यन्तचन्द्रिकायाश्च विशिष्टमध्ययनम्	संस्कृत व्याकरण एवं दर्शन

संगोष्ठी / सम्मेलन / परिसंवाद / कार्यशाला / व्याख्यान / प्रस्तुतीकरण

दन्नाना लेखराम

- (06–08 अप्रैल, 2018). म.गां.अं.हिं.वि. के हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र द्वारा '21 वीं सदी में विद्यालय द्वारा शिक्षाः बदलते आयाम, हस्तक्षेप और उभरते विकल्प' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में भारतीय समाज संस्कृति और शिक्षा सत्र में सह–अध्यक्ष के रूप में सहभागिता की।
- (01–04 मई, 2018). एएमयू, अलीगढ एवं पी.एम.एम.एम.एन.एम.आय.टी, एम.एच.आर.डी., नई दिल्ली तथा शिक्षा विद्यापीठ, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा शैक्षणिक नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता की।
- (14 मई–10 जून, 2018). हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा तथा यूजीसी–मानव संसाधन विकास केंद्र, राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अभिविन्यास पाठ्यक्रम में सहभागिता की तथा 'ए' श्रेणी प्राप्त किया।
- (19–25 जून, 2018). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के भाषाविज्ञान एवं भाषा प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा शब्दकोश शोधन प्रशिक्षण कार्यशाला में सहभागिता।
- (06–20 अगस्त, 2018). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा, संस्कृत विभाग द्वारा पंचादश संस्कृत संभाषण प्रशिक्षण कार्यशाला के संयोजक के रूप में सहभागिता।
- (23–29 अगस्त, 2018). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा, संस्कृत विभाग द्वारा संस्कृत सप्ताह समारोह में संयोजक के रूप में सहभागिता।
- (19 दिसंबर, 2018). विवेकानंद केंद्र, कन्याकुमारी शाखा वर्धा के द्वारा गीता जयंती के उपलक्ष्य में 'कर्मयोग और कार्यकर्ता' विषय पर व्याख्यान।
- (22–23 जनवरी, 2019). शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 45वें कमलनयन बजाज मेमोरियल इंटर विद्यापीठ में ज्यूरी सदस्य के रूप में सहभागिता।
- (15–25 जनवरी, 2019). म.गा.अं.हिं.वि., वर्धा, संस्कृत विभाग द्वारा एकादश दिवसीया संस्कृत नाट्य प्रशिक्षण कार्यशाला में संयोजक के रूप में सहभागिता।
- (04–07 फरवरी, 2019). राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठम्, तिरुपति, (आ.प्र.) द्वारा आयोजित 13वें अखिल भारतीयसंस्कृतच्छात्रप्रातिभसमारोहः 2019

में सहभागिता।

- (2 मार्च, 2019). महिला विकास संस्था, न्यू आर्ट्स कॉमर्स एवं विज्ञान कॉलेज द्वारा अंतरानुशासनिक गांधी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 'वर्तमान और भविष्यः उभयोपकारक गांधी–दर्शन' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत।
- (15–16 मार्च, 2019). संस्कृत विभाग एवं प्राकृत भाषा, सावित्रीबाई फुले विद्यापीठ और ईश्वर आश्रम ट्रस्ट, श्रीनगर द्वारा आयोजित 'इन्फ्ल्यूएंस ऑफ कश्मीर शैविज्म ऑन इंडियन इन्टेक्चुअल ट्रेडीशन' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'व्याकरणिक कोटियों की शैवदर्शनात्मक मीमांसा' विषयक शोध पत्र प्रस्तुत।
- (24–25 मार्च, 2019). संस्कृत विभाग, कविकुलगुरु कालिदास, संस्कृत विश्वविद्यालय, रामटेक द्वारा 'द इम्पैक्ट ऑफ इंडियन फिलॉसफी इन करेंट सिनेरियो' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में माहेश्वरसूत्राभिहितस्वराणां दार्शनिकविमर्शः विषयक शोध पत्र प्रस्तुत।

प्रकाशन

दन्नाना, लेखराम

(2018). 'माहेश्वराभिहितस्वराणां दार्शनिकविमर्शः', अजंता, 25–32, अजंता प्रकाशन।

उपलब्धियाँ

- (03–07 फरवरी, 2019). राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठम, तिरुपति, (आ.प्र.) द्वारा आयोजित 13वें अखिल भारतीय संस्कृत छात्र प्रतिभा समारोह, 2019 में एम.ए.संस्कृत (द्वितीय वर्ष) के छात्र अभिषेक शाण्डिल्य तथा रमेश मालाकार को वन एक्ट प्ले तथा नृत्य स्पर्धा में तृतीय स्थान, एम.ए. संस्कृत प्रथम वर्ष के छात्र सुमीत कुमार को लोक नृत्य में प्रथम स्थान का पुरस्कार दिया गया। एम.ए. संस्कृत द्वितीय वर्ष के छात्र अभिषेक शाण्डिल्य ने एक पात्र अभिनय स्पर्धा में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। भारती साहू, जी. नवीन, पिन्टू मंडल, रिषिका, कपील रिन्के, दीपक, पूजा, गोपाल कुमार, पियूष कान्ति बरमन एम.ए.संस्कृत प्रथम वर्ष के छात्रों को नृत्य स्पर्धा में तृतीय स्थान का पुरस्कार मिला।

2.3 उर्दू साहित्य विभाग

विश्वविद्यालय के साहित्य विद्यापीठ के अंतर्गत उर्दू साहित्य विभाग वर्ष 2016 में स्थापित हुआ। विभाग का उद्देश्य मुख्यतः संस्कृति और साहित्य के महत्व एवं प्रासंगिकता से अवगत कराना है। उर्दू संस्कृति, भाषा और साहित्य के प्रति विद्यार्थियों में जागरुकता पैदा करना और साथ ही देश तथा देश के बाहर इसके विकास के प्रति कार्यरत रहना भी विभाग का प्रमुख उद्देश्य है। दूसरी भाषाओं की तुलना में उर्दू भाषा और साहित्य की विशेष खूबियों की तरफ भी उर्दू में दिलचस्पी रखनेवालों का ध्यान आकृष्ट करना भी हमारा उद्देश्य है। विभाग में विभिन्न स्तर के पाठ्यक्रम संचालित है। ये पाठ्यक्रम एम. ए. उर्दू, उर्दू भाषा में डिप्लोमा, उर्दू भाषा में सर्टिफिकेट, उर्दू भाषा में एडवांस्ड डिप्लोमा उन छात्र–छात्राओं के लिए संचालित है जो उर्दू भाषा सीखने में विशेष रुचि रखते हैं।

पाठ्यक्रम : • एम. ए. उर्दू • उर्दू भाषा में डिप्लोमा • उर्दू भाषा में एडवांस्ड डिप्लोमा • उर्दू भाषा में सर्टिफिकेट।

प्राध्यापक विवरण

नाम	पदनाम	कार्यारंभ की तिथि	योग्यता	पी–एच.डी. का शोध विषय	विशेषज्ञता का क्षेत्र
हिमांशु शेखर	सहायक प्रोफेसर	22.12.2015	पी.–एच.डी., उर्दू	ज़फर पयामी की अदबी तखलीक का फिक्री व फन्नी जायेजा	उर्दू उपन्यास

संगोष्ठी / सम्मेलन / परिसंवाद / कार्यशाला / व्याख्यान / प्रस्तुतीकरण

शेखर, हिमांशु

- (01–04 मई, 2018). अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी एवं पी.एम.एम.एम.एन.एम.टी.टी., एम.एच.आर.डी., नई दिल्ली तथा शिक्षा विद्यापीठ, म.गां.अं. हिं.वि., वर्धा द्वारा शैक्षणिक नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता।
- (14 मई–10 जून, 2018). टीएलसीएच, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा तथा यूजीसी–एमएचआरडी, आरएसटीडीएम, नागपुर विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अभिविन्यास पाठ्यक्रम में सहभागिता तथा 'ए' ग्रेड प्राप्त किया।
- (15–25 जनवरी, 2019). संस्कृत विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., द्वारा आयोजित संस्कृत नाट्य प्रशिक्षण कार्यशाला में सहभागिता।
- (02 मार्च, 2019). महिला विकास संस्था, न्यू आर्टस कॉमर्स एंड साइंस कॉलेज द्वारा अंतरानुशासनिक गांधी विषयक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 'उर्दू अदब पर गांधी के असरात' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत।

2.4 अंग्रेजी विभाग

विश्वविद्यालय के मूल उद्देश्यों की प्राप्ति में अंग्रेजी की महत्वपूर्ण, सकारात्मक एवं सहयोगी भूमिका को पहचानते हुए English for Hindi की संकल्पना के साथ मार्च 2016 में साहित्य विद्यापीठ के अंतर्गत अंग्रेजी साहित्य विभाग की स्थापना की गई। यह विभाग अपने नाम के अनुरूप विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा और साहित्य की समझ विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। विभाग न सिर्फ विद्यार्थियों को भाषायी और साहित्यिक निपुणता प्रदान कर, रोजगार के अच्छे अवसरों के रूप में उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने की सोच रखता है, बल्कि उन्हें वर्तमान प्रगतिशील समाज में सार्थक भूमिका निभाने के लिए भी तैयार करता है।

इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए विभाग द्वारा एम.ए. (अंग्रेजी साहित्य) एवं अंग्रेजी भाषा में सर्टिफिकेट / डिप्लोमा / एडवांस्ड डिप्लोमा जैसे सुसंगत और प्रासंगिक पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए हैं। ये पाठ्यक्रम भावों और विचारों की रटंत अभिव्यक्ति के बजाय मौलिक रूप से सोचने–समझने का सामर्थ्य विकसित करते हैं।

पाठ्यक्रम : ● बी.ए. अंग्रेजी ऑनर्स ● एम.ए. अंग्रेजी ● अंग्रेजी भाषा में डिप्लोमा ● अंग्रेजी भाषा में एडवांस्ड डिप्लोमा ● अंग्रेजी भाषा में सर्टिफिकेट।

प्राध्यापक विवरण

नाम	पदनाम	कार्यारंभ की तिथि	योग्यता	पी–एच.डी. का शोध विषय	विशेषज्ञता का क्षेत्र
मैत्रेयी	सहायक प्रोफेसर प्रभारी अध्यक्ष	22.12.2015	स्नातकोत्तर	–	अंग्रेजी साहित्य, अंग्रेजी में भारतीय साहित्य

संगोष्ठी / सम्मेलन / परिसंवाद / व्याख्यान / प्रस्तुतीकरण

मैत्रेयी

- (06–08 अप्रैल, 2018). म.गां.अं.हिं.वि. के हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र द्वारा '21 वीं सदी में विद्यालय द्वारा शिक्षा : बदलते आयाम, हस्तक्षेप और उभरते विकल्प' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में भारतीय समाज संस्कृति और शिक्षा सत्र में सह–अध्यक्ष के रूप में सहभागिता।
- (01–04 मई, 2018). अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी एवं पी.एम.एम.एम.एन.एम.टी.टी., एम.एच.आर.डी., नई दिल्ली तथा शिक्षा विद्यापीठ, म.गां.अं.हिं., वर्धा द्वारा शैक्षणिक नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता।
- (14 मई–10 जून, 2018). टीएलसीएच, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा तथा यूजीसी–एमएचआरडी, आरएसटीडीएम, नागपुर युनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अभिविन्यास पाठ्यक्रम में सहभागिता तथा 'ए' ग्रेड प्राप्त किया।
- (31 अगस्त–09 सितंबर, 2018). अंग्रेजी विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., द्वारा 'स्ट्रेंथेनिंग बेसिक इंग्लिश लैंग्वेज स्किल्स थ्रू थियेटर एक्सपीरिएंसेज' विषय पर आयोजित कार्यशाला में संयोजक के रूप में सहभागिता।
- (19–20 दिसंबर, 2018). अंग्रेजी विभाग, डीएवी पीजी, कॉलेज द्वारा आयोजित और आईसीएसएसआर, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित डिबेटिंग द पोस्ट–ट्रूथ फिनोमिनॉन : इंडियन लिट्रेचर कल्चर एंड क्रिटिकल डिस्कोर्स' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 'पोस्ट ट्रूथ फिनोमिनॉन : ए रियलिटी ऑर मिथ इन' विषयक आलेख प्रस्तुत।
- (28–30 मार्च, 2019). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली एवं हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र द्वारा प्रायोजित 'जेंडर समानता की गांधीवादी दृष्टि : सामर्थ्य संभावनाएं चुनौतियां' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में सह–अध्यक्ष के रूप में सहभागिता।

2.5 मराठी विभाग

मराठी भाषा सभी प्रादेशिक भाषाओं में एक महत्वपूर्ण भाषा है। मराठी भाषा में प्राचीन काल से भरपूर मात्राओं में साहित्य लेखन किया जा रहा है। मराठी भाषा का साहित्य सभी भारतीय भाषाओं अनुवाद के माध्यम से प्रसारितं हुआ है। मराठी साहित्य के सभी विधाओं हिंदी और अग्रेजी में विपुल मात्रा में अनुवाद हुआ है और मराठी भाषा का साहित्य विश्व के कोने–कोने में पहुंच गया है। महाराष्ट्र में राजकाज की भाषा मराठी है। मराठी भाषा में उच्च शिक्षा और अनुसंधान की स्थिति अन्य भाषाओं की तुलना में बेहतर है। तकनीकी रूप में भी मराठी भाषा अन्य भाषाओं से काफी आगे है। मराठी भाषा में ई–गवर्नेंस का प्रयोग सफल हो रहा है। उपरोक्त बिंदुओं को ध्यान में रखकर विश्वविद्यालय में मराठी भाषा और साहित्य के अध्ययन हेतु प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम चलाने हेतु मराठी विभाग की स्थापना सत्र 2015–16 से की गई है।

पाठ्यक्रम : • एम.ए. मराठी • मराठी भाषा में डिप्लोमा • मराठी भाषा में एडवांस्ड डिप्लोमा • मराठी भाषा में सर्टिफिकेट

गतिविधि

• (27 फरवरी, 2019). 'मराठी भाषा दिवस' समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रो. निशा शेंडे ने विचार व्यक्त किए।

प्राध्यापक विवरण

नाम	पदनाम	कार्यारंभ की तिथि	योग्यता	पी–एच.डी. का शोध विषय	विशेषज्ञता का क्षेत्र
धर्मेन्द्र एन. शंभरकर	सहायक प्रोफेसर*	04.08.2017	एम.फिल.		मराठी भाषा, दलित एवं संत साहित्य

(* मराठी विभाग के प्रभारी, शिक्षा विभाग में पदस्थ)

2.6 प्रदर्शनकारी कला विभाग (फिल्म एवं नाटक)

नाट्यकला और फिल्म अध्ययन के क्षेत्र में विशिष्ठ तथा उच्च गुणवत्तापूर्ण शोध कार्य के उद्देश्य से उन कुछ महत्वपूर्ण विभागों में है जहां फिल्म तथा नाट्यकला का अध्ययन स्नातकोत्तर स्तर पर एक साथ किया जाता है। साथ ही एम.फिल. तथा पी–एच.डी. स्तर नाट्यकला और फिल्म अध्ययन के विशिष्ठ क्षेत्रों में अंतरानुशासनिक शोध अध्ययन का अवसर प्रदान करता है। पिछले कुछ वर्षों से विभाग द्वारा स्नातकोत्तर स्तर पर फिल्म निर्माण तथा अभिनय और मंच विन्यास जैसे रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों में मुख्य रुप से नाट्यकला तथा फिल्म निर्माण के क्षेत्र में रोजगार के विशेष अवसर प्रदान करेगा। विभाग द्वारा अंतर अनुशासनिक अध्ययन एवं शोध को भी उत्साहित किया जाता है। विभाग अपने पाठ्यक्रमों का संचालन राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय ख्याति के अतिथि विशेषज्ञों, अध्यापकों के अलावा राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, राष्ट्रीय अकादमी तथा अन्य उच्च स्तरीय संस्थानों के अनुभवी अध्यापकों के सहयोग से करती है!

पाठ्यक्रम : • बी.वोक. (फिल्म निर्माण) • बी .वोक. (अभिनय एवं मंच विन्यास) • एम.ए. प्रदर्शनकारी कला (फिल्म एवं नाटक)
• एम.फिल. प्रदर्शनकारी कला (फिल्म एवं नाटक) • पी–एच.डी. प्रदर्शनकारी कला (फिल्म एवं नाटक)

गतिविधियाँ

• (13–14 अगस्त, 2018). ख्यातिलब्ध फिल्म समीक्षक सुश्री लक्ष्मी देशाई बोस्टन अमेरिका का विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया।
• (14–17 अगस्त, 2018). श्री प्रोबीर गुहा कोलकाता के मार्गदर्शन में 'अभिनय' की विशेष कार्यशाला आयोजित की गई।
• (20–22 अगस्त, 2018). 'व्यक्तित्व विकास और सम्प्रेषण कौशल' विषय पर आयोजित कार्यशाला में डॉ.सुरेखा ठक्कर ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।
• (21–31 अगस्त, 2018). नाट्य प्रशिक्षण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें श्री मंजुल भरद्वाज ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।
• (25–29 सितंबर, 2018). 'वस्त्र विन्यास' विषय पर आयोजित कार्यशाला में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से स्नातक सुश्री अंजू जेटली ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।
• (18 अक्टूबर, 2018). 'दृश्य विन्यास' विषय पर विशेष कार्यशाला में प्रो.महेन्द्र कुमार ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।
• (13 नवंबर, 2018). श्री ब्रम्ह प्रकाश ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।
• (27–29 नवंबर, 2018). फोटोग्राफी (सैद्धांतिक तथा व्यावहारिक) विषय पर आयोजित कार्यशाला में श्री शेखर सोनी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

नाट्य निर्माण :

संगोष्ठी, कार्यशाला, अधिवेशन के अलावा विभाग के अध्यापकों और विद्यार्थियों द्वारा निम्न नाटकों का निर्माण और प्रदर्शन किया गया–

• 'गांधी एक यात्रा' नाटक का प्रदर्शन 1 सितंबर, 2018 को मगांअंहिंवि, वर्धा में किया गया।
• 'भारतेंदु चरित' नाटक का प्रदर्शन 9 सितंबर, 2018 को मगांअंहिंवि, वर्धा में किया गया।

शोध परियोजना

• डॉ. सतीश पावड़े ने 'मेलघाट की लोककला : लोक संस्कृति का दस्तावेजीकरण', संगीत अकादेमी, नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त परियोजना कार्य को जनवरी 2019 में संपन्न किया।

प्राध्यापक विवरण

नाम	पदनाम	कार्यारंभ की तिथि	योग्यता	पी–एच.डी. का शोध विषय	विशेषज्ञता का क्षेत्र
ओमप्रकाश भारती	सह प्रोफेसर	04.04.2012	पी–एच.डी. नाट्य कला	पूर्वांचलीय लोकनाट्य परम्परा में नटुआ नाच : अध्ययन और विश्लेषण	नाटक, फिल्म
सतीश पावड़े	सहायक प्रोफेसर	15.07.2010	पी–एच.डी. नाटक (रंगमंच)	मराठी नाटकों पर एब्सर्ड थिएटर का प्रभाव	नाटक, फिल्म, जनसंचार एवं प्राचीन कला इतिहास
विधु खरे दास	सहायक प्रोफेसर*	12.03.2012	पी–एच.डी. थियेटर	स्वातंत्र्योत्तर हिंदी नाटककारों के तथ्य व शिल्प का अध्ययन : प्रमुख आधुनिक पश्चिमी रंग सिद्धांतों के संदर्भ में।	नाटक

(*विश्वविद्यालय के प्रयागराज (इलाहाबाद) केंद्र में कार्यरत)

संगोष्ठी / सम्मेलन / परिसंवाद / कार्यशाला / व्याख्यान / प्रस्तुतीकरण

भारती, ओम प्रकाश

- (3 जुलाई, 2018). डुडली स्कूल, सुवा, फ़िजी में 'भारतीय शास्त्रीय नृत्य' विषय पर विशेष व्याख्यान तथा प्रदर्शन।
- (22 अगस्त, 2018). भारतीय उच्चायोग, सुवा तथा फ़िजी सरकार द्वारा सुवा में आयोजित हिबिकस फेस्टिवल में 'भारत की सांस्कृतिक परंपराएँ' विषय पर व्याख्यान।
- (5 सितंबर, 2018). स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र, भारतीय उच्चायोग, सुवा में शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में 'शिक्षकों की सामाजिक भूमिका तथा एस. राधाकृष्णन' विषय पर व्याख्यान।
- (13 सितंबर, 2018). फ़िजी नेशनल यूनिवर्सिटी, लटौका तथा हिंदी परिषद, फ़िजी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में 'गिरमिटया की प्रदर्शनकारी परंपराएँ' विषय पर व्याख्यान।
- (02 अक्तूबर, 2018). महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती पर यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ पेसेफिक, सुवा व भारतीय उच्चायोग, सुवा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में 'विश्व शांति के प्रतीक महात्मा गांधी' विषय पर विशेष व्याख्यान।
- (11 नवंबर, 2018). गिरमिट दिवस के उपलक्ष्य में लम्बासा, फ़िजी में आयोजित कार्यक्रम में 'महात्मा गांधी और इंडेचर्ड लेबरर सिस्टम का उन्मूलन' विषय पर व्याख्यान।

पावड़े सतीश

- (19–20 नवंबर, 2018). इंदिरा कला, संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ (छ.ग.) द्वारा 'भारतीय रंग परंपरा में आधुनिक बोध' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'संस्कृत रंगमंच में आधुनिकता का बोध' विषयक शोध पत्र प्रस्तुत।
- (21–22 फरवरी, 2019). हिंदी संगम फाउंडेशन, अमेरिका तथा हिंदी विभाग, सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय, पुणे के संयुक्त तत्वावधान में '21 वीं सदीं में हिंदी शिक्षण के नए आयाम' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'हिंदीतर प्रदेशों में हिंदी शिक्षण : नाट्यकला के विशेष संदर्भ में' विषयक शोध पत्र प्रस्तुत।
- (28 फरवरी, 2019). डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद तथा देवगिरी महाविद्यालय, औरंगाबाद, के संयुक्त तत्वावधान में 'आज की मराठी समीक्षा' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की जीवनवादी नाट्यसमीक्षा' विषयक शोध पत्र प्रस्तुत।
- (2 मार्च, 2019). न्यू आर्टस, कॉमर्स एंड साइंस कॉलेज, वर्धा तथा रा.तु.म. नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में 'महात्मा गांधी@150' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'नाटक और फिल्मों की गांधी दृष्टि' विषयक शोध पत्र प्रस्तुत।
- (28–30 मार्च, 2019). म.गां.अं.हिं.वि.,वर्धा द्वारा 'गांधीवादी दृष्टि : साहित्य और समाज' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'जेंडर समानता की गांधीवादी दृष्टि' विषयक सत्र में अध्यक्षीय वक्तव्य।

प्रकाशन

भारती, ओम प्रकाश

- (जुलाई–दिसंबर, 2018). 'फ़िजी के गिरमिटियों की लोक कलाएँ', नाट्य भारती, नई दिल्ली : सागर कलर स्केन एंड प्रिंटर्स, ISSN : 2321.130X
- (जनवरी–जून, 2019). 'फ़िजी की रामलीला–प्रदर्शन एवं शिल्प', नाट्य भारती, नई दिल्ली : सागर कलर स्केन एंड प्रिंटर्स, ISSN : 2321.130X

पावड़े, सतीश

- (जुलाई–अक्टूबर, 2018). 'प्रतिरोध का नाटक बनाम प्रचार तंत्र का नाटक', सृजन समय, 42–45, वर्धा : सृजन समय, ISSN : 2456.77JX
- (जुलाई, 2018). 'सहृदय विजया', शब्दसृष्टि, 6, 68, नवी मुंबई : शब्दसृष्टि।

- (अगस्त, 2018). 'नाट्य प्रशिक्षण में निर्माणवाद', ऋणानुबंध, 238–241, ग्वालियर : आर्टिस्ट कम्बाइन।
- (सितंबर , 2018). 'द थियेटर ऑफ द एब्सर्ड, आलोचना', नागपुर : विजय प्रकाशन।
- (अक्टूबर–दिसंबर, 2018). 'भरत के नाट्यशास्त्र में भाषा की राजनीति, अजंता, VII (IV), 42–46, औरंगाबाद : अजंता प्रकाशन ISSN : 2277. 5730
- (अक्टूबर–दिसंबर, 2018). 'खैरलांजी का अन्वयार्थ : धावांत खैरलांजी', सम्यकवाणी, 13–15, नागपुर : सम्यकवाणी प्रकाशन।
- (दिसंबर, 2018).'नाट्य प्रसंग, आलोचना', नागपुर : आकार प्रकाशन।
- (जनवरी–फरवरी, 2019). 'मराठी रंगमंच का पूर्वार्ध : स्त्री कलाकारों का सर्जनात्मक प्रतिरोध', जनकृति, 45–46, 94–98, रांची : जनकृति, ISSN : 2454.2725
- (जनवरी–मार्च, 2019) 'डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की जीवनवादी नाट्यसमीक्षा, अंजताए टप्प्;प्द्धए 136–139, औरंगाबाद : अंजता प्रकाशन, ISSN : 2277.5730
- (फरवरी, 2019). 'फुले–आंबेडकरांची कलादृष्टि', प्रबुद्ध भारत, 13, मुंबई : प्रबुद्ध भारत।
- (मार्च, 2019). 'नाटक और फिल्मों की गांधी दृष्टि', प्रिंट एरिया, स्पेशल इश्यू, 239–243, वर्धा : गांधी स्टडी सेंटर, ISSN : 2319.9318
- (मार्च, 2019). 'गिरीश कर्नाड की नाट्यदृष्टि', वसंत, 10–14, मुंबई : वसंत प्रकाशन।
- (मार्च, 2019). 'मराठी रंगमंच और भूमंडलीकरण का यथार्थ', अक्षरनामा, 40–50, नागपुर : अखिल भारतीय मराठी साहित्य महामंडल।

उपलब्धियाँ

डॉ. ओम प्रकाश भारती

- सांस्कृतिक राजनयिक के रूप में भारतीय उच्चायोग, फ़िजी में विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रतिनियुक्त।

डॉ. सतीश पावड़े

- 16 दिसंबर, 2018 को श्रेयस सार्वजनिक वाचनालय, हिंगणघाट में श्रेयस नाट्यकला गौरव पुरस्कार, 2018 (राज्यस्तरीय) से सम्मानित।
- 16 मार्च, 2019 को मातोश्री सूर्यकांतादेवी पोटे चैरिटेबल ट्रस्ट, अमरावती में मराठी वाङ्मय पुरस्कार, 2019 (राज्यस्तरीय) से सम्मानित।

3. संस्कृति विद्यापीठ

यह विद्यापीठ संस्कृति एवं समाज विज्ञान के अन्य विमर्शों को समाहित करते हुए बहुसांस्कृतिक अकादमिक विकास के प्रति समर्पित है। विश्वविद्यालय की भूमिका को निश्चित करने तथा यहाँ संचालित कार्यक्रमों के लिए गांधी दृष्टि के साथ यह विद्यापीठ शांतिपूर्ण विकास के मूल्यों का मार्ग प्रशस्त करता है। आज के यथार्थ को स्वीकारते हुए मूलवासियों एवं आदिवासियों की जीवन दृष्टि को, स्त्री, दलित एवं अन्य दमित वर्गों के सामाजिक न्याय प्राप्त करने के संघर्ष को अकादमिक बहसों के जरिए सामने लाना इस विद्यापीठ की समग्र दृष्टि एवं कार्यक्रमों का अभिन्न हिस्सा है। इस विद्यापीठ के अंतर्गत निम्न विभाग और केंद्र हैं :

3.1 गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग
3.2 स्त्री अध्ययन विभाग
3.3 डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर–सिदो कान्हू मुर्मू दलित एवं जनजातीय अध्ययन केंद्र
3.4 डॉ. भदंत आनंद कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन केंद्र

3.1 गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग

गांधी एवं शांति अध्ययन भारत में सामाजिक विज्ञानों के अध्ययन के क्षेत्र में एक प्रभावशाली कदम है। यह विषय गांधी की अवधारणा और शांति से इसकी संबद्धता को व्यापक दायरे में समझने की एक दृष्टि देता है। अंतरानुशासानिक चरित्र का यह पाठ्यक्रम गांधी की अवधारणा उसकी चुनौतियाँ, मानव सुरक्षा, नैतिक दृष्टि, सुशासन, विकेन्द्रीकरण, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण एवं इसकी राजनीति के साथ–साथ भू–राजनीति एवं सतत् विकास की शिक्षा को अपने में शामिल करता है। यह विषय विद्यार्थी को विकास, सतत विकास एवं शांति के साथ उसकी संबद्धता को शिक्षण, शोध एवं विस्तार के व्यापक कार्यक्रमों तक पहुँचाता है। गांधी एवं शांति के विभिन्न पहलुओं को व्यापक दृष्टि से व्याख्यायित करने वाला यह पाठ्यक्रम न सिर्फ विद्यार्थियों के कौशल एवं क्षमता निर्माण में वृद्धि करता है, बल्कि उन्हें विकास एवं शांति के क्षेत्र में आने वाली समस्याओं और चुनौतियों को वैश्विक संदर्भ में समझकर स्थानीय स्तर पर उसके समाधान के लिये प्रेरित भी करेगा और साथ ही देश और समाज के नीति–निर्धारण एवं विकास की नई रणनीति तय करने में मददगार भी होगा। गांधी के मूल्यों एवं सिद्धांतों के प्रति गंभीर अध्ययन व शोध के साथ–साथ मानवता के लिए प्रतिबद्धता पैदा करने के उद्देश्य से यह पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। अंतरानुशासनिक पद्धति से तैयार यह पाठ्यक्रम संपूर्ण मानविकी एवं समाज वैज्ञानिक अध्ययन का ऐसा सम्मिलित अध्ययन प्रस्तुत करता है, जो अब तक के ज्ञानानुशासनों को देखने व समझने की नई दृष्टि देता है।

पाठ्यक्रम : • गांधी एवं शांति अध्ययन में एम.ए. • गांधी एवं शांति अध्ययन में एम.फिल.
• गांधी एवं शांति अध्ययन में पी–एच.डी. • गांधी एवं शांति अध्ययन में पी.जी. डिप्लोमा।

गतिविधियाँ

- (31 जुलाई, 2018). राजेश कुमार यादव ने प्रेमचंद जयंती : परिप्रेक्ष्य गांधी विषय पर व्याख्यान दिया।
- (09 अगस्त, 2018). नई तालीम समिति के अध्यक्ष डॉ. सुगन बरंठ ने 'भारत छोड़ो आंदोलन का दार्शनिक पक्ष' विषय पर व्याख्यान दिया।
- (04 अक्टूबर, 2018). प्रो. नंद किशोर आचार्य ने 'मानवाधिकार के दार्शनिक पक्ष' विषय पर व्याख्यान दिया।
- (16 जनवरी, 2019). बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी के राजनीति विज्ञान विभाग की प्रो. रजनी रंजन झा ने 'प्रधान मंत्री कार्यालय : विकास एवं आकलन' विषय पर व्याख्यान दिया।
- (25 जनवरी, 2019). मानवाधिकार विषय पर प्रो. विजेंद्र कुमार, प्रो. मनोज कुमार, डॉ. एम.एल कासारे तथा डॉ. सुरेश खैरनार ने व्याख्यान दिए।
- (26 मार्च, 2019). प्रो. नंद किशोर आचार्य ने 'पत्रकारिता एवं राष्ट्रवाद' विषय पर व्याख्यान दिया।

प्राध्यापक विवरण

नाम	पदनाम	कार्यारंभ की तिथि	योग्यता	पी–एच.डी. का शोध विषय	विशेषज्ञता का क्षेत्र
नृपेंद्र प्रसाद मोदी	प्रोफेसर	22.03.2007	पी–एच.डी. गांधी विचार	सर्वोदय विचार में लोक नीति का स्वरूप :एक समीक्षात्मक अध्ययन	गांधी एवं शांति अध्ययन, राजनीति
राकेश कुमार मिश्रा	सहायक प्रोफेसर	16.03.2007	पी–एच.डी. अहिंसा एवं शांति अध्ययन	गांधीजी और किसान आंदोलन	शांति अध्ययन, इतिहास मीडिया
मनोज कुमार राय	सहायक प्रोफेसर	16.03.2007	पी–एच.डी. गांधी अध्ययन	आधुनिक युग में योग और शांति की गांधीवादी अवधारणा की प्रासंगिकता	कानून गांधीविचार और दर्शन शास्त्र
डी. एन. प्रसाद	सहायक प्रोफेसर	20.03.2007	पी–एच.डी. हिंदी साहित्य पी–एच.डी. गांधी विचार	धर्मवीर भारती के उपन्यास, निबंध एवं कहानियाँ महात्मा गांधी का शैक्षणिक चिंतन	गांधी साहित्य एवं शांति अध्ययन तथा गांधी दर्शन, फिल्म और पत्रकारिता
चित्रा माली	सहायक प्रोफेसर	15.06.2010	पी–एच.डी. अहिंसा एवं शांति अध्ययन	अहिंसक प्रतिरोध के बदलते स्वरूप	अहिंसा एवं शांति अध्ययन, मानवाधिकार

संगोष्ठी / सम्मेलन / परिसंवाद / कार्यशाला / व्याख्यान / प्रस्तुतीकरण

मोदी, नृपेन्द्र प्रसाद

- (21–27 जून, 2018). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा आयोजित योग कार्यशाला में सहभागिता।
- (23–27 अक्टूबर, 2018). सिद्धगिरि गुरुकुल ज्ञानपीठ, कणेरी मठ, कोल्हापुर, महाराष्ट्र एवं गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ग्राम स्वरा सम्मेलन में एक सत्र की अध्यक्षता।
- (20–22 फरवरी, 2019). हिन्दी शिक्षण अधिगम केंद्र, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा, भाषा साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन संस्थान, गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय, गांधी नगर के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय समाज, शिक्षा और साहित्य में गांधी विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में एक सत्र की अध्यक्षता एवं 'साहित्य में गांधी' पर शोध पत्र प्रस्तुत।
- (30 मार्च, 2019). म.गां. शिक्षा एवं कल्याण समिति, परभनी और महात्मा गांधी अध्ययन केन्द्र, एम.पी.मंडल डिग्री कॉलेज, औरगांबाद द्वारा आयोजित समेलन में 'आधुनिक युग में गांधी सत्याग्रह की प्रासंगिकता' विषय पर प्रपत्र वाचन।

मिश्रा, राकेश कुमार

- (26–28 अप्रैल, 2018). स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा, भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली एवं हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र द्वारा प्रायोजित 'जेंडर समानता की गांधीवादी दृष्टि : सामर्थ्य संभावनाएँ एवं चुनौतियाँ' विषय पर आयोजित कार्यशाला में सहभागिता।
- (26–28 अप्रैल, 2018). महात्मा गांधी फ्यूजी गुरुजी सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा तथा गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 'बा–बापू 150वीं जयंती' पर कार्यक्रम हेतु आयोजित कार्यशाला में सहभागिता।
- (02 अक्टूबर, 2018). गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'गांधी का आलोक' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में 'गांधी और राजनीति' विषयक पत्र प्रस्तुत।
- (16 दिसंबर 2018). भारत भवन, भोपाल में कहानी और जीवन विषय पर विशेष व्याख्यान।
- (12 जनवरी, 2019). साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली द्वारा आयोजित बहुभाषिक कथा पाठ में हिंदी साहित्य का प्रतिनिधित्व एवं कहानी पाठ।
- (25 जनवरी, 2019). गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा आयोजित मानवाधिकार कार्यशाला का संयोजन।
- (29–30 जनवरी, 2019). एशियॉटिक सोसायटी ऑफ इंडिया में 'डेव्लपमेंट ऑफ हिंदी लैंग्वेज इन बंगाल' विषय पर विशेष व्याख्यान।
- (12–21 फरवरी, 2019). म.गां.अं.हिं.वि.वि., वर्धा और महात्मा गांधी ग्रामीण शिक्षा परिषद, हैदराबाद के संयुक्त तत्वाधान में ग्रामीण सामुदायिक सहभागिता विषय पर आयोजित संकाय विकास कार्यक्रम में सहभागिता।
- (19–24 फरवरी, 2018). गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि.वि., वर्धा और जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज, जमशेदपुर, कोल्हान विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'शोध प्रविधि का आधार पाठ्यक्रम' पर व्याख्यान।
- (25 फरवरी, 2019). लक्ष्मीबाई शासकीय महिला महाविद्यालय एवं केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'संत काव्य धारा में स्त्री चिंतन' विषय पर विशेष व्याख्यान।
- (28–30 मार्च, 2019). म.गां.अं.हिं.वि.वि., वर्धा, भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली एवं गांधी विचार परिषद, वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में 'जेंडर समानता की गांधीवादी दृष्टि : सामर्थ्य, संभावनाएं एवं चुनौतियाँ' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में एक सत्र की अध्यक्षता।

प्रसाद, डी.एन.

- (26–28 अप्रैल, 2018). महात्मा गांधी फ्यूजी गुरुजी सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा तथा गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में बा–बापू 150वीं जयंती वर्ष पर कार्यक्रम हेतु आयोजित कार्यशाला में सहभागिता।
- (28–30 जुलाई, 2018). मध्यप्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, भोपाल द्वारा आयोजित पच्चीसवीं पावस व्याख्यान माला में 'अंधायुग का प्रेरक प्रतिपाद्य' विषय पर व्याख्यान।
- (02 अक्टूबर, 2018). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा गांधी–150वीं के परिप्रेक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'सत्य का आलोक : परिप्रेक्ष्य गांधी' विषय पर प्रपत्र वाचन।
- (10 दिसंबर, 2018). लोक महाविद्यालय, वर्धा (राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर) द्वारा गांधी 150वीं के परिप्रेक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'महात्मा गांधी और मानवाधिकार' विषय पर प्रपत्र वाचन।
- (11–13 जनवरी, 2019). प्रियदर्शिनी महिला महाविद्यालय, वर्धा (राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर) द्वारा 25वीं विदर्भ पर्यावरण परिषद, 2019 में सहभागिता एवं 'पर्यावरण चेतना की परिधि महिला' विषय पर प्रपत्र वाचन।
- (25 जनवरी, 2019). गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा आयोजित 'मानवाधिकार कार्यशाला' में सहभागिता।
- (02 फरवरी, 2019). यशवंत महाविद्यालय, वर्धा (राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर) द्वारा 'पर्यावरण संरक्षण में साहित्य, समाज और मीडिया की भूमिका' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'गांधी का पर्यावरण चिंतन' विषय पर प्रपत्र वाचन।
- (20–22 फरवरी, 2019). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा एवं गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 'भारतीय समाज, शिक्षा और साहित्य में गांधी' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'गांधी की वाग्मिता' शीर्षक से प्रपत्र वाचन।
- (02 मार्च, 2019). न्यू आर्ट्स, कॉमर्स एंड साइंस कॉलेज, वर्धा (राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर) द्वारा आयोजित

महात्मा @150 विषयक अंतरराष्ट्रीय अधिवेशन में 'गांधी विचार : पाठ्यक्रम संरचना' शीर्षक से प्रपत्र वाचन।

माली, चित्रा

- (02 अक्टूबर, 2018). गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'गांधी का आलोक' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में 'गांधी और राजनीति' विषयक पत्र प्रस्तुति।
- (25 जनवरी, 2019). गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय मानवाधिकार कार्यशाला में सहभागिता।
- (12–21 फरवरी, 2019). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा और महात्मा गांधी ग्रामीण शिक्षा परिषद, हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में ग्रामीण सामुदायिक सहभागिता विषय पर आयोजित दस दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम में सहभागिता।
- (28–30 मार्च, 2019). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा, भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली एवं गांधी विचार परिषद, वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में 'जेंडर समानता की गांधीवादी दृष्टि : सामर्थ्य, संभावनाएँ एवं चुनौतियाँ' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में 'आर्थिक सत्ता और ब्यूटी मिथ' विषय पर संयुक्त पत्र वाचन।

प्रकाशन

मोदी, नृपेन्द्र प्रसाद

- (अप्रैल, 2018). 'महाराष्ट्र के भक्त राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज', पद्चिन्ह, 7 (2), वाराणसी, ISSN: 2231.1351
- (04 अप्रैल, 2018). 'गांधी तिलक की विरासत : जय प्रकाश', न्यूमेन, 5 (4) परभणी : न्यूमेन पब्लिकेशन, ISSN: 2348.1390
- (मार्च, 2019). 'आधुनिक युग में गांधी सत्याग्रह की प्रासंगिकता', स्कॉलर्स इन्पॅक्ट, 6 (1), 62–65

मिश्रा, राकेश कुमार

- (2019). 'नागरी सभ्यता' (कहानी संग्रह), पंचकूला : आधार प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, ISBN: 978.93.87555.39.6

प्रसाद, डी.एन.

- (2018). 'आलोचना का लोचन आलोकित होता है, डॉ. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी की आलोचनाधर्मिता से', अभिनव इमरोज : व्यक्ति विषेष दस्तावेज –2 (सं.), 340–343, नई दिल्ली : सभ्या प्रकाशन। ISBN :978.93.83785.42.1
- (2018). 'शिक्षा का माध्यम एवं भाषा नीति पर गांधी का चिंतन', गांधी–दृष्टि : युवा रचनात्मकता के आयाम (सं.), 214–241, नई दिल्ली, भारतीय ज्ञानपीठ। ISBN :978.93.263.5551.3
- (2018). 'गांधी संचयन' (सं.), नई दिल्ली : सस्ता साहित्य मंडल प्रकाशन। ISBN: 78.81.7309.721.8
- (2018). 'रंग निर्देश', दिल्ली : प्रिय साहित्य सदन, ISBN: 978.93.82699.45.3
- (2018). 'आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के उपन्यासों में मानवतावाद', दिल्ली : प्रिय साहित्य सदन, ISBN: 978.93.82699.46.0
- (अप्रैल, 2018). 'शिक्षा का वैचारिक कुंभ', पुस्तक–वार्ता, 75, 32–35, वर्धा : म.गां.अं.हिं.वि., ISSN: 2349.1809
- (अप्रैल, 2018). 'सामाजिक संघर्ष से युद्ध करती कहानियाँ, सुसंभाव्य, 3 (11), 16, भागलपुर : सुसंभाव्य प्रिंटिग प्रेस, ISSN: 2321.3922
- (जुलाई, 2018). 'बहादुर पान... आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के अंतिम शब्द', वाणी, 91 (7), 11–16, इन्दौर : श्री मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति, ISSN: 2230.9209
- (जुलाई, 2018). 'समाज में उठने वाली ध्वनियाँ पकड़ने वाले कवि त्रिलोचन और चम्पा', प्रयाग–पथ, 4 (6), 68–71, इलाहाबाद : प्रयाग पथ कार्यालय, ISSN: 2395.4000
- (जुलाई–सितंबर, 2018). 'आचार्य शुक्ल की करुणा की व्याख्या', चिंतन सृजन, 16 (1), 7–12, दिल्ली : आस्था भारती, ISSN: 0973.1490
- (अगस्त, 2018). 'कथा की त्र्यबंक दृष्टि', समावर्तन, 11 (5), 33–34, उज्जैन : समावर्तन कार्यालय, ISSN: 2348.8638
- (दिसंबर, 2018). 'गांधी दर्शन की अहिंसा', अणुव्रत, 64 (3), 16–18, नई दिल्ली : अणुव्रत महासमिति।
- (जनवरी, 2019). 'गांधी की वाग्मिता', समावर्तन, 11 (10), 60–63, उज्जैन : समावर्तन कार्यालय, ISSN: 2348.8638
- (जनवरी, 2019). 'प्रसाद की कहानी 'गुण्डा' को फिर से पढ़ते हुए', सोच विचार, 10 (7), 47–48, वाराणसी, सेवक प्रकाशन, ISSN: 2319.4375
- (मार्च, 2019). 'गांधी विचार : पाठ्यक्रम संरचना', प्रिटिंग एरा, 212–214, वर्धा : गांधी अध्ययन केंद्र, न्यू आर्ट्स, कॉमर्स एंड साइंस कॉलेज, ISSN: 2319.9318

माली, चित्रा

- (मार्च 2019). 'आर्थिक सशक्तीकरण और विशाखा गाइडलाइन्स', न्यूमेन, 6 (3), परभणी : न्यूमेन पब्लिकेशन।
- (मार्च, 2019). 'वर्तमान समय और स्त्री', स्कोलर्स इम्पैक्ट, 6 (6), महाराष्ट्र।

3.2 स्त्री अध्ययन विभाग

स्त्री–अध्ययन वस्तुतः ज्ञान की सत्ता–संरचना पर 'ज्ञान–बहिष्कृतों' द्वारा किया गया एक सैद्धांतिक–दार्शनिक हस्तक्षेप है, जो प्रत्येक व्यक्ति की बराबरी एवं एक समतामूलक समाज की स्थापना में विश्वास करता है। यह समाज के प्रत्येक तबके के अनुभवों को केंद्र में रखकर ज्ञान के प्रति एक नया दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है जो कि एकपक्षीय ज्ञान की रूढ़ सीमाओं को तोड़कर ज्ञान को उसके बहुआयामी व समग्र रूप में प्रस्तुत करता है। यह सिर्फ एक विषय नहीं है, वरन् यह एक परिप्रेक्ष्य है जो हमें दुनिया को देखने का एक नया नज़रिया देता है और इसीलिए ज्ञानानुशासन की सीमाओं का अतिक्रमण करते हुए यह एक अंतरानुशासनिक, बहु–अनुशासनिक एवं परा–अनुशासनिक स्वरूप अख़्तियार करता है। स्त्री अध्ययन की शुरुआत इस तथ्य के साथ होती है कि स्त्री या पुरुष होना मात्र जैविकीय ही नहीं, सामाजिक निर्मिति भी है और इस सामाजिक निर्मिति के आधार पर ही दुनिया के सारे ज्ञान–विज्ञान रचे गए हैं।

एक अकादमिक अनुशासन के बतौर 'स्त्री अध्ययन' सिर्फ स्त्रियों का या स्त्रियों के लिए ही नहीं है बल्कि यह विभिन्नताओं का संयोजन है। यह 'संपूर्ण मानवता' का अध्ययन है जिसके जरिए हम हाशिए पर खड़े उन सभी समूहों का अध्ययन करते हैं जिन्हें मुख्यधारा का ज्ञान नजरअंदाज करता है। एक विषय के रूप में यह महज कुछ जानकारियों या सूचनाओं को जान लेने या सीख लेने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह जेंडरगत विभेदों के बरक्स उस समतामूलक स्त्रीवादी चेतना को अपने जीवन–व्यवहारों में आत्मसात करने से भी संबंधित है जो बदलाव की शैक्षणिक राजनीति का जरिया हैं। अतएव सामाजिक व्यवस्था में परिवर्तन इस विषय का केंद्रीय अभिप्रेरक बिंदु है जिसे भारतीय स्त्री–अध्ययन संगठन के संस्थापक सदस्यों द्वारा एक 'शैक्षणिक रणनीति' के रूप में स्वीकार किया गया है। महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा में वर्ष 2003 में स्थापित यह स्त्री अध्ययन विभाग भी अपने वास्तविक जनतांत्रिक स्वरूप में स्त्री–अध्ययन की मूल अभिप्रेरणाओं से संचालित है। साथ ही यह देश में स्त्री अध्ययन का अपनी तरह का इकलौता केंद्र है जो भारत के संदर्भ में इस अंग्रेजीमय विमर्श को हिंदी की व्यापक दुनिया से जोड़ता है और इस तरह भाषाई विविधता लेकिन अंग्रेजी श्रेष्ठता वाले इस देश में ज्ञान के लोकतांत्रिकरण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। हम इसे स्त्री–विमर्श का अंतरराष्ट्रीय केंद्र बनाने के लिए प्रयासरत हैं। हिंदी माध्यम में स्त्री अध्ययन को पूर्णकालिक विषय के रूप में शुरू किए जाने के निम्नलिखित उद्देश्य हैं– 1. स्त्री अध्ययन के क्षेत्र में उत्कृष्ट अंतरानुशासनिक केन्द्र के रूप में विकास, 2. स्त्री अध्ययन में शिक्षण, अनुसंधान एवं क्षेत्रगत गतिविधियों का क्रियान्वयन, 3. जन चेतना विकास एवं जेंडर संवेदना के प्रशिक्षण हेतु "जेंडर संसाधन केंद्र" के रूप में विकास, 4. भारतीय संदर्भ में स्त्री अध्ययन की सैद्धांतिकी का विकास, 5. जेंडर एवं सामाजिक विकास के राजनीतिक अर्थशास्त्र का अध्ययन, 6. अकादमिक विमर्श एवं नारीवादी आंदोलन के वैश्विक संदर्भों के मध्य अंतर्संबंधों का अध्ययन।

पाठयक्रम : • एम.ए. स्त्री अध्ययन • एम.फिल. स्त्री अध्ययन • पी–एच.डी. स्त्री अध्ययन • जनसंचार एवं स्त्री अध्ययन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा।

गतिविधियाँ

- (14 अप्रैल, 2018). मुंबई विश्वविद्यालय की कुसुम त्रिपाठी ने 'विश्वविद्यालयों में जेंडर संवेदनशीलता' विषय पर विशेष व्याख्यान दिया।
- (अगस्त 2018). डॉ. आरती सेठी, ब्राउन विश्वविद्यालय ने 'विदर्भ में कपास का राजनीतिक अर्थशास्त्र और महिला श्रम' विषय पर व्याख्यान दिया।
- (9 अगस्त, 2018). महाश्वेता देवी स्मृति व्याख्यानमाला में प्रो. बद्रीनारायण ने 'महिलाओं के हाशिएकरण की राजनीति एवं चुनौतियां' विषय पर व्याख्यान दिया। व्याख्यान समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की ।
- (26 सितंबर, 2018). संत गाडगे बाबा अमरावती विद्यापीठ के शिक्षक तथा छात्र–छात्राओं ने स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस उपलक्ष्य में स्त्री अध्ययन विभाग द्वारा एक परिचय व परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- (15 नवंबर, 2018). स्त्री अध्ययन विभाग द्वारा आयोजित विशेष व्याख्यान समारोह में डॉ. राम पुनियानी ने "जनतंत्र के समसामयिक सरोकार एवं स्त्री" विषय पर व्याख्यान दिया।
- (11 दिसंबर, 2018). पटना विश्वविद्यालय, पटना की ज्योति वर्मा ने 'शोध कार्य में सामाजिक प्रतिनिधित्व' विषय पर विशेष व्याख्यान दिया।
- (8 मार्च, 2019). म.गां.अं.हिं.वि. के स्त्री अध्ययन विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें चर्चा सत्र एवं फिल्म महोत्सव के माध्यम से स्त्री विमर्श पर चर्चा की गई।
- (12–13 मार्च 2019). 'जनसंचार एवं स्त्री में स्नातकोत्तर डिप्लोमा' पाठयक्रम शुरू किए जाने के निमित्त पाठयक्रम निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- (28–30 मार्च, 2019). ''जेंडर समानता की गांधीवादी दृष्टि : सामर्थ्य, संभावनाएँ एवं चुनौतियाँ'' पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें वरिष्ठ चिंतक प्रो. नंदकिशोर आचार्य, विश्वविद्यालय के संस्कृति विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष प्रो. नृपेन्द्र प्रसाद मोदी, कुलानुशासक प्रो.मनोज कुमार, गांधी विचार परिषद के निदेशक भरत महोदय, मध्य प्रदेश के महू स्थित ब्राउस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आशा शुक्ल एवं आईआईएएस शिमला की पूर्व अध्यक्ष प्रो. चंद्रकला पाडिया, स्त्री अध्ययन विभाग की प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. सुप्रिया पाठक, डॉ. अवंतिका शुक्ला आदि वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए।

शोध परियोजनाएँ : शोध के प्राथमिकता क्षेत्र (2015–18) : • महिला के विरुद्ध अपराध • मानव–दुर्व्यापार (ह्यूमन ट्रैफिकिंग) • भाषा और जेंडर • मध्य भारत में विस्थापन एवं स्त्री • सांस्कृतिक संकट (जेंडर के संदर्भ में) • श्रम, अर्थव्यवस्था एवं जेंडर • साहित्य, इतिहास एवं जेंडर

वर्धा जिले में क्षेत्रगत कार्य (विद्यार्थियों के सहयोग से) : • साठोडा ग्राम में स्त्री शिक्षा की स्थिति का आकलन • विदर्भ में किसान आत्महत्या के पीड़ित परिवारों की स्थिति • वर्धा जिले में स्त्री सशक्तीकरण हेतु कार्यरत संगठनों का अध्ययन • वर्धा जिले के पुलिस थानों में स्त्री विषयक रिपोर्टों की समीक्षा • दैनिक अखबारों में स्त्री विषयक खबरों का विश्लेषण • निजी एवं सार्वजनिक जीवन में जेंडर असमानता की पड़ताल • अस्पतालों में स्त्री स्वास्थ्य के प्रति दृष्टिकोण।

प्राध्यापक विवरण

नाम	पदनाम	कार्यारंभ की तिथि	योग्यता	पी–एच.डी. का शोध विषय	विशेषज्ञता का क्षेत्र
सुप्रिया पाठक	सहायक प्रोफ़ेसर	20.03.2007	पी–एच.डी., स्त्री अध्ययन	पारसी–हिंदी रंगमंच एवं महिलाएँ	स्त्री एवं मीडिया, साहित्य एवं नारीवादी सैद्धांतिकी गांधी दर्शन एवं स्त्री
अवंतिका शुक्ला	सहायक प्रोफ़ेसर	27.03.2007	पी–एच.डी., स्त्री अध्ययन	कथक की परंपरा, घराने एवं स्त्री प्रश्न	स्त्री एवं श्रम, प्रदर्शन कलाओं में स्त्रियां, जाति, वर्ग एवं जेंडर के प्रश्न, नारीवादी शोध प्रविधि
शरद जायसवाल	सहायक प्रोफ़ेसर	09.07.2009	एम.ए.		वर्ग, जाति एवं जेंडर, सांप्रदायिकता, जाति व जेंडर का सवाल

संगोष्ठी / सम्मेलन / परिसंवाद / कार्यशाला / व्याख्यान / प्रस्तुतीकरण

पाठक, सुप्रिया

- (14 अप्रैल, 2018). स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के जेंडर संवेदनशीलता समिति, द्वारा आयोजित विशेष व्याख्यान का संयोजन। मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई की कुसुम त्रिपाठी ने 'विश्वविद्यालयों में जेंडर संवेदनशीलता' विषय पर व्याख्यान दिया।
- (14–15 अप्रैल, 2018). हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खलीलाबाद, गोरखपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'भारत में स्त्री अध्ययन : संभावनाएँ एवं चुनौतियाँ' विषय पर बीज वक्तव्य।
- (9 अगस्त, 2018). स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा आयोजित महाश्वेता देवी स्मृति व्याख्यानमाला कार्यक्रम (प्रो. बद्रीनारायण ने 'महिलाओं के हाशियाकरण की राजनीति एवं चुनौतियाँ' विषय पर व्याख्यान दिया) में समन्वयक के रूप में सहभागिता।
- (18–20 अगस्त, 2018). मॉरीशस में ग्यारहवें विश्व हिंदी सम्मेलन में म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा की तरफ से सहभागिता।
- (14 सितंबर, 2018). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता में हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में 'हिंदी दिवस का स्त्रीवादी परिपेक्ष्य' विषय पर वक्तव्य।
- (15 नवंबर, 2018). शोध संवाद, विशेष व्याख्यान, प्रो.राम पुनियानी, सेवानिवृत प्रोफेसर, आई आई टी, मुंबई (स्त्री एवं लोकतंत्र के समसामयिक संदर्भ) स्त्री अध्ययन विभाग।
- (11 दिसंबर, 2018). स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा आयोजित शोध संवाद (पटना विश्वविद्यालय, पटना की ज्योति वर्मा ने 'शोध कार्य में सामाजिक प्रतिनिधित्व का सिद्धांत' विषय पर व्याख्यान दिया) में समन्वयक के रूप में सहभागिता।
- (12–21 फरवरी, 2019). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा आयोजित 'संकाय विकास कार्यक्रम' में सहभागिता।
- (8 मार्च , 2019). डॉ. भीमराव अंबेडकर समाज विज्ञान विश्वविद्यालय, महू, इंदौर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'समेकित विकास कार्यक्रम एवं स्त्री सशक्तीकरण' विषय पर बीज वक्तव्य।
- (28–30 मार्च, 2019). स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'जेंडर समानता की गांधीवादी दृष्टिः सत्ता, सामर्थ्य, संभावनाएँ, विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में समन्वयक के रूप में सहभागिता।
- (23–24 मार्च, 2019). आर्यभट्ट कॉलेज तथा वुमेन रिसोर्स सेंटर, पुणे के संयुक्त तत्वावधान में नई दिल्ली में 'भारत में स्त्री विमर्श' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी 'वर्तमान समय में स्त्री अध्ययन केंद्रों का परिदृश्य' विषयक शोध पत्र प्रस्तुत।

शुक्ला, अवंतिका

- (9 अगस्त, 2019). अनुवाद विद्यापीठ, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'ड्रग अब्यूस, चाइल्ड अब्यूस एंड डोमेस्टिक वोयलेंस इन अवर सिस्टम इन्क्लूडिंग अवर ज्यूडीशियल सिस्टम' कार्यक्रम में संचालक।
- (1–15 सितंबर, 2018). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा में आयोजित 'स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता' का संयोजन।
- (1 अक्टूबर, 2018). सेवाग्राम में आयोजित 'कार्यान्जली उत्सव में गांधी प्रश्न मंजूषा' का संयोजन।
- (10–12 दिसंबर, 2018). वैनीकोम पुणे में 'जेंडर बजटिंग विथ क्लाइमेट चेंज' विषय पर आयोजित कार्यशाला में सहभागिता।
- (21 फरवरी, 2019). दयालबाग शैक्षिक संस्थान, आगरा में 'जेंडर सेन्सिटाइजेशन और स्त्री अध्ययन के सामाजिक आयाम' विषय पर वक्तव्य।
- (20 फरवरी, 2019). 'स्त्री अध्ययन : एक विषय के रूप में संकल्पना एवं संभावना' और 'महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के प्रकार एवं उनके वैधानिक उपचार' विषय पर जवाहर लाल नेहरू कॉलेज में वक्तव्य।
- (24 फरवरी, 2019). क्रांतिवीर नाना सिंह पाटिल अकादमी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 'वैचारिक लेखन : स्त्रीवादी परिप्रेक्ष्य' विषय पर वक्तव्य।
- (12–13 मार्च, 2019). स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा मीडिया एवं जेंडर विषय पर पी.जी डिप्लोमा पाठ्यक्रम हेतु आयोजित कार्यशाला में सहभागिता।
- (28–30 मार्च, 2019). स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'जेंडर समानता की गांधीवादी दृष्टि : सामर्थ्य संभावनाएँ एवं चुनौतियाँ', विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का संयोजन।

जायसवाल, शरद

- (अगस्त, 2018). स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'हाशिये की राजनीति और महिलाएँ' विषय पर आयोजित महाश्वेता देवी स्मृति व्याख्यानमाला का संयोजन।

- (8 दिसंबर, 2018). समाजशास्त्र विभाग, राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर द्वारा आयोजित रिफ्रेशर पाठयक्रम में व्याख्यान।
- (15 नवंबर, 2018). स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'जनतंत्र के समसामयिक सरोकार और स्त्री' विषय पर प्रो. राम पुनियानी के विशेष व्याख्यान समारोह का संयोजन।
- (05 जनवरी, 2019). बारहवें अखिल भारतीय मुस्लिम मराठी साहित्य सम्मलेन, पुणे में व्याख्यान। (24 फरवरी 2019). 'साझी विरासत, शमा हर रंग में जलती है' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में व्याख्यान। (मार्च, 2019). स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित 'फिल्म महोत्सव' का संयोजन।
- (11–12 मार्च 2019). स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'मीडिया एवं जेंडर में पी.जी डिप्लोमा पाठ्यक्रम' हेतु आयोजित पाठ्यक्रम निर्माण कार्यशाला का संयोजन।
- (28–30 मार्च, 2019). स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'जेंडर समानता की गांधीवादी दृष्टि : सामर्थ्य संभावनाएँ एवं चुनौतियाँ', विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का सह–संयोजन।

प्रकाशन

पाठक, सुप्रिया

- (2018). स्त्री विमर्श के विविध आयाम, नई दिल्ली : प्रकाशन संस्थान।
- (2018). 'अकादमिक स्त्रीवादी आलोचना के साहित्यिक सरोकार', वर्तमान परिपेक्ष्य में सौन्दर्यशास्त्र के नए आधार (सं.), नई दिल्ली : अनुज्ञा बुक्स ISBN 978–93–86810–73–1
- (2018). 'भारत में विकलांगता का नारीवादी विमर्श', रि इनवेंटिग दिव्यांग, नई दिल्ली : शिवालिक प्रकाशन, ISBN 978–93–87195–61–5
- (2018). नई दिशाएं, अंक 15 रजत जयंती विशेषांक (संपादकीय सहयोग), नई दिल्ली : राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग।
- (2018). 'अदृश्य होती जिंदगियाँ : भारत में स्त्रियों पर तेजाबी हमले', हिंदी समय डॉट कॉम, वर्धा : म.गां.अं.हिं.वि.।
- (18–20 अगस्त, 2018). 'हिंदी का वैश्विक भविष्य उज्ज्वल है : केशरी नाथ त्रिपाठी' (साक्षात्कार), विश्व हिंदी बुलेटिन, 11 वां विश्व हिंदी सम्मेलन।
- (18–20 अगस्त, 2018). 'विश्व हिंदी सम्मेलन से अपेक्षाएँ' (साक्षात्कार), प्रमुख हस्तियाँ, विश्व हिंदी बुलेटिन, 11 वां विश्व हिंदी सम्मेलन।
- (नवंबर, 2018). 'विश्व हिंदी सम्मेलन की विस्तृत रिपोर्ट', मीडिया नवचिंतन (संपादकीय सहयोग), भोपाल : अटल बिहारी बाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय।
- (दिसंबर 2018). 'मानवाधिकारों का सार्वभौमिक परिपेक्ष्य एवं स्त्री', नई दिशाएँ, रजत जयंती विशेषांक, अंक : 15, नई दिल्ली : राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग।
- (22 अप्रैल, 2018). 'बिहार दिवस हम महिलाओं की नजर से' सन्मार्ग, पटना संस्करण।
- (फरवरी, 2019). 'बापू के आंदोलन की अदृश्य सहयात्री : कस्तूरबा', अंतिम जन, नई दिल्ली : गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति।
- (मार्च, 2019). 'इतिहास में स्त्रियों की अदृश्यता' (ईकाई लेखन), दूरस्थ शिक्षा निदेशालय, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा।
- (मार्च, 2019). 'इतिहास लेखन में लैंगिकता', (ईकाई लेखन) दूरस्थ शिक्षा निदेशालय, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा।
- (मार्च, 2019). 'नारीवादी इतिहास लेखन की आवश्यकता', (ईकाई लेखन) दूरस्थ शिक्षा निदेशालय, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा।

शुक्ला, अवंतिका

- (दिसंबर, 2018). 'उदारीकरण के बाद शिक्षित मध्यमवर्गीय महिलाओं की कार्य में सहभागिता एवं प्रवासन', मानव, 2, 27–56, नई दिल्ली : सीरियल प्रकाशन।

जायसवाल, शरद

- (मई–अगस्त, 2018). 'पेशेवर महिलाएँ : बदलती पीढ़ी की अभिव्यक्ति', पुस्तक–वार्ता, 76–77, वर्धा : म.गां.अं.हि.वि., वर्धा
- (जनवरी, 2019). 'सांप्रदायिकता का युद्धस्थल', अकार, 51, कानपुर

उपलब्धियाँ

डॉ. अवंतिका शुक्ला

- म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा आयोजित खेल महोत्सव, 2019 में बैडमिंटन (एमेच्योर) प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार।

3.3 डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर–सिदो–कान्हू मुर्मू दलित एवं जनजाति अध्ययन केंद्र

डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर–सिदो–कान्हू मुर्मू दलित एवं जनजाति अध्ययन केंद्र के उद्देश्य हैं– 1. दलित एवं आदिवासी अध्ययन की सैद्धांतिकी का विकास, 2. दलित एवं आदिवासी अध्ययन के स्वरुप, क्षेत्र एवं आयामों को परिभाषित एवं विकसित करना, 3. दलित एवं आदिवासी अध्ययन की प्रासंगिकता, 4. दलित एवं आदिवासी विकास के मुद्दों की समझ पैदा करना, 5. दलित एवं आदिवासियों के अधिकार एवं संरक्षण के लिए नीतियों को बनाना, 6. दलित एवं आदिवासियों के सशक्तीकरण के लिए अंबेडकर की विचारधारा की समझ विकसित करना और उनके ऊपर होने वाले सभी प्रकार के अत्याचारों एवं हिंसा के विरोध में स्वर को मुखर करना, भारतीय दलित एवं अमेरिकन अश्वेत समुदायों के साथ अन्य देशों के वंचित समूहों का तुलनात्मक अध्ययन करना। 7. भारतीय आदिवासी समाज तथा अन्य देशों के आदिवासी समाज के साझे मुद्दों के प्रति समझ पैदा करना और उन देशों में निवास कर रहे दूसरे समुदायों के बीच संवेदनशीलता पैदा करना।

पाठ्यक्रम : • एम.ए., दलित एवं जनजाति अध्ययन • एम.फिल. दलित एवं जनजाति अध्ययन
• पी–एच.डी. दलित एवं जनजाति अध्ययन • दलित विचार में पी.जी. डिप्लोमा।

गतिविधियाँ

• (18 अप्रैल, 2018). हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद के प्रो. आर. रामदास ने 'अम्बेडकर एवं आदिवासी शिक्षा' विषय पर व्याख्यान दिया।
• (02 नवंबर, 2018). राज्य मंत्री, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार श्री रामदास आठवले ने 'दलित पैंथर आंदोलन' विषय पर व्याख्यान दिया।
• (27 नवंबर, 2018). 'संविधान दिवस' पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
• (03 जनवरी, 2019). 'सावित्रीबाई फुले जयंती' पर कार्यक्रम का आयोजन।

प्राध्यापक विवरण

नाम	पदनाम	कार्यारंभ की तिथि	योग्यता	पी–एच.डी. का शोध विषय	विशेषज्ञता का क्षेत्र
एल.कारूण्यकरा	निदेशक / प्रोफेसर	23.04.2008	पी–एच.डी., इतिहास	अंबेडकर और दलाई लामा XIV के बौद्ध धर्म के योगदान का आधुनिकीकरण	दलित इतिहास एवं दलित अध्ययन
राकेश सिंह फकलियाल	सहायक प्रोफेसर	08.05.2017	पी–एच.डी. इतिहास	गांधी एवं अंबेडकर के सामाजिक विचार : एक तुलनात्मक अध्ययन	आदिवासी इतिहास एवं आदिवासी अध्ययन

संगोष्ठी / सम्मेलन / परिसंवाद / कार्यशाला / व्याख्यान / प्रस्तुतीकरण

फकलियाल, राकेश सिंह

• (14 मई–10 जून, 2018). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा एवं यूजीसी–मानव संसाधन विकास केंद्र, राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अभिविन्यास पाठ्यक्रम में सहभागिता।
• (06 अगस्त, 2018). गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'परमाणु मुक्त विश्व : विभ्रम या यथार्थ' विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी में सहभागिता।
• (21 फरवरी, 2019). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता।
• (31 मार्च–01 अप्रैल, 2019). बौद्ध अध्ययन, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा पालि इंडिया ऑफ सोसायटी, अंतरराष्ट्रीय 10 वीं पालि दिवस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'डॉ. अंबेडकर और बौद्ध धर्म' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत।

प्रकाशन

कारूण्यकरा, लेला

• (2018). 'फ्रॉम दलित टू पवित्र दलित : हिस्ट्री ऑफ दलित आइडेंटिटी', नागपुर : दलविश पब्लिशर्स।

3.4 डॉ. भदंत आनंद कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन केंद्र

वर्धा स्थित राष्ट्रभाषा प्रचार समिति में 14 अप्रैल, 2004 को बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर की जयंती के दौरान कार्यक्रम के अध्यक्ष व महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति प्रो. जी. गोपीनाथन द्वारा भारतीय संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर के अगाध हिंदी–प्रेम एवं हिंदी के प्रति उनकी संवैधानिक प्रतिबद्धता को देखकर और भारत में बौद्ध धम्म एवं दर्शन को पुनर्जीवित करने के उनके कार्य को सुदृढ़ आधार प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय में 'बौद्ध अध्ययन केंद्र' की आधारशिला रखी गई। जिस प्रकार वर्धा से महात्मा गांधी का नाम जुड़ा है, उसी प्रकार वर्धा की राष्ट्रभाषा प्रचार समिति एवं भारत के स्वतंत्रता आंदोलन से डॉ. भदंत आनंद कौसल्यायन का नाम जुड़ा है। वे सन् 1942 से सन् 1951 तक राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के प्रधानमंत्री रहे। हिंदी और बौद्ध धम्म व दर्शन के क्षेत्र में उनका योगदान बेहद महत्वपूर्ण है, उन्होंने पालि भाषा के त्रिपिटक व अट्ठकथाओं समेत कई प्रमुख बौद्ध ग्रंथों का हिंदी भाषा में अनुवाद किया। उनके इस विशेष योगदान को देखते हुये ही, इस केंद्र का नाम 'डॉ. भदंत आनंद कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन केंद्र' रखा गया।

बौद्ध अध्ययन व पालि भाषा एवं साहित्य में पठन–पाठन और शोध को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 11 वीं पंचवर्षीय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की इपोक मेकिंग थिंकर्स योजना के अंतर्गत वर्ष 2007–2008 में यह केंद्र स्थापित किया गया। विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति प्रो. जी. गोपीनाथन के द्वारा डॉ. एम. एल. कसारे को केंद्र का कार्यकारी निदेशक अप्रैल 2008 से बनाया गया। इससे पहले डॉ. एम. एल. कसारे केंद्र से जून 2007 से एक अतिथि शिक्षक के रूप में जुड़े हुए थे। डॉ. कसारे ने सत्र 2008–2009 में सबसे पहले बौद्ध अध्ययन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा शुरू किया फिर तीन और डिप्लोमा व एम.ए. बौद्ध अध्ययन में शुरू किया। इसके बाद अप्रैल 2012 से डॉ. सुरजीत कुमार सिंह केंद्र के नए प्रभारी निदेशक बनाए गए, उन्होंने केंद्र के पुस्तकालय में किताबों की संख्या में वृद्धि की और उसका आधुनिकीकरण करते हुए पुस्तकालय को पूर्ण कंप्यूटरीकृत किया, साथ ही कौसल्यायन जी के परमप्रिय शिष्य डॉ. भदंत सावंगी मेधांकर के नाम पर पुस्तकालय का नाम रखा। डॉ. सुरजीत कुमार सिंह ने केंद्र को एक शोध केंद्र के रूप में परिवर्तित करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए एम. फिल. व पी–एच. डी. बौद्ध अध्ययन को आरंभ कराया, उनके द्वारा एक शोध पत्रिका संगायन का संपादन भी किया जाता है। आज केन्द्र का डॉ. भदन्त सावंगी मेधांकर विभागीय पुस्तकालय है, जिसमें लगभग 2400 पुस्तकें उपलब्ध हैं। जो बौद्ध धम्म एवं दर्शन से संबंधित अनेक ग्रंथ, पालि भाषा, बौद्ध संकर संस्कृत, तिब्बती भाषा आदि भाषाओं में प्रकाशित हैं।

पाठ्यक्रम : • एम. ए. बौद्ध अध्ययन • बौद्ध अध्ययन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा • पालि भाषा एवं साहित्य में स्नातकोत्तर डिप्लोमा • तिब्बती भाषा एवं धर्म में स्नातकोत्तर डिप्लोमा • बौद्ध पर्यटन एवं गाइडिंग में स्नातकोत्तर डिप्लोमा • एम. फिल. बौद्ध अध्ययन • पी–एच.डी. बौद्ध अध्ययन • पालि भाषा में डिप्लोमा

गतिविधियाँ

- (31 जुलाई, 2018). 'बौद्ध धम्म में प्रज्ञा, शील, समाधि का स्वरूप' विषय पर केंद्र द्वारा प्रो. भिक्षु सत्यपाल, भूतपूर्व विभागाध्यक्ष, बौद्ध अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली का विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया।
- (01 अगस्त, 2018). 'धम्मपद का बौद्ध धम्म में महत्व' विषय पर केंद्र द्वारा प्रो. भिक्षु सत्यपाल, भूतपूर्व विभागाध्यक्ष, बौद्ध अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली का विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया।
- (02 अगस्त, 2018). 'धम्मपद में चित्त की अवधारणा एवं महत्व' विषय पर केंद्र द्वारा प्रो. भिक्षु सत्यपाल, भूतपूर्व विभागाध्यक्ष, बौद्ध अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली का विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया।
- (03 अगस्त, 2018). 'धम्मपद का दैनिक जीवन में महत्व' विषय पर केंद्र द्वारा प्रो. भिक्षु सत्यपाल, भूतपूर्व विभागाध्यक्ष, बौद्ध अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली का विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया।
- (05 अक्टूबर, 2018). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा में बौद्ध अध्ययन के पठन–पाठन के 10 वर्ष पूर्ण होने पर केंद्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विवि के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र, प्रति कुलपति प्रो. आनंदवर्धन शर्मा, प्रो. मनोज कुमार, प्रो. के. के. सिंह, प्रो. एल. कारुण्यकरा, प्रो. एम. एल. कासारे ने विचार व्यक्त किए। केंद्र की सहायक प्रोफेसर डॉ. शुभांगी शंभरकर ने स्वागत वक्तव्य दिया और प्रभारी डॉ. सुरजीत कुमार सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया।
- (05 जनवरी, 2019). केंद्र द्वारा डॉ. भदंत आनंद कौसल्यायन व्याख्यानमाला–2019 में आचार्य सूर्यकांत भगत, प्रो. एम. एल. कासारे, बी. एस. मिरगे, डॉ. सुरजीत कुमार सिंह, प्रो. के. के. सिंह, डॉ. कृष्ण चंद पांडेय आदि ने विचार व्यक्त किए।

प्राध्यापक विवरण

नाम	पदनाम	कार्यारंभ की तिथि	योग्यता	पी–एच.डी. का शोध विषय	विशेषज्ञता का क्षेत्र
सुरजीत कुमार सिंह	सहायक प्रोफेसर	01.07.2010	पी–एच.डी.	जातक अट्ठकथा में वर्णित मृतक संस्कार	बौद्ध अध्ययन, पालि भाषा एवं साहित्य, बौद्ध दर्शन, बौद्ध इतिहास, बौद्ध कला एवं स्थापत्य
कृष्ण चंद पांडेय	सहायक प्रोफेसर	04.04.2016	पी–एच.डी.	'भाषा, सत और विकल्पः आचार्य धर्मकीर्ति के भाषा–दर्शन का अनुशीलन'	पालि भाषा और साहित्य, योगाचार दर्शन, बौद्ध ज्ञानमीमांसा और तर्कशास्त्र, अपोहवाद

संगोष्ठी / सम्मेलन / परिसंवाद / व्याख्यान / प्रस्तुतीकरण

सिंह, सुरजीत कुमार

- (14 अप्रैल, 2018). बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में आलेख पत्र प्रस्तुत किया।
- (01–04 मई, 2018). अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ व म.गां.अं.हि.वि., वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'अकादमिक लीडरशिप कार्यक्रम' में सहभागिता।
- (29 जुलाई, 2018). पालि प्रचारिणी सभा और पालि–प्राकृत विभाग, राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर द्वारा आयोजित अखिल भारतीय पालि परिषद् के वार्षिक कार्यक्रम में व्याख्यान।
- (12–21 फरवरी, 2019). फ्यूजी गुरुजी समाज कार्य अध्ययन केंद्र, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा और राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर के मानव संसाधन विकास केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'संकाय विकास कार्यक्रम' में सहभागिता। ।

पांडेय, कृष्ण चंद

- (06–08 अप्रैल, 2018). हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के तत्वावधान में आयोजित '21वीं सदी में विद्यालय शिक्षा : बदलते आयाम, हस्तक्षेप और उभरते विकल्प' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'शिक्षा में विकल्प' सत्र में सह अध्यक्ष के रूप में सहभागिता।
- (08–09 अप्रैल, 2018). दिग्विजय नाथ पी. जी. कॉलेज, गोरखपुर द्वारा वर्तमान वैश्विक परिपेक्ष्य में बौद्ध शिक्षा की प्रासंगिकता विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'बौद्ध शिक्षा दर्शन और उसकी प्रासंगिकता' विषय पर व्याख्यान तथा एक सत्र की अध्यक्षता।
- (13–15 जनवरी, 2019). भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, लखनऊ, शिक्षा शास्त्र विभाग, म.गां.काशी विद्यापीठ, वाराणसी एवं विद्याश्री न्यास के संयुक्त तत्वावधान में 'शिक्षा, दर्शन और समाज : प्रासंगिक विमर्श के प्रमुख आयाम' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'बौद्ध शिक्षा दर्शन : विमर्श के आयाम विषयक शोध पत्र प्रस्तुत।
- (20–22 फरवरी, 2019). हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा और भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन संस्थान, गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय, गांधीनगर के संयुक्त तत्वावधान में 'भारतीय समाज, शिक्षा और साहित्य में गाँधी' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'भारतीय संस्कृति, समाज एवं गांधी' विषयक शोध पत्र प्रस्तुत।

प्रकाशन

सिंह, सुरजीत कुमार

- (अप्रैल और अक्टूबर, 2018). संगायन, 12 वें तथा 13 वें अंक का संपादन, दिल्ली : पालि भाषा एवं साहित्य अनुसंधान परिषद्। ISSN: 2319–6343.

4. अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ

विश्वविद्यालय में अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ हिंदी के माध्यम से विविध ज्ञानानुशासनो कें साथ संबद्ध हो कर शिक्षण, प्रशिक्षण एवं शोध की सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस विद्यापीठ के अंतर्गत अनुवाद अध्ययन विभाग देश का एकमात्र ऐसा विभाग है, जो अनुवाद की तकनीकी, प्रणालीगत और रोजगारपरक संभावनाओं को यथार्थ में परिणत करने के लिए सतत् प्रयासरत है।

इस विद्यापीठ के अंतर्गत दो विभाग संचालित हैं :

4.1 अनुवाद अध्ययन विभाग

4.2 प्रवासन एवं डायस्पोरा अध्ययन विभाग

4.1 अनुवाद अध्ययन विभाग

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्व विद्यालय, वर्धा की स्थापना का मूल लक्ष्य हिंदी भाषा की व्यावहारिक क्षमताओं का विकास करके उसे एक समृद्ध और संपन्न अंतरराष्ट्रीय भाषा बनाना है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के एक उपकरण के रूप में वर्ष–2003 में अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ अस्तित्व में आया, जिसके अंतर्गत अनुवाद प्रौद्योगिकी विभाग प्रारंभ किया गया। वर्ष 2015 में इस विभाग का नाम बदलकर अनुवाद अध्ययन विभाग किया गया । इस विभाग ने 'हिंदी को भारतीय एवं वैश्विक परिप्रेक्ष्य में अनुवाद के माध्यम से समृद्ध बना कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय अस्मिता की पहचान की भाषा बनाने' को दृष्टिबोध के रूप में ग्रहण किया तथा निम्नांकित उद्देश्य निर्धारित किए : 1. अनुवाद के माध्यम से संस्कृतियों के बीच आपसी समझ का विस्तार कर विश्व–बंधुत्व की भावना को बढ़ावा देना, 2. अनुवाद–विज्ञान को अंतरानुशासनिक ज्ञान–माध्यम के रूप में विकसित करते हुए उसे आधुनिक प्रौद्योगिकी से जोड़ना और हिंदी मशीनी अनुवाद प्रणाली का विकास करना, 3. निर्वचन को एक स्वतंत्र अध्ययन–अनुशासन के रूप में विकसित करना, 4. अंतर प्रतीकात्मक अनुवाद प्रविधि को कंप्यूटर, सिनेमा, दूरदर्शन, आकाशवाणी आदि के संदर्भ में विकसित करना, 5. अनुवाद को सांस्कृतिक, सामाजिक तथा प्रयोगपरक प्रविधियों से जोड़ते हुए उसके व्यावहारिक पक्ष का विकास करना, 6. भारतीय एवं अन्य देशों के श्रेष्ठ साहित्य का हिंदी में अनुवाद करना तथा अनूदित कृतियों की समीक्षा, परीक्षण एवं मूल्यांतकन कर अनुवाद की गुणवत्ता में वृद्धि करना, 7. अनुवाद हेतु उपयोगी कोशों का निर्माण करना, 8. आशु अनुवादकों के प्रशिक्षण एवं कौशल विकासार्थ समय–समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा कार्यशालाएँ आयोजित करना, 9. अनुवाद प्रौद्योगिकी और मशीनी अनुवाद के क्षेत्र में शोध को प्रोत्साहित करना, 10. विद्यार्थियों को अनुवाद के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदानक कर उन्हें कुशल अनुवादक के रूप में स्थापित होने में सहयोग करना, 11. अनुवाद–शिक्षण एवं प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार की संभावनाएँ तलाशना।

पाठ्यक्रम : • एम. ए. अनुवाद अध्ययन • एम.फिल अनुवाद अध्ययन • पी–एच.डी. अनुवाद अध्ययन • पी.जी. डिप्लोमा : अनुवाद • पी.जी. डिप्लोमा : प्रयोजनमूलक हिंदी • पी.जी. डिप्लोमा : निर्वचन

शोध परियोजनाएँ

डॉ. अन्नपूर्णा सी.

'अनुवाद की विविध विधाओं में संकेत विज्ञान की अनुप्रयुक्तियों का विश्लेणात्मक अध्ययन', म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा वित्त प्रदत्त।

डॉ. हरप्रीत कौर

'पंजाबी लोक काव्य का हिंदी लिप्यंतरण एवं लोककाव्य में निहित प्रतिरोध के स्वर का विश्लेणात्मक अध्ययन', म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा वित्त प्रदत्त।

प्राध्यापक विवरण

नाम	पद	कार्यारंभ की तिथि	योग्यता	पीएच.डी. /एम. फिल. का शोध विषय	विशेषज्ञता का क्षेत्र
देवराज	प्रोफेसर	18.01.2013	पी–एच.डी., हिंदी	नई कविता में रोमानी और यथार्थवादी अवधारणाओं की भूमिका (सन् 1950 से 1970 तक)	आधुनिक कविता
अन्नपूर्णा सी.	सह प्रोफेसर*	02.01.2007	पी–एच.डी., हिंदी	सजातीय और विजातीय भाषाओं के बीच अनुवाद की समस्याएँ : कामायनी के तेलुगु और अंग्रेजी अनुवाद के विशेष संदर्भ में	अनुवाद मूल्यांकन और अनुवाद
अनवर अहमद सिद्दीकी	सहायक प्रोफेसर	21.12.2006	पी–एच.डी., अनूदित नाटक	आठवें दशक के प्रयोगशील प्रतिनिधि अनूदित हिंदी नाटक : भाषागत एवं रंगमंचीय प्रयोग	
राम प्रकाश यादव	सहायक प्रोफेसर**	09.07.2009	पी–एच.डी., हिंदी	हिंदी साहित्य के इतिहास में मान और मूल्य	अनुवाद अध्ययन, सामाज भाषाविज्ञान और अनुवाद
हरप्रीत कौर	सहायक प्रोफेसर	27.08.2012	पी–एच.डी., हिंदी	समकालीन हिंदी और पंजाबी स्त्री कविता में स्त्री विमर्श (1990 से अब तक)	आधुनिक कविता, स्त्री अध्ययन, अनुवाद
गोपाल राम	सहायक प्रोफेसर***	26.12.2012	एम.फिल.		भाषाविज्ञान

(*हैदराबाद विश्वविद्यालय में धारणाधिकार पर, **विदेश में अध्यापन, ***जेएनयू, नई दिल्ली में धारणाधिकार पर)

प्रकाशन

कौर, हरप्रीत

• (2019). 'बेदखली दे कागज' काव्य संग्रह, नवीं दुनिया, 76, कनाडा : परिचाला। ISBN 978–81–927506–3–7

• (2019). 'मैं लाम दी जंज दा लाडा हां', पाकिस्तानी कवि जाबाज जाफरी की कविताओं का शाहमुखी से गुरमुखी अनुवाद नवीं दुनिया, 62 कनाडा : परिचाला। ISBN 978–81–927506–9–9

अन्य जानकारियाँ

विभागीय ब्लॉग : विभाग द्वारा 'निर्वचन' नामक एक ब्लॉग तैयार किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य पाठकों को अनुवाद प्रौद्योगिकी संबंधी आवश्यक जानकारी, विभाग द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के विषय में विस्तृत सूचना, संगोष्ठियों/शिविरों की जानकारी, आयोजन संबंधी समाचार, अनुवाद–कार्य संबंधी मूल्यांकनपरक सामग्री तथा विभिन्न भाषाओं से हिंदी में अनूदित रचनाएँ उपलब्ध कराना है।

अनूदित ग्रंथ प्रकोष्ठ : विभाग ने यह निश्चय किया है कि पुस्तकालय में एक अनूदित ग्रंथ प्रकोष्ठ स्थापित किया जाए। इसका उद्देश्य समस्त अनुशासनों से संबंधित अनूदित ग्रंथों को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना और अनुवाद केंद्रित शोध व अध्ययन को प्रोत्साहित करना है।

अनुवाद शोध मंच : वर्ष 2013 में स्थापित अनुवाद शोध मंच का उद्देश्य अनुवाद के शोधार्थियों और अन्य छात्रों के शोध के अधुनातन क्षेत्रों की जानकारी प्रदान करना तथा अनुवाद एवं निर्वचन के व्यावहारिक पक्ष को विकसित करने की दृष्टि से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करना है।

एकीकृत अनुवादक सूची : नवीन विश्व परिदृश्य में अनुवाद की महत्ता दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। इसी के साथ विश्व भर के उन अनुवादकों को आपस में जोड़ने की आवश्यकता भी महसूस की जा रही है, जो अपनी मातृ–भाषा अथवा अन्य भाषाओं से हिंदी में और हिंदी से अन्य भाषाओं में अनुवाद कार्य कर रहे हैं। इसी आवश्यकता की पूर्ति के लिए अनुवाद अध्ययन विभाग ने 'एकीकृत अनुवादक सूची' तैयार करने की योजना प्रारंभ की है। इस सूची में पंजीकृत अनुवादकों को समय–समय पर अनुवाद कार्यशालाओं में आमंत्रित किया जाएगा, उन्हें अनुवाद अध्ययन के क्षेत्र में होने वाले शोध से परिचित कराया जाएगा, उनके लिए अनुवाद की नई तकनीक सुलभ बनाने के प्रयास किए जाएँगे तथा उन्हें मशीनी अनुवाद के महत्व से परिचित कराया जाएगा। इससे अनुवाद–कार्य के व्यावसायिक उपयोग की संभावनाएँ बढ़ेंगी।

ज्ञान सर्जन केंद्र : यह एक ऐसा केंद्र होगा, जिसकी स्थापना होने पर विज्ञान, समाज विज्ञान एवं मानविकी विषयों से जुड़ी शोध एवं संदर्भ सामग्री, विशेष रूप से अंग्रेजी व सामान्य रूप से अन्य भाषाओं से अनुवाद के माध्यम से हिंदी में आ सकेगी। अभी तक इस प्रकार की सामग्री मुख्यतः अंग्रेजी भाषा में है, जिस कारण हिंदी माध्यम से शोध एवं कक्षा अध्यापन में अनेक कठिनाइयाँ आती हैं। प्रस्तावित केंद्र इस समस्या के हल की दिशा में ठोस प्रयास करेगा। ज्ञान सर्जन केंद्र की स्थापना हेतु विस्तृत प्रस्ताव विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को प्रेषित किया जा चुका है।

अनुवाद विश्वकोश : यह हिंदी में ऐसा पहला कोश होगा, जिसमें अनुवाद, अनुवाद प्रौद्योगिकी, अनुवाद की पारिभाषिक शब्दावली, अनुवाद–प्रक्रिया, अनुवाद हेतु प्रयोग में आने वाले प्रमुख साधन, अनुवाद व्याकरण आदि विविध पक्षों की वैज्ञानिक जानकारी एक स्थान पर उपलब्ध होगी।

4.2 प्रवासन एवं डायस्पोरा अध्ययन विभाग

प्रवासन एवं डायस्पोरा अध्ययन विभाग का गठन अंतर–अनुशासनिक शोध एवं शैक्षणिक गतिविधियां संचालित करने के लिए गया है। इस विभाग में सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी अनुशासनों यथा समाजशास्त्र, मानवशास्त्र, राजनीति विज्ञान, साहित्य एवं सांस्कृतिक अध्ययन आदि के संधि–क्षेत्र में डायस्पोरा से जुड़े विभिन्न मुद्दों का अनुशीलन किया जा रहा है। प्रवासन एवं डायस्पोरा अध्ययन विभाग द्वारा शोधात्मक गतिविधियों के अंतर्गत भारतीय डायस्पोरा के ऐतिहासिक संदर्भ, उसकी सभ्यतागत धरोहर, सामाजिक एवं सांस्कृतिक निरंतरता एवं रूपांतरण, मेजबान समाज के संदर्भ में उनका आर्थिक एवं राजनैतिक जीवन, भारतीय स्वभूमि तथा भारतीय डायस्पोरा के बीच संप्रेषण एवं जुड़ाव को समृद्ध करने वाले तत्वों को सम्मिलित किया गया है। विश्व संस्कृति में भारतीय डायस्पोरा एक महत्वपूर्ण और कुछ संदर्भों में विशिष्ट स्थान निर्मित कर रहा है। वर्तमान भारतीय डायस्पोरा का उद्भव अंग्रेजों द्वारा भारत में राजनैतिक प्रभुत्व स्थापित करने तथा उसे औपनिवेशिक शासन प्रणाली के हिस्से के रूप में अंगीकार करने से मुख्यतः जुड़ा है। उन्नीसवीं शताब्दी में अनुबंधित श्रमिकों के रूप में बड़े पैमाने पर भारतीयों को सुदूरवर्ती औपनिवेशिक बागान क्षेत्रों में ले जाया गया। इन्हीं परिस्थितियों में मॉरीशस, त्रिनिदाद, सूरीनाम, दक्षिण अफ्रीका, फिजी, श्रीलंका, गयाना, मलेशिया एवं अन्य देशों में बसे भारतीय मूल के लोगों ने विविध गतिविधियों से एक विशिश्ट पहचान निर्मित की है। विभाग द्वारा औपनिवेशिक युग से वर्तमान तक भारतीय डायस्पोरा के गठन संचालन की प्रक्रिया का अध्ययन किया जा रहा है। विभाग के अध्ययन एवं शोध गतिविधियों का केंद्र–बिंदु अनुबंध आधारित श्रम व्यवस्था एवं वैश्वीकृत प्रवासन तंत्रों से निर्मित भारतीय डायस्पोरा है। विभाग के शोध गतिविधियों एवं अध्ययन के

उद्देश्य हैं : 1. मेजबान (होस्ट) समाजों में प्रवासन, अवस्थापन (बसाव) तथा पहचान निर्माण की प्रक्रियाएँ, 2. प्रवासन तथा स्वभूमि (होमलैंड): स्मृतियां, वृतांत एवं मौखिक इतिहास, 3. मेजबान समाजों की गतिशील शक्ति–संरचना के संदर्भ में भारतीय डायस्पोरा समुदायों में नृजातीय पहचान का उभारः एक समन्वयकारी अथवा विघटनकारी शक्ति के रूप में, 4. वैश्विक तथा राश्ट्रीय स्तर पर पहचान का संघर्श एवं भारत में उभरती नृजातीय–चेतना के संदर्भ में भारतीय डायस्पोरा, 5. भारतीय डायस्पोरा समुदायों का आपसी जुड़ाव तथा पारदेशीय संजाल (ट्रांसनेशनल नेटवर्क) तथा भारतीय स्वभूमि से उसका जुड़ाव, 6. मेजबान समाजों (होस्ट सोसाइटी) के सामाजिक, राजनैतिक, वैज्ञानिक–तकनीकी तथा औद्योगिक विकास में भारतीय डायस्पोरा का योगदान, 7. डायस्पोरा तथा भारतीय राज्यः संस्थाएं, अभिकरण एवं नीतियाँ, 8. भारतीय डायस्पोरा का नृजाति–विवरणात्मक अध्ययन, 9. भारतीय डायस्पोरा के बारे में भारतीय लेखकों, डायस्पोरा लेखकों एवं गैर भारतीय लेखकों द्वारा सृजित साहित्य का तुलनात्मक अध्ययन, 10. भारतीय डायस्पोरा में उभरते नवीन सांस्कृतिक स्वरूपों एवं लोकप्रिय संस्कृति संबंधी शोध।

पाठ्यक्रम : • एम.ए. प्रवासन एवं डायस्पोरा • एम.फिल. प्रवासन एवं डायस्पोरा अध्ययन • पी–एच.डी. प्रवासन एवं डायस्पोरा अध्ययन
• भारतीय डायस्पोरा में पी.जी. डिप्लोमा

गतिविधि

• विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

शोध परियोजनाएँ

• 'भारत में बसे तिब्बती शरणार्थियों की जीविकोपार्जन रणनीति एवं आर्थिक गतिविधियों का अध्ययन', 50 हजार रुपये, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा प्रदत्त।

लघु शोध परियोजना

• डायवरसिटीज ऑफ़ आइडेंटिटी : इमेजिन्ड इंडिया इन यंगर जेनेरेशन ऑफ़ इंडियन डायस्पोरा, सामाजिक विज्ञान अनुसन्धान परिषद, दिल्ली द्वारा वित्त प्रदत्त, बृहद शोध परियोजना, राशि 25 लाख रुपये।

प्राध्यापक विवरण

नाम	पदनाम	कार्यारंभ की तिथि	योग्यता	पीएच.डी. का शोध विषय	विशेषज्ञता का क्षेत्र
राजीव रंजन राय	सहायक प्रोफेसर	24.06.2010	डी.फिल. मानवविज्ञान	सोशियो–इकोनामिक स्टेटस, हेल्थ एंड वेलबींग ऑफ ए सोशल ग्रुप इन हैबिटिंग इन रूरल एंड अर्बन एरिया इन गोरखपुर डिस्ट्रिक्ट ऑफ ईस्टर्न उत्तर प्रदेश।	सामाजिक सांस्कृतिक मानव विज्ञान, भारतीय डायस्पोरा, अंतरराष्ट्रीय प्रवासन, ट्रांसनेशनलिज्म
मुन्नालाल गुप्ता	सहायक प्रोफेसर	27.05.2013	पीएच.डी. मानवविज्ञान	झारखंड आंदोलन एवं राज्य निर्माण का संथाल जनजाति की संस्कृति पर प्रभाव	सामाजिक सांस्कृतिक मानव विज्ञान, भारतीय डायस्पोरा और गांधी विचार, भारतीय इतिहास

संगोष्ठी / सम्मेलन / परिसंवाद / कार्यशाला / व्याख्यान / प्रस्तुतीकरण

राय, राजीव रंजन

• (18–20 अगस्त, 2018). भारत सरकार द्वारा मॉरीशस में आयोजित 11 वें विश्व हिंदी सम्मेलन में सरकारी प्रतिनिधि के रूप में सहभागिता।
• (18–19 जनवरी, 2019). 'डायस्पोरा एंड होमलैंड' विषय पर इतिहास विभाग, डीएवी पी.जी. कॉलेज, बनारस द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'इमेजिंड इंडिया ऐज़ होमलैंड इन आईडेंटिटी फॉरमेशन एमंग इंडियन डायस्पोरा' विषयक प्रपत्र प्रस्तुत।
• (19–20 जनवरी, 2019). 'इंडिया एंड द गिरमिटिया डायस्पोरा : लींकिंग फॉर डेवलपमेंट एंड प्रोस्पेरिटी' विषय पर इंडियन डायस्पोरा इंटरनेशनल सेंटर, बीएचयू, बनारस द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में सहभागिता।
• (20–26 जनवरी, 2019). विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बनारस में आयोजित 15 वें प्रवासी भारतीय दिवस समारोह में सहभागिता।
• (21 जनवरी, 2019). 'डायस्पोरा एंड इट्स रूट' विषय पर आर्य महिला पी.जी.कॉलेज, बनारस द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'कल्चरल रूट सर्च : डायस्पोरा रिकनेक्सन विथ इंडिया' विषयक प्रपत्र प्रस्तुत।
• (02 फरवरी, 2019). यशवंत ग्रामीण शिक्षण संस्था द्वारा संचालित, यशवंत महाविद्यालय, वर्धा द्वारा 'पर्यावरण संरक्षण में साहित्य, समाज और मीडिया की भूमिका' विषय पर आयोजित बहुविद्याशाखीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'सोशल फॉरेस्ट्री : एनवारमेंटल' पर प्रपत्र प्रस्तुत।

गुप्ता, मुन्नालाल

- (25–26 सितंबर, 2018). 'वर्तमान संदर्भ में भारतीय जनजातियों में पारंपरिक ज्ञान की प्रासंगिकता' विषय पर भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण, मध्य क्षेत्रीय केंद्र, नागपुर में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रपत्र वाचन तथा एक तकनीकी सत्र की अध्यक्षता।
- (21–22 दिसंबर, 2018). महात्मा गांधी की 150 जयंती पर महात्मा–विनोबा–जयप्रकाश चिंतन केंद्र, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग, झारखंड में 'गांधी और गिरमिटिया' विषय पर व्याख्यान।
- (18–19 जनवरी, 2019). 'डायस्पोरा एंड होमलैंड' विषय पर इतिहास विभाग, डीएवी पी.जी. कॉलेज, बनारस द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'गिरमिटिया इतिहास के स्रोत के रूप में लोक गीत' विषयक प्रपत्र वाचन।
- (21 जनवरी, 2019). 'डायस्पोरा एंड इट्स रूट' विषय पर आर्य महिला पी.जी. कॉलेज, बनारस द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'लोक गीतों में अभिव्यक्त गिरमिटिया जीवन' विषयक प्रपत्र वाचन।
- (20–26 जनवरी, 2019). विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बनारस में आयोजित 15वें प्रवासी भारतीय दिवस समारोह में सहभागिता।
- (23 जनवरी, 2019). भूगोल विभाग, उदय प्रताप कॉलेज, बनारस में 'डायस्पोरा एक भौगोलिक परिचय' विषय पर व्याख्यान।
- (23–24 फरवरी, 2019). एकेडमिक स्टॉफ कॉलेज, यू.जी.सी–ह्यूमन रिसोर्स डेवेलपमेंट सेंटर, रांची विश्वविद्यालय, रांची में इतिहास विषय पर आयोजित रिफ्रेशर कोर्स में 'भारतीय समुद्रपारीय प्रवासन एवं डायस्पोरा' विषय पर व्याख्यान।
- (30 मार्च, 2019). 'महात्मा गांधी इन द चेंजिंग टाइम्स' विषय पर मौलाना अब्दुल कलाम आज़ाद रिसर्च सेंटर, औरंगाबाद द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'महात्मा गांधी और गिरमिटिया श्रमिकों के मानवाधिकारों का संघर्ष' विषयक प्रपत्र वाचन।

प्रकाशन

गुप्ता, मुन्नालाल

- (मार्च–अगस्त, 2018). 'प्रवासी भारतीय और लोकप्रिय संस्कृति', गगनांचल, 41 (2–4), 168–172, नई दिल्ली : भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद, ISSN: 0971–1430
- (मार्च, 2019). 'महात्मा गांधी और गिरमिटिया श्रमिकों के मानवाधिकारों का संघर्ष', स्कॉलर इम्पैक्ट इंटरनेशनल जर्नल, 6(1), 66–68, ISSN : 2394-7632

5. मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ

इस विद्यापीठ में जनसंचार विभाग, म.गां.फ्यूजी गुरुजी समाज कार्य अध्ययन केंद्र और मानवविज्ञान विभाग संचालित हैं। मानवविज्ञान विभाग की स्थापना 17 सितंबर 2009 को की गई। मानवविज्ञान में आधुनिक शिक्षा के साथ रोजगार के नए अवसरों के अनुरूप विद्यार्थियों को शिक्षित किया जाता है। विषय से सबंधित शोध को बढ़ावा देना इस विभाग का मुख्य उद्देश्य है। मानवविज्ञान का प्रमुख अध्ययन क्षेत्र जनजातीय समुदाय है। इसलिए विदर्भ और महाराष्ट्र के अन्य क्षेत्रों में बसे जनजातीय समुदाय पर शोध इस विभाग का मुख्य कार्य है। फोरेंसिक साइंस में स्नातकोत्तर डिप्लोमा इस विभाग का एक अन्य महत्त्वपूर्ण पाठ्यक्रम है।

इस विद्यापीठ के अंतर्गत निम्नलिखित केंद्र एवं विभाग संचालित हैं :

5.1 जनसंचार विभाग

5.2 म.गां. फ्यूजी गुरुजी समाज कार्य अध्ययन केंद्र

5.3 मानवविज्ञान विभाग

5.1 जनसंचार विभाग

जनसंचार विभाग मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के अंतर्गत आता है। जनसंचार विभाग वर्ष 2004 में स्थापित किया गया। जनसंचार विभाग अपने विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को संचार के विविध क्षेत्रों में तकनीकी सूक्ष्मता की विकसित समझ तथा अपने विषय की विशेषज्ञता प्रदान करता है। यह विभाग स्तरीय शोध के लिए निरंतर गतिशील है। विभाग द्वारा राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय स्तर के मीडिया शोध विशेषज्ञों को आमंत्रित कर ज्ञानवर्द्धन के प्रयास किए जा रहे हैं। जनसंचार विभाग मीडिया अध्ययन के लिए नई सूचना प्रौद्योगिकी के साथ जुड़कर विशेश कार्यक्रमों को चलाता है, जैसे मीडिया शोध में गुणवत्ता, तात्कालिक विषयों पर लेखन, कौशल आधारित शिक्षा, मीडिया प्रशिक्षण, जनसंपर्क एवं विज्ञापन की नई प्रवृत्तियाँ, नवाचार और मीडिया प्रबंधन, पत्रकारिता के नैतिक मूल्य, टीवी और फिल्म निर्माण, विद्यार्थियों में सूचना तकनीक की कुशलता आदि। विभाग के समृद्ध विभागीय पुस्तकालय, अत्याधुनिक उपकरण से लैस स्टूडियो, न्यूज तथा तकनीक प्रशिक्षण कक्ष के उपयोग द्वारा अध्ययनरत विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास किया जाता है। टीवी निर्माण में उच्च व्यावसायिक गुणवत्ता की दृष्टि से विद्यार्थियों को अच्छा प्रशिक्षण मिलने हेतु मीडिया लैब में उच्च गुणवत्ता वाले कैमरे एवं अन्य सामग्री का प्रयोग किया जाता है। स्मार्ट क्लास रूम, अपडेट कंप्यूटर सुविधाओं के साथ ही विद्यार्थियों को टीवी कार्यक्रम निर्माण एवं ग्राफिक्स डिजाइन के लिए एपल मैक प्रो कंप्यूटर की सुविधा भी मीडिया लैब में उपलब्ध है। समकालीन सामाजिक प्रतिमान के समानांतर मीडिया क्षेत्र में नई दिशा देना विभाग का लक्ष्य है।

पाठ्यक्रम : • बी.ए. (ऑनर्स) पत्रकारिता एवं जनसंचार • एम.ए.जनसंचार • एम.फिल. जनसंचार • पी–एच.डी. जनसंचार

गतिविधियाँ

- (10 जनवरी, 2019). विश्वभारती विश्वविद्यालय, शांति निकेतन के प्रो. बिप्लव चौधुरी का 'संचार के सिद्धांत' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। न्यूज़ 18 लोकमत के एंकर विलास बढ़े और कैमरामेन रमेश भट्ट का विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया।
- (27–30 मार्च 2019). जनसंचार विभाग द्वारा हिंदी के चार पुरोधा संपादकों–गणेश मंत्री, नारायण दत्त, प्रभाष जोशी, धर्मवीर भारती की पत्रकारिता पर आयोजित संगोष्ठी में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने चार व्याख्यान दिए। इस अवसर पर माधवराव सप्रे संग्रहालय, भोपाल के संस्थापक विजय दत्त श्रीधर, डॉ मंगला अनुजा, डॉ पुष्पिता अवस्थी की विशेष उपस्थिति रही।

प्राध्यापक विवरण

नाम	पदनाम	कार्यारंभ की तिथि	योग्यता	पी–एच.डी. का शोध विषय	विशेषज्ञता का क्षेत्र
अनिल कुमार राय	प्रोफ़ेसर	07.07.2009	पीएच.डी	उत्तर प्रदेश में महिलाओं का सशक्तीकरण और जनमाध्यम : पंचायती राज संस्थाओं का विश्लेणात्मक अध्ययन	इलेक्ट्रॉनिक मीडिया (टी.वी. कार्यक्रम निर्माण), रिपोर्टिंग एवं फीचर लेखन
कृपाशंकर चौबे	प्रोफ़ेसर	23.07.2009	पीएच.डी	हिंदी पत्रकारिता : परिवर्तन और प्रवृत्तियाँ	प्रिंट मीडिया एवं साहित्य
धरवेश कठेरिया	सहायक प्रोफ़ेसर	23.03.2007	पीएच.डी	सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवर्तन में जनमाध्यमों की भूमिका–जबलपुर के परिपेक्ष्य में (इलेक्ट्रॉनिक मीडिया–फिल्म एवं टीवी के विशेष संदर्भ में)	टी.वी. एवं रेडियो पत्रकारिता और कार्यक्रम निर्माण
अख्तर आलम	सहायक प्रोफ़ेसर	10.07.2009	पीएच.डी	मुस्लिम महिलाओं के सशक्तीकरण में हिंदी पत्रों का योगदान (गोरखपुर, आजमगढ़, वाराणसी मंडल के संदर्भ में)	प्रिंट मीडिया और जनसंपर्क
संदीप वर्मा	सहायक प्रोफ़ेसर	15.06.2010	एम.फिल.	...	इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और मीडिया विधि
राजेश लेहकपुरे	सहायक प्रोफ़ेसर	16.06.2010	एम.एम.सी.जे.	...	प्रिंट मीडिया, विज्ञापन एवं जनसंपर्क
रेणु सिंह	सहायक प्रोफ़ेसर	22.06.2010	पीएच.डी	डिजिटल डिवाइड इन हायर एजुकेशन	विकास संचार, न्यू मीडिया, शोध प्रविधि

संगोष्ठी / सम्मेलन / परिसंवाद / व्याख्यान / प्रस्तुतीकरण

आलम, अख्तर

- (7–8 अक्तूबर, 2018). पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय, छतीसगढ़, बिलासपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'सामाजिक न्याय और गांधी की पत्रकारिता' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत।
- (2 फरवरी, 2019). हिंदी विभाग, यशवंत महाविद्यालय, वर्धा द्वारा 'पर्यावरण संरक्षण में साहित्य, समाज और मीडिया की भूमिका' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'पर्यावरण संरक्षण में मीडिया की भूमिका' विषयक शोध पत्र प्रस्तुत।
- (2 मार्च, 2019). न्यू आर्ट्स, कॉमर्स एंड साइंस कॉलेज, वर्धा द्वारा 'महात्मा @ 150' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'गांधी के सपनों का भारत और हिन्द स्वराज' विषयक शोध पत्र प्रस्तुत।

वर्मा, संदीप कुमार

- (जनवरी, 2019). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'डिजीटल माध्यमों पर सिनेमा का प्रसार और व्यापार' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत।
- (फरवरी, 2019). हिंदी विभाग, यशवंत महाविद्यालय, वर्धा द्वारा 'पर्यावरण संरक्षण में साहित्य, समाज और मीडिया की भूमिका' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत।
- (मार्च, 2019). न्यू कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय, वर्धा द्वारा महात्मा@150 विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'गांधीयन अभिव्यक्ति और विचारों के आधार पर वेब संचार के नैतिक मापदंड' विषयक पत्र प्रस्तुत।

लेहकपुरे, राजेश

- (2 फरवरी 2019). हिंदी विभाग, यशवंत महाविद्यालय, वर्धा द्वारा 'पर्यावरण संरक्षण में साहित्य, समाज और मीडिया की भूमिका' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'प्रिंट मीडिया और पर्यावरण' विषयक शोध पत्र प्रस्तुत।
- (2 मार्च 2019). न्यू आर्ट्स, कॉमर्स एंड साइंस कॉलेज, वर्धा द्वारा 'महात्मा@150' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'महात्मा गांधी के पत्रकारीय मूल्य और विज्ञापन नीति' विषयक शोध पत्र प्रस्तुत।

सिंह, रेणु

- (3–4 दिसम्बर 2018). वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित मूलभूत जनसंचार शब्दावली (अंग्रेजी–हिंदी) के निर्माण कार्य में विषय विशेषज्ञ एवं संपादक सदस्य के रूप मे सहभागिता।
- (5–7 दिसम्बर 2018). वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक शोध पत्रिका ज्ञान गरिमा सिंधु (जनसंचार विशेषांक) की संपादक समिति के सदस्य के रूप मे सहभागिता।
- (7–11 जनवरी, 2019). वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा न्यू मीडिया (अंग्रेजी–हिंदी) शब्दावली निर्माण कार्य पर म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा में आयोजित बैठक के आयोजक एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में सहभागिता।
- (02 फ़रवरी, 2019). यशवंत महाविद्यालय, वर्धा द्वारा 'पर्यावरण संरक्षण में साहित्य, समाज और मीडिया की भूमिका' विषय पर आयोजित आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'पर्यावरण संरक्षण में मीडिया की भूमिका' विषयक शोध पत्र प्रस्तुत।
- (02 मार्च, 2019). न्यू आर्ट्स, कॉमर्स एंड साइंस कॉलेज, वर्धा द्वारा 'महात्मा @150' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'ए कम्पेरेटिव स्टडी ऑफ़ गांधीग्राम स्वराज एंड ई–गवर्नन्स' विषयक शोध पत्र प्रस्तुत।
- (28–30 मार्च, 2019). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के स्त्री अध्ययन विभाग द्वारा 'ज़ेंडर समानता की गांधीवादी दृष्टि : सामर्थ्य, संभावनाएँ एवं चुनौतियाँ' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के समानांतर सत्र की सह–अध्यक्षता।
- (31 मार्च–01 अप्रैल, 2019). पालि सोसाइटी ऑफ़ इंडिया, वाराणसी द्वारा 'दी रिवाइवल ऑफ़ बुद्धिज्म इन मॉडर्न इंडिया' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'बौद्ध धर्म और डॉ. भीमराव अंबेडकर' विषयक शोध पत्र प्रस्तुत।

प्रकाशन

चौबे, कृपाशंकर

- (2018). मीडिया संस्कृति समय, नई दिल्ली : प्रकाशन संस्थान, ISBN : 978–81–7714–658–5
- (2018). हिंदी और पूर्वोत्तर (सं.), नई दिल्ली : वाणी प्रकाशन, ISBN : 978–93–87648–50–0
- (2018). विरल सारस्वत साधना (सं.), नई दिल्ली : इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, ISBN : 978–93–80935–7
- (2018). 'आदिवासी अधिकार की अग्निशिखा', मानव अधिकार नई दिशाएं, रजत जयंती विशेषांक, 15, 35–52, नई दिल्ल्ली : राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, ISSN : 0973–7588
- (जुलाई 2018). 'वैचारिक लेखन में राजकिशोर का कोई जवाब नहीं था', आंचलिक पत्रकार, 22–24, ISSN : 23193107

- (जुलाई 2018). 'कुलपति के रूप में जगदीश उपासने की नई पारी', आंचलिक पत्रकार, 29–31, ISSN : 23193107
- (अगस्त 2018). 'हिंदी पत्रकारिता की भाषा और वर्तनी', आंचलिक पत्रकार, 37–43, ISSN : 23193107
- (अगस्त 2018). 'शिवपूजन सहाय की पत्रकारिता', जन मीडिया, 25–30, ISSN : 2277–2847
- (अक्टूबर 2018). 'राम बहादुर राय की अनूठी संवाद शैली', आंचलिक पत्रकार, 19–28, ISSN : 2319–3107
- (अक्टूबर 2018). 'अंतरराष्ट्रीय स्वरूप लेता विश्व हिंदी सम्मेलन', साहित्य अमृत, 14–19, ISSN : 2455–1171
- (अक्टूबर–दिसंबर 2018). 'हिंदी को सींचनेवाले मराठीभाषी', बहुवचन, 59, 30–58, वर्धा : म.गां.अं.हिं.वि, ISSN : 2348–4586
- (नवंबर 2018). 'जनोन्मुख पत्रकारिता के पैरोकार हरिवंश', आंचलिक पत्रकार, 04–11, ISSN : 2319–3107
- (दिसंबर 2018). 'कुमारसभा पुस्तकालय के सौ साल', आंचलिक पत्रकार, 16–20, ISSN : 2319–3107

कठेरिया, धरवेश

- (नवंबर 2018). 'विज्ञापन : सामाजिक जागरूकता और भावनात्मक आकर्षण', रिव्यू ऑफ रिसर्च, 08 (02) ISSN : 2249–894X

आलम, अख्तर

- (मई, 2018). 'सूचना समाज और सोशल मीडिया (फेसबुक के विशेष संदर्भ में)' सह–लेखक, रिव्यू ऑफ रिसर्च, 07, 9–14, ISSN : 2449–59 X
- (नवंबर 2018). 'प्रिंट मीडिया में तीन तलाक खबरों का प्रस्तुतीकरण', इंटरनेशनल जर्नल ऑफ हिंदी रिसर्च, 4, 40–44, ISSN : 2455–2232
- (मार्च 2019). 'गांधी के सपनों का भारत और हिंद स्वराज', इंटरनेशनल जर्नल, विशेषांक, 228–230, ISSN : 2319–9318
- (जनवरी–मार्च 2019). 'सरोगेट विज्ञापन के संवाद और उत्पाद के संबंधों का विश्लेषण' सह–लेखक, इंटरनेशनल जर्नल, 8, 6–10

लेहकपुरे, राजेश

- (अगस्त, 2018). 'युवाओं पर विज्ञापन का प्रभाव', रिसर्च जर्नी, 120–129, अमरावती : स्वातिधन प्रकाशन, ISSN : 2348–7143
- (जनवरी–मार्च, 2019). 'सरोगेट विज्ञापन के संवाद और उत्पाद के संबंधों का विश्लेषण', अजंता, 6–10, औरंगाबाद : अजंता प्रकाशन, ISSN : 2277–5730

सिंह, रेणु

- (जुलाई–सितंबर, 2018). ज्ञान गरिमा सिंधु (त्रैमासिक पत्रिका, जनसंचार विशेषांक) (संपादन समिति), 59, नई–दिल्ली : वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग; मानव संसाधन विकास मंत्रालय (उच्चतर शिक्षा विभाग) भारत सरकार. ISSN: 2321–0443
- (जुलाई– सितंबर 2018). 'राजनीतिक संचार और मीडिया साक्षरता में हिंदी एवं क्षेत्रीय भाषा की भूमिका', ज्ञान गरिमा सिंधु, 59, 14–21, नई–दिल्ली : वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग; मानव संसाधन विकास मंत्रालय (उच्चतर शिक्षा विभाग) भारत सरकार. ISSN: 2321–0443
- (अक्टूबर–2018). 'जनमत निर्माण सिद्धांत का विकास एवं विश्व के प्रमुख चिंतक', हिंदी समय (ई. पत्रिका), वर्धा : म.गां.अं.हिं.वि.
- (2019). जनसंचार मूलभूत शब्दावली (अंग्रेज़ी–हिंदी) (विषय विशेषज्ञ), नई–दिल्ली : वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग; मानव संसाधन विकास मंत्रालय (उच्चतर शिक्षा विभाग) भारत सरकार।

5.2 महात्मा गांधी फ्यूजी गुरुजी सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र

विश्वविद्यालय के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के अंतर्गत इस केंद्र की स्थापना वर्ष 2009 में की गई। देश के प्रचलित मानकों के साथ चल रहा समाज कार्य पाठ्यक्रम राष्ट्रहित में एक चुनौती के रूप में गांधी–मूल्यों का प्रसार करते हुए स्वाबलंबन की सीख देता है। यह पाठ्यक्रम शास्त्रीय अध्ययन मात्र नहीं बल्कि कार्य व्यवहार का विशाल क्षेत्र निर्मित करता है जिससे जीवन और जीविका दोनों की सुरक्षा संभव हो पाती है। केंद्र अपने पाठ्यक्रमों के माध्यम से ऐसे सुप्रशिक्षित विद्यार्थियों को तैयार करने को प्रयत्नशील है जो अकादमिक एवं व्यावहारिक तौर पर समाज के तमाम अन्यायों एवं शोषण के प्रति आवाज मुखर करते हुए सशक्त हस्तक्षेप कर सामाजिक न्याय पर आधारित समाज का निर्माण कर सके। केंद्र प्रचलित समाज कार्य के पठन–पाठन में एक सशक्त हस्तक्षेप करते हुए ऐसे मानव संसाधनों को प्रशिक्षित करने का प्रयास कर रहा है जो समाज से सह–संवेदी होते हुए समाज कार्य की नई प्रविधि एवं दृष्टिकोणों की खोज कर सकें साथ ही ऐसा करते हुए अद्यतन तकनीकों के प्रयोग के माध्यम से समाज के साथ अपने ज्ञानोत्पादन को साझा कर सकें।

पाठ्यक्रम : • समाज कार्य में स्नातक (बी.एस.डब्ल्यू.) • समाज कार्य में स्नातकोत्तर (एम.एस.डब्ल्यू.) • एम.फिल. (समाज कार्य) • पी–एच.डी. (समाज कार्य) • एन.जी.ओ. प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा।

गतिविधियाँ

- (11 अप्रैल, 2018). महात्मा ज्योतिबा फुले तथा कस्तूरबा गांधी की जयंती के अवसर पर प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी के व्याख्यान का आयोजन।
- (7 मई, 2018). बा–बापू 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में कार्यशाला का आयोजन।
- (29–30 जून, 2018). भारतीय शिक्षण मंडल, नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में समाज कार्य पाठ्यक्रम कार्यशाला का आयोजन।
- (11 सितंबर, 2018). केंद्र में विनोबा भावे की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन। मुख्य वक्ता प्रो. गिरीश्वर मिश्र।
- (16 सितंबर, 2018). केंद्र में एलजीबीटीक्यू समुदाय एवं उनके अधिकार (धारा– 377) के विशेष संदर्भ में परिचर्चा का आयोजन। मुख्य वक्ता रवीना बरिहा।
- (03 अक्टूबर, 2018). केंद्र द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर डॉ. एम. एल. कासारे का ''संविधान समाज और गांधी'' विषय पर व्याख्यान का आयोजन।
- (14 जनवरी, 2019). केंद्र में शोधवार्ता के अंतर्गत पर्यावरण एवं सामाजिक जागरूकता विषय पर श्री. राजाराम त्रिपाठी ने वक्तव्य दिया।
- (19 जनवरी, 2019). केंद्र में विश्व समाज कार्य दिवस के अवसर पर 'प्रमोटिंग द इम्पॉर्टेन्स ऑफ ह्यूमन रिलेशनशिप' विषय पर एक दिवसीय परिचर्चा का आयोजन।
- (12–21 फरवरी, 2019). महात्मा गांधी फ्यूजी गुरुजी सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र और शिक्षा विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा तथा एम.जी.एन.सी. ऑफ रुरल एज्युकेशन, हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में 'ग्रामीण समुदाय सहभागिता' विषय पर संकाय संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन।
- (17 फरवरी, 2019). एम. एस. एस. इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल वर्क, नागपुर, स्कूल ऑफ सोशल वर्क, सोपेर कॉलेज, इजराइल, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा एवं डॉ. एम. के. उमटे कॉलेज, नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में 'यूथ इन इजराइल एंड इंडिया : इश्यूज एंड चैलेंजेज' विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन।

शोध परियोजनाएँ

पूर्ण परियोजना

- राष्ट्र बनाम आख्यान : 21 वीं सदी में राष्ट्रवाद, आईसीएसएसआर, नई दिल्ली द्वारा वित्तपोषण (कुल रकम 18 लाख), प्रमुख अन्वेषक : प्रो. मनोज कुमार, सह–अन्वेषक : डॉ. मिथिलेश कुमार।
- 'सामाजिक पूँजी एवं किसान आत्महत्या', आईसीएसएसआर, नई दिल्ली द्वारा वित्तपोषण (कुल रकम 10 लाख), प्रमुख अन्वेषक : डॉ. शंभू जोशी, सह–अन्वेषक : डॉ. मिथलेश कुमार एवं डॉ. आमोद गुर्जर।

शोधरत परियोजना

- 'कल्याणकारी योजनाओं के बदलते संदर्भ म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा वित्तपोषित (राशि 50 हजार) प्रमुख अन्वेषक–डॉ. मिथिलेश कुमार।

प्राध्यापक विवरण

नाम	पदनाम	कार्यारंभ की तिथि	योग्यता	पी–एच.डी. का शोध विषय	विशेषज्ञता का क्षेत्र
मनोज कुमार	निदेशक	23.03.2007	पी–एच.डी. गांधी विचार	शांति सेना : सिद्धांत एवं व्यवहार	गांधी अध्ययन, सामाजिक नीति एवं सामाजिक विकास
मिथिलेश कुमार	सहायक प्रोफ़ेसर	26.11.2015	पी–एच.डी. अहिंसा एवं शांति अध्ययन	सूचना का अधिकार : आलोचनात्मक अध्ययन	शांति अध्ययन शोध प्रविधि

संगोष्ठी / सम्मेलन / परिसंवाद / व्याख्यान / प्रस्तुतीकरण

कुमार, मनोज

- (7 मई, 2018). बा–बापू 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यशाला का निर्देशन।
- (29–30 जून, 2018). भारतीय शिक्षण मंडल, नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समाज कार्य पाठ्यक्रम कार्यशाला का निर्देशन।
- (15–16 दिसंबर, 2018). महात्मा गांधी फ्यूजी गुरुजी सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र एवं भारतीय शिक्षण मंडल, नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में तुमकुर विश्वविद्यालय, कर्नाटक में ''गांधी वैल्यूज एंड सोशल वर्क'' विषय पर प्रपत्र वाचन तथा सम्मेलन का निर्देशन।
- (12–18 फरवरी, 2019). महात्मा गांधी फ्यूजी गुरुजी सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र और शिक्षा विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा तथा एम.जी.एन.सी. ऑफ रूरल एजुकेशन, हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में 'ग्रामीण समुदाय सहभागिता' विषय पर आयोजित 'संकाय संवर्धन कार्यक्रम' का निर्देशन।
- (17 फरवरी, 2019). एम. एस. एस. इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल वर्क, नागपुर, स्कूल ऑफ सोशल वर्क, सोपेर कॉलेज, इजराइल, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा एवं डॉ.एम.के. उमटे कॉलेज, नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में 'यूथ इन इजराइल एंड इंडिया : इश्यूज एंड चैलेंजेज' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के समन्वयक।
- (20–22 फरवरी, 2019). गांधीनगर में 'भारतीय समाज शिक्षा एवं साहित्य' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में एक सत्र की अध्यक्षता।
- (28–30 मार्च, 2019). आई.सी.एस.एस. आर., नई दिल्ली एवं म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'जेंडर समानता की गांधीवादी दृष्टि : सामर्थ्य, संभावनाएँ एवं चुनौतियाँ' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के एक सत्र की अध्यक्षता।

कुमार, मिथिलेश

- (7 मई, 2018). बा–बापू 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यशाला का संयोजन।
- (29–30 जून, 2018). भारतीय शिक्षण मंडल, नागपुर द्वारा आयोजित समाज कार्य पाठ्यक्रम कार्यशाला का संयोजन।
- (27–28 सितंबर, 2018). स्कूल ऑफ सोशल वर्क, इग्नू, दिल्ली द्वारा 'इन्क्लूसिव सोशल वर्क एजुकेशन इन इंडिया एंड अंडरस्टैडिंग डिसएबिलिटी एंड सोशल वर्क' विषय पर आयोजित दो दिवसीय परिचर्चा में सहभागिता।
- (8 अक्टूबर, 2018). आई.आई.टी., मुंबई में 'गांधी–150' के उपलक्ष्य में आयोजित टास्क फोर्स मीटिंग में सहभागिता।
- (16 नवंबर–14 दिसंबर, 2018). शिक्षा विद्यापीठ, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा आयोजित 'संकाय अनुप्रेरण कार्यक्रम' में सहभागिता।
- (15–16 दिसंबर, 2018). महात्मा गांधी फ्यूजी गुरुजी सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र एवं भारतीय शिक्षण मंडल, नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में तुमकुर विश्वविद्यालय, कर्नाटक में ''द रिलेवन्स ऑफ ओरबिंदो'' विषय पर प्रपत्र वाचन तथा सम्मेलन का संयोजन।
- (5 जनवरी, 2019). शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, होशंगाबाद में 'वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मानव तस्करी के विविध आयाम' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'मानव तस्करी एवं मानवाधिकार का प्रश्न' विषय पर आलेख वाचन।
- (12–18 फरवरी, 2019). महात्मा गांधी फ्यूजी गुरुजी सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र और शिक्षा विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा तथा एम.जी.एन.सी. ऑफ रूरल एजुकेशन, हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में 'ग्रामीण समुदाय सहभागिता' विषय पर आयोजित संकाय संवर्धन कार्यक्रम का संयोजन।
- (17 फरवरी, 2019). एम.एस.एस. इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल वर्क, नागपुर, स्कूल ऑफ सोशल वर्क, सोपेर कॉलेज, इजराइल, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा एवं डॉ.एम.के. उमटे कॉलेज, नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में 'यूथ इन इजराइल एंड इंडिया : इश्यूज एंड चैलेंजेज' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'गांधीयन विजन फॉर यूथ फॉर नेशन बिल्डिंग थ्रू कंस्ट्रक्टिव प्रोग्राम' विषय पर प्रपत्र वाचन एवं कार्यक्रम का संयोजन।
- (20–22 फरवरी, 2019). गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय एवं म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में गांधीनगर में 'भारतीय समाज शिक्षा एवं साहित्य' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में 'गांधीय समाज कार्य की ज्ञानमीमांसा' विषयक आलेख प्रस्तुति एवं कार्यक्रम का संयोजन।
- (02 मार्च, 2019). न्यू आर्ट्स, कॉमर्स एंड साइंस कॉलेज, वर्धा द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 'जे.सी. कुमारप्पा का आर्थिक चिंतन' विषय पर प्रपत्र वाचन।
- (11–12 मार्च, 2019). जमशेदपुर महिला महाविद्यालय, जमशेदपुर में एम.फिल. शोधार्थियों के लिए 08 विशेष व्याख्यान।
- (28–30 मार्च, 2019). आई.सी.एस.एस.आर., नई दिल्ली एवं म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'जेंडर समानता की गांधीवादी दृष्टि : सामर्थ्य, संभावनाएँ एवं चुनौतियाँ' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का संयोजन।

प्रकाशन

कुमार, मनोज

(05 मई, 2018). 'मानसिक विकृति एवं समाज कार्य', इंटेरनेशनल जर्नल ऑफ इनोवेटिव नॉलेज कन्सेप्ट्स, 6 (5), 120–126.

कुमार, मिथिलेश

- (2019). 'विशेष योग्यता वाले समूहों के मानवाधिकार का सवाल', रिइनवेंटिंग दिव्यांग : टूवर्ड सोशल इंक्लूजन (सं.), नई दिल्ली : शिवालिक प्रकाशन।
- (2019). गांधी दृष्टि के विविध आयाम (जोशी, एस. के साथ सह–लेखन), नई दिल्लीः राजकमल प्रकाशन।
- (जनवरी–मार्च, 2019). भूदान की ज्ञान मीमांसा, बहुवचन, 60, 168–177, वर्धा : म.गां.अं.हिं.वि.।
- (2 मार्च, 2019). 'जे. सी. कुमारप्पा का आर्थिक चिंतन', इंटरनेशनल रिसर्च जर्नल, विशेषांक, 262–264

उपलब्धियाँ

- कु. रक्षा महाजन –बेस्ट इंटर्न (प्रथम) अवार्ड 2018, द्वारा मिशन समृद्धि
- श्री गणेश बोरकर –बेस्ट इंटर्न (द्वितीय) अवार्ड 2018, द्वारा मिशन समृद्धि

विभाग / केंद्र द्वारा एमओयू का विवरण

एमओयू की तिथि	संस्थान नाम	संस्थान की ओर हस्ताक्षर करने वाले का नाम
03 दिसंबर, 2018	मातृ सेवा संघ इंस्टीटयूट ऑफ सोशल वर्क, नागपुर	प्रो. जॉन मीनाचेरी

5.3 मानवविज्ञान विभाग

मानवविज्ञान विभाग, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण विभाग है। इस विभाग की स्थापना 17 सितम्बर, 2009 में की गई। मानवविज्ञान विभाग का उद्देश्य उत्कृष्ट शिक्षण एवं शोध के साथ–साथ विषय के अन्य पक्षों को भी उन्नत करना है। चूँकि मानवविज्ञान का एक प्रमुख अध्ययन क्षेत्र 'जनजातीय समुदाय' है इसलिए विदर्भ क्षेत्र में स्थित यह विभाग विशाल जनजातीय समुदाय विशेष रूप से मध्य भारत की जनजातियों पर महत्वपूर्ण अध्ययन कर रहा है, जिसमें विदर्भ क्षेत्र की विभिन्न जनजातियों की संस्कृतियाँ प्रमुखतः शामिल हैं। इस समय विभाग में सामाजिक–सांस्कृतिक मानवविज्ञान में विशेष शैक्षणिक एवं शोधकार्य चल रहा है, जिसका उद्देश्य मानव के सांस्कृतिक पहलुओं पर विशेष प्रकाश डालना है।

पाठ्यक्रम : • बी.ए.– एम.ए. एकीकृत मानव विज्ञान • एम. ए. मानव विज्ञान • एम.फिल. मानव विज्ञान
• पी–एच.डी. मानव विज्ञान • डिप्लोमा इन फॉरेंसिक साइंस।

गतिविधियाँ

'नृजातिवर्णन शोध के पद्धतिपरक परिप्रेक्ष्य' विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। वक्ताः– प्रो. गिरीश्वर मिश्र, प्रो. पी.सी. जोशी, प्रो. डी.पी.सिंह, प्रो. एस. एन. चौधरी, डॉ रत्ना धर, डॉ. समित घोषाल और डॉ. राम गंभीर।

शोध परियोजना

• 'शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की स्थिति (वर्धा जिले के विशेष संदर्भ में)' म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा वित्त पोषित।

शोध परियोजनाएँ पूर्ण : • 'डाइवर्सिटीज ऑफ आइडेंटिटीः इमेजिंड इंडिया अमंग यंग जनरेशन ऑफ इंडियन डायस्पोरा', भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा वित्त पोषित।

जारी शोध परियोजनाएँ : • 'हेल्थ, न्यूट्रीशन एंड पोवर्टी अमंग द कोलाम ऑफ विदर्भ' म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा वित्त पोषित।
'जाति व कारीगर आधारित समाज व्यवस्था और श्री रविन्द्र शर्मा (गुरु जी) की दृष्टि', भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा वित्त पोषित।
• 'रिकोनिटियरिंग द कल्चरल डायनिमिक्स ऑफ इंटरनेशनल माइग्रेशन (विद स्पेशल रेफरंस टू विलेज ऑफ मिडल गैस्कैटिक प्लान्स ऑफ ईस्टर्न यू.पी.)' भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा वित्त पोषित।

प्राध्यापक विवरण

नाम	पदनाम	कार्यारंभ की तिथि	योग्यता	पी–एच.डी. का शोध विषय	विशेषज्ञता का क्षेत्र
फरहद मलिक	प्रोफ़ेसर	06.07.2016	पी–एच.डी. मानवविज्ञान	एथनीसिटी एंड ट्राइबल अनरेस्ट : एन एंथ्रोपोलोजीकल इनक्वायरी इन मध्य प्रदेश एंड वेस्ट बंगाल	सामाजिक–सांस्कृतिक मानवविज्ञान
वीरेंद्र प्रताप यादव	सहायक प्रोफेसर	16.6.2010	पी–एच.डी. मानवविज्ञान	सोशल मोबिलिटी अमंग द ओबीसीज़ ऑफ उत्तर प्रदेश विद स्पेशल रिफरेंस टू द डायनॉमिक्स ऑफ यादवज़ इमरजिंग एज़ डोमिनेन्ट कास्ट	सामाजिक–सांस्कृतिक मानवविज्ञान
निशीथ राय	सहायक प्रोफेसर	16.6.2010	डी.फिल. मानवविज्ञान	अन इथनोआरकियोलाजीकल स्टडी ऑफ 'मवासी' ट्राईब इन सतना डिस्ट्रिक्ट ऑफ मध्य प्रदेश एलोंग विथ देयर हेल्थ एंड लिव्ड इन इन्वायरनमेंट	शारीरिक मानवविज्ञान

संगोष्ठी / सम्मेलन / परिसंवाद / कार्यशाला / व्याख्यान / प्रस्तुतीकरण

मलिक, फरहद

• (24–26 सितंबर, 2018). भारत मानवविज्ञान सर्वेक्षण, नागपुर द्वारा 'वर्तमान समय में भारतीय जनजातियों में पारंपरिक ज्ञान की प्रासंगिकता' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'आदिवासी जीवन–शैली आधारित पारंपरिक ज्ञान' विषयक शोध पत्र प्रस्तुत।

यादव, वीरेन्द्र प्रताप

• (27–29 जनवरी, 2019). राजस्थान प्रगतिशील लेखक संघ (समानान्तर साहित्य उत्सव) द्वारा 'आदिवासी समाज और आदिवासी संस्कृति' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में "लोकतंत्र, साहित्य और नागरिक समाज' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत।

राय, निशीथ

• (24–26 सितंबर, 2018). भारत मानवविज्ञान सर्वेक्षण, नागपुर द्वारा 'वर्तमान समय में भारतीय जनजातियों में पारंपरिक ज्ञान की प्रासंगिकता'

विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'विदर्भ के कोलाम समाज में पंथ निरपेक्षतावाद का देशज स्वरूप : एक वैयक्तिक अध्ययन' विषयक शोध पत्र प्रस्तुत।

- (5–7 दिसंबर, 2018). आई.सी.पी.आर. और बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा 'जनजातियों की तत्वदृष्टि और जीवनदृष्टि का दार्शनिक आयाम' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'तत्वदृष्टि के आईने में आदिवासी समाज बनाम आधुनिक समाज' विषयक शोध प्त्र प्रस्तुत।

प्रकाशन

मलिक, फरहद

- (2018). विकास, पर्यावरण और आदिवासी समाज (सं. मलिक एवं कुमार), नई दिल्लीः के के पब्लिकेशन्स।
- (2018). 'संरक्षण एवं आदिवासी अधिकार से जुडे मुद्दे', विकास, पर्यावरण और आदिवासी समाज, (सं. मलिक एवं कुमार), 38–45, नई दिल्ली : के के पब्लिकेशन्स।
- (2018). 'संरक्षण, विस्थापन एवं आदिवासी समाज', विकास, पर्यावरण और आदिवासी समाज (सं. मलिक एवं कुमार), 52–59, नई दिल्लीः के के पब्लिकेशन्स।

यादव, वीरेन्द्र प्रताप

- (2018). 'शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की जातिगत स्थिति का अध्ययन (वर्धा जिले के विशेष संदर्भ में)', मानव, 36.
- (2018). 'सोशियो–इकनोमिक चेंजेस अमंग द ओ.बी.सीस ऑफ उत्तरप्रदेश,' इंडियन जर्नल ऑफ फिजिकल एंथ्रोपॉलोजी एंड हयूमन जेनिटिक्स, 37.

राय, निशीथ

- (जनवरी–अप्रैल 2018). रवींद्र शर्मा : गुरु, नायक और शिक्षक का एक विरल संयोग'. शोध. XV(1), 90–93.
- (मई–अगस्त, 2018). 'माइग्रेशन टू गल्फ़ कोपरेशन काउन्सिल रियेलटी एंड एफिकेसी' शोध . XV (2), 105–111.
- (सितंबर – दिसंबर, 2018). 'अंतरानुशासनिक अध्ययन : एक परिचय' शोध, XIV (2), 45–50.
- (2018). 'लाइवलीहुड स्ट्रेटेजिस ऑफ कोलाम : ए केस स्टडी इन ट्राइबल लाइवलीहुड' (सं. चौधरी), एस. के. जैन एवं आई.जी. आर. एन.एस. प्रकाशन, 235–56.

6. शिक्षा विद्यापीठ

म.ग.अं.हिं.वि. का शिक्षा विद्यापीठ वैयक्तिक और सामाजिक जीवन में सकारात्मक बदलाव की पहल और हस्तक्षेप करने वाले समर्पित छात्रों, शोधार्थियों व अध्यापकों का प्रगतिशील समुदाय है। शिक्षा विद्यापीठ पारस्परिक संवाद, क्रियाकलाप एवं विचार–विमर्श के माध्यम से ज्ञान के सहनिर्माण, शोध आधारित विश्लेषणात्मक एवं रचनात्मक ज्ञानराशि के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील है। इस प्रयत्न की अन्तर्निहित धारणा यह है कि शिक्षा मनुष्य के जीवन को न्यायोचित और समतामूलक अवसर प्रदान करने हेतु एवं समग्र विकास की संभावनाओं का अन्वेषण करने हेतु सशक्त बनाने के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं सार्वकालिक प्रयास है। इस विद्यापीठ के अंतर्गत निम्न दो विभाग संचालित हैं–

6.1 शिक्षा विभाग

6.2 मनोविज्ञान विभाग

6.1 शिक्षा विभाग

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय का शिक्षा विद्यापीठ जीवन के सूक्ष्म व व्यापक स्तर पर सुधार लाने के लिए गहन, समग्र एवं सुव्यवस्थित अध्ययन और शैक्षिक क्रियाकलापों के माध्यम से सकारात्मक हस्तक्षेप करने हेतु समर्पित छात्रों, शोधार्थियों व अध्यापकों का विशिष्ट रूप से सहयोगात्मक एवं प्रगतिशील समुदाय है। शिक्षा विद्यापीठ सहयोगात्मक संवाद, क्रियाकलाप एवं विचार–विमर्श के माध्यम से ज्ञान के शोध–आधारित, विश्लेषणात्मक एवं रचनात्मक निर्माण हेतु सुविधा प्रदान करने के लिए सतत प्रयत्नशील है। इस प्रयत्न की अंतर्निहित धारणा यह है कि शिक्षा मनुष्य को जीवन के न्यायोचित अवसर प्राप्त करने हेतु एवं समग्र विकास की संभावनाओं का अन्वेषण करने हेतु सशक्त बनाने के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं सार्वकालिक आयाम है।

2	मेघा मून	डॉ. सुरजीत कुमार सिंह	श्रमण संस्कृति में जैन और बौद्ध भिक्षुओं की आचार–प्रणाली का अध्ययन (आचारंग सूत्र और विनय–पिटक के विशेष संदर्भ में)

अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ (अनुवाद अध्ययन विभाग)			
पाठ्यक्रम : पी–एच.डी. हिंदी (अनुवाद प्रौद्योगिकी)			
1	मेघा आचार्य	डॉ. सी. अन्नपूर्णा	दीप–शिखा : अंतरप्रतीकात्मक अनुवाद : एक विश्लेषणात्मक अध्ययन
मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ (जनसंचार विभाग)			
पाठ्यक्रम : पी–एच.डी. जनसंचार			
1	विकास चन्द्र	डॉ. कृपाशंकर चौबे	प्राइम टाइम में विज्ञापन प्रस्तुतीकरण और उपभोक्ता व्यवहार ('आज तक' और 'स्टार प्लस' के संदर्भ में)
2	शम्भू शरण गुप्त	डॉ. कृपाशंकर चौबे	जनसंपर्क उपकरण के रूप में सोशल मीडिया : उपयोग एवं प्रभाव (हिंदुस्तान युनिलीवर एवं एमवे के विशेष संदर्भ में)
3	बलराम राम	डॉ. कृपाशंकर चौबे	टेलीविजन धारावाहिकों के परिप्रेक्ष्य में पारिवारिक मूल्यों में बदलाव : एक अध्ययन (बालिका बधू' और 'ना आना इस देस लाडो' के विशेष संदर्भ में)
4	हिमांशु बाजपेयी	डॉ. रेणु सिंह	राष्ट्रीय चेतना के विकास में नवल किशोर प्रेस का योगदान (विशेष संदर्भ : अवध अख़बार एवं तत्कालीन सरोकार)
5	भवानी शंकर	डॉ. कृपाशंकर चौबे	मीडिया का वर्तमान यथार्थ : एकाधिकारवाद और नियमन
6	शशि गौड़	डॉ. रेणु सिंह	सरकारी विज्ञापनों का लक्षित समूह पर प्रभाव
7	उमा यादव	डॉ. कृपाशंकर चौबे	आदिवासियों के विकास एवं सांस्कृतिक संरक्षण में सामुदायिक रेडियो का योगदान
8	संतोष मिश्रा	डॉ. अख्तर आलम	सोशल मीडिया में सूचना का लोकतंत्रीकरण (सामाजिक एवं राजनीतिक मुद्दों के विशेष संदर्भ में)
मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ (मानवविज्ञान विभाग)			
पाठ्यक्रम : पी–एच.डी. मानवविज्ञान			
1	रामचंद साहू	डॉ. फरहद मलिक	टाइगर रिजर्व क्षेत्र के बैगा जनजाति में विस्थापन का प्रभाव : एक मानवशास्त्रीय अध्ययन
2	अर्चना भालकर	डॉ. फरहद मलिक	स्त्री प्रजनन स्वास्थ्य का सांस्कृतिक आयाम (विशेष संदर्भ : महाराष्ट्र राज्य के विदर्भ क्षेत्र की कोलाम तथा आंध जनजाति)
3	शिव कुमार	डॉ. निशीथ राय	अभिज्ञान, निरंतरता एवं सांस्कृतिक परिवर्तन : धोबी की पारंपरिक लोक कला पर एक मानवशास्त्रीय अध्ययन

गतिविधियाँ : वर्धा मुख्य परिसर

'21वीं सदी में विद्यालयी शिक्षा' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

08 अप्रैल, 2018 : म.गां.अं.हिं.वि. में हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र और शिक्षा विभाग की ओर से ''21वीं सदी में विद्यालयी शिक्षा : बदलते आयाम, हस्तक्षेप और उभरते विकल्प'' विषय पर तीन दिवसीय (6–8 अप्रैल, 2019) राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की। इस दौरान प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा विशिष्ट वक्ता तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. आनंद प्रकाश बीज वक्ता के रूप में मौजूद थे। 'शिक्षा में वैकल्पिक हस्तक्षेप : सिद्धांत और अभ्यास', 'शिक्षा में विकल्प : श्री अरबिंद और रबीन्द्र के विद्यालयों का आख्यान', 'विस्थापन और हाशियाकरण के बीच हस्तक्षेप' विषय पर चर्चा की गई। संगोष्ठी के दूसरे दिन 'भारतीय समाज, संस्कृति और शिक्षा', 'भारत में वैकल्पिक शिक्षा के प्रयोग', 'महानगरों में औपचारिक शिक्षा में हस्तक्षेप और विकल्प', 'वैश्वीकरण के दौर में शिक्षा', 'संपोषणीय विकास के लिए शिक्षा' और '21वीं सदी में विद्यालयी शिक्षा' विषय पर विद्वत वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए।

डॉ. अंबेडकर जयंती पर समता मार्च

14 अप्रैल, 2018 : भारतरत्न बाबासाहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 127वीं जयंती पर म.गां.अं.हिं.वि. में शिक्षक संघ की ओर से समता मार्च का आयोजन 14 अप्रैल को सुबह 6.30 बजे किया गया। विश्वविद्यालय के नागार्जुन अतिथि गृह से इस मार्च को प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने रवाना किया। इस अवसर पर शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार, प्रो. के. के. सिंह, प्रो. शंभू गुप्त, महासचिव डॉ. अमित राय सहित शिक्षक संघ के पदाधिकारी, सदस्य तथा शोधार्थी एवं विद्यार्थी बडी संख्या में उपस्थित थे। प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, प्रो. के. के. सिंह, प्रो. मनोज कुमार ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये। समता मार्च में पुरुष वर्ग में रविंद्र शेंडे, रोशन वानखेड़े और राजू गुरनुले महिला वर्ग में अंकिता शर्मा, खुशबू, डॉ. चित्रा माली, किशोर वर्ग में सुनीत कुमार, अनुभव अमरेंद्र शर्मा और काश्वीव राय को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए।

कराटे प्रशिक्षण शिविर

25 अप्रैल, 2018 : महिला सुरक्षा हेतु कराटे प्रशिक्षण आवश्यक है। शैक्षणिक परिसर में छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय हमेशा प्रयत्नशील है। इस आशय के विचार प्रो. मनोज कुमार ने व्यक्त किये। म.गां.अं.हिं.वि. शिक्षक संघ की ओर से महिला सुरक्षा हेतु प्रशिक्षण के उदघाटन के अवसर पर वे बोल रहे थे। प्रो. कुमार ने कहा कि विद्यार्थी तथा बच्चों को कराटे के माध्यम से आत्मरक्षा का प्रशिक्षण 15 दिन तक दिया जाएगा। शिक्षक संघ की उपाध्यक्ष डॉ. अवंतिका शुक्ला की अध्यक्षता में 25 अप्रैल को मेजर ध्योनचंद क्रीड़ा संकुल में आयोजित कार्यक्रम में साहित्य विभाग के अध्यक्ष प्रो.के.के. सिंह, शिक्षक संघ के महासचिव डॉ. अमित राय, कराटे के प्रशिक्षक पराग पाटिल तथा वैष्णवी प्रमुखता से उपस्थित थे।

अकादमिक नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम

04 मई 2018 : उच्च शिक्षा में गुणवत्ता को सुधारना आज के समय की बड़ी चुनौती है। इससे निपटने के लिए सरकार और संस्थाओं को तालमेल बिठाकर काम करना होगा। अकादमिक नेतृत्व करने की दिशा में हर शिक्षक समर्पित होकर कार्य करें तो शिक्षा में परिवर्तन लाया जा सकता है। उक्त आशय के विचार म.गां.अं.हिं.वि. के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने व्यक्त किए। वे अकादमिक नेतृत्व एवं शैक्षिक प्रबंधन केंद्र, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ तथा पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षा मिशन, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार प्रायोजित उच्च शिक्षा संस्थाओं के कुलपति, प्रतिकुलपति, अधिष्ठाता तथा प्राचार्यों के लिए 1 मई को श्यामा प्रसाद मुकर्जी अकादमिक भवन के सभागार में आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उदघाटन के अवसर पर अध्यक्षीय वक्तव्य में बोल रहे थे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. जनक पांडे तथा प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, साहित्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. के. के. सिंह, शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. गोपाल कृष्ण ठाकुर, कार्यक्रम संयोजक डॉ. शिरीष पाल सिंह मंचासीन थे। कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों तथा उच्च शिक्षा संस्थाओं के अधिकारी एवं प्राचार्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विषयों पर विमर्श किया जाएगा।

बाल रंग कार्यशाला का उद्घाटन

16 मई 2018 : बच्चों के भीतर की कलाओं के विकास के लिए 'बाल रंग' जैसी कार्यशालाएं महत्वपूर्ण साबित होती है। 28 मई तक चलनेवाली इस कार्यशाला में बच्चों को नाटक, नृत्य और चित्रकला के गुर सिखाए जाएंगे तथा बच्चों में मूल्यगत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई प्रेरक व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे। विश्वविद्यालय के इस प्रयास का परिसर में स्थित बच्चों के साथ–साथ वर्धा एवं आसपास के बच्चों को फायदा उठाना चाहिए। उक्त प्रतिपादन म.गां.अं.हिं.वि. के प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने किए। वे विश्वविद्यालय के जनसंपर्क विभाग की ओर से 16 मई को हबीब तनवीर सभागार में आयोजित नाटक, नृत्य और चित्रकला के प्रशिक्षण की कार्यशाला 'बालरंग' के उदघाटन के अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर मंच पर दाते स्मृति संस्था, वर्धा के अध्यक्ष प्रदीप दाते, कहानीकार डॉ. उषा शर्मा तथा विश्वविद्यालय के स्त्री अध्ययन विभाग की प्रभारी अध्यक्ष डॉ. सुप्रिया पाठक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संयोजक बी. एस. मिरगे ने किया तथा आभार प्रदर्शनकारी कला विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. सुरभि विप्लव ने माना।

अभिविन्यास पाठ्यक्रम

14 मई, 2018 : संस्कृति हमारे आचरण और व्यवहार को प्रभावित करती है, वह हमारी भावनाओं को रचती और गढ़ती है। उक्त विचार म.गां.अं.हिं.

वि. के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने 'संस्कृति, भाषा और मन' विषय पर बोलते हुए व्यक्त किये। वे विश्वविद्यालय में हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र, पंडित मदन मोहन मालवीय शिक्षक एवं शिक्षण अभियान, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में 14 मई से 10 जून तक आयोजित अभिविन्यास कार्यक्रम में 22 मई को बतौर विशेष वक्तव्य दे रहे थे। अकादमिक भवन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग के प्रो. अवधेश कुमार तथा कार्यक्रम संयोजक डॉ. शिरीष पाल सिंह मंचासीन थे। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत विभाग के सहायक प्रोफेसर लेखराम दन्नाना ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों के शिक्षक उपस्थित थे।

पर्यावरण सप्ताह

05 जून, 2018 : पर्यावरण हमारे जीवन को बचाने में मददगार है। पर्यावरण ही हीरा और मोती है, वह सबसे बड़ी सम्पत्ति है। उक्त आशय के विचार जाने–माने पर्यावरणविद तथा बस्तर में पर्यावरण तथा हर्बल औषधियों के संरक्षण में आदिवासी समुदायों के बीच काम करने वाले डॉ. राजाराम त्रिपाठी ने व्यक्त किये। म.गां.अं.हिं.वि. में 31 मई को पर्यावरण सप्ताह का उदघाटन श्यामा प्रसाद मुकर्जी भवन के सभागार में उनके वक्तव्य से किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उनके कार्यों को लेकर बनी फिल्म 'खेती का सिकंदर' दिखायी गयी। विश्वविद्यालय में पाँच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं जनसंपर्क कार्यालय की ओर से पर्यावरण सप्ताह का आयोजन किया गया जिसमें स्वच्छता एवं प्लास्टिक मुक्ति अभियान, वृक्षारोपण, पर्यावरण पर पोस्टर एवं चित्रकला स्पर्धा, अरण्यऋषि मारुति चितमपल्ली के साथ वार्तालाप, पर्यावरण पर फिल्म का प्रदर्शन आदि उपक्रम शामिल रहा।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

21 जून, 2018 : म.गां.अं.हिं.वि. में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। प्रातः 6.30 बजे योगाभ्यास सत्र का आरंभ हुआ। इस सत्र में आयुष द्वारा प्रकाशित योग मैनुअल में बताए गए योगासनों का अभ्यास किया गया। अभ्यास सत्र के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र, कुलसचिव प्रो. के. के. सिंह सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं कर्मी उपस्थित थे। वर्धा के योग विशेषज्ञ तथा योग प्रशिक्षक प्रशांत रोकड़े द्वारा योगासन का प्रशिक्षण दिया गया। तदुपरांत सेवाग्राम मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सक एवं प्रोफेसर डॉ. ओ.पी. गुप्ता ने योग एवं स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान दिया। अध्यक्षीय उदबोधन में कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने कहा कि योग स्वास्थ्य का उत्सव है। इस अवसर पर प्रो. मिश्र ने एक सप्ताह तक चलने वाली योग कार्यशाला का उद्घाटन किया। डॉ. अरुण प्रताप सिंह ने कार्यशाला की रूपरेखा पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिताओं के पुरस्कार भी वितरित किए गये। योग दिवस के उपलक्ष्य में 02 मई 2018 को निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण और विशिष्ट योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की दसवीं बैठक

20 जुलाई, 2018 : म.गां.अं.हिं.वि. के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की दसवीं बैठक कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र की अध्यक्षता में भाषा विद्यापीठ के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में बाह्य विशेषज्ञ के रूप में डॉ. प्रफुल्ल काले एवं डॉ. अशोक पावडे उपस्थित थे। प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. शोभा पालीवाल, सदस्य के रूप में प्रो. मनोज कुमार, प्रो. एल. कारूण्यकरा, प्रो. कृष्ण कुमार सिंह, प्रो. अनिल कुमार राय, डॉ. मैत्रेयी घोष, प्रो. अनिल कुमार पाण्डेय, डॉ. रामानुज अस्थाना, डॉ. राजीव रंजन राय, क़ादर नवाज़ ख़ान, विद्यार्थी सदस्य शावेज खान, विशेष आमंत्रित सदस्य सुशील पखीड़े उपस्थित थे। बैठक में शिक्षण को अनुभवपरक एवं गुणात्मक रूप से समृद्ध करने पर विचार–विमर्श किया गया।

प्रेमचंद जयंती पर कार्यक्रम

31 जुलाई, 2018 : कथासम्राट प्रेमचंद ने समाज के सभी वर्ग को स्पर्श करते हुए हिंदी साहित्य में बड़ा योगदान दिया है। भाषा और शिल्प के स्तर पर उनका लेखन भारतीय साहित्य के लिए बड़ी उपलब्धि है। कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने प्रेमचंद जयंती के अवसर पर गालिब सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए उक्त बातें कहीं। कार्यक्रम में प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, कार्यकारी कुलसचिव प्रो. के. के. सिंह, साहित्य विद्यापीठ की अधिष्ठाता प्रो. प्रीति सागर, विद्यार्थी कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अनिल कुमार राय मंचासीन थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया गया।

स्वच्छता पखवाड़ा

15 अगस्त, 2018 : म.गां.अं.हिं.वि. की राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से 01–15 अगस्त, 2018 तक 'स्वच्छता पखवाड़ा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वच्छदता पखवाड़ा का प्रारंभ 1 अगस्त को कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाकर किया गया। इसके बाद गांधी हिल्स पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। विश्वविद्यालय परिसर में प्रतिदिन सुबह 7 से 8 बजे तक स्वच्छता अभियान चलाया गया।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि

17 अगस्त, 2018 : भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी को म.गां.अं.हिं.वि. की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यकारी कुलपति प्रो. एल. कारूण्यकरा की अध्यक्षता में 17 अगस्त को विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में शोकसभा रखी गई। प्रो. कारूण्यकरा ने शोक प्रस्ताव पढ़ा। शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। शोक सभा में विश्वविद्यालय के कार्यकारी

कुलसचिव क़ादर नवाज़ ख़ान, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, अध्यापक, कर्मी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

संस्कृत सप्ताह

29 अगस्त, 2018 : संस्कृत केवल भाषा नहीं, अपितु संपूर्ण जीवन दर्शन है। संस्कृत आने वाले युग की आवश्यकता है। उक्त उदबोधन दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व आचार्य, संस्कृत के प्रसिद्ध विद्वान प्रो. चाँद किरण सलूजा ने दिये। वे म.गां.अं.हिं.वि. के संस्कृत विभाग एवं संस्कृत भारती, वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय में संस्कृत सप्ताह के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की। 23 से 29 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह मनाया गया। 23 अगस्त को आयोजित उद्घाटन समारोह में साहित्य विद्यापीठ की अधिष्ठाता प्रो. प्रीति सागर, शिक्षा विद्यापीठ के अध्यक्ष डॉ. गोपाल कृष्ण ठाकुर, संस्कृत भारती, वर्धा के विदर्भ प्रांत के सहमंत्री संजीव लाभे, विवि के संस्कृत विभाग प्रभारी अध्यक्ष एवं संयोजक लेखराम दन्नाना ने वक्तव्य दिए। संचालन अभिषेक शांडिल्य ने किया तथा सहसंयोजक डॉ. भरत पण्डा ने आभार माना। संस्कृत सप्ताह का समापन कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र की अध्यक्षता में 29 अगस्त को किया गया। समारोह में के मुख्य अतिथि कवि कुलगुरु कालिदास संस्कृत विवि, रामटेक के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेडी, सारस्वत अतिथि के रूप में प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, साहित्य विद्यापीठ की अधिष्ठाता प्रो. प्रीति सागर तथा विशेष उपस्थिति के रूप में संस्कृत भारती, वर्धा के विदर्भ प्रांत के सहमंत्री संजीव लाभे एवं कार्यकारी कुलसचिव प्रो. के. के. सिंह ने वक्तव्य दिए।

'मन की बात' कार्यक्रम

26 अगस्त, 2018 : प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा आकाशवाणी से 'मन की बात' के 47वें संस्करण को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत फील्ड आउटरिच ब्यूरो की ओर से 26 अगस्त को म.गां.अं.हिं.वि. में विद्यार्थियों को सुनाया गया। आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने केरल में आयी बाढ़, नारी शक्ति के खिलाफ हो रही घटनाएं, केंद्र तथा राज्यों में एक साथ चुनाव कराने, महिला सुरक्षा, इंजीनियरिंग दिवस, शिक्षक दिवस तथा पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को लेकर अपनी बात रखी।

अभिविन्यास कार्यक्रम

30 अगस्त, 2018: म.गां.अं.हिं.वि. में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की ओर से 30 अगस्त को नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित अभिविन्यास कार्यक्रम में कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को उँचाई प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध है। उन्होंने विद्यार्थियों से आहवान किया कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाओं का लाभ लेकर अपने–आपको अधिक ज्ञान और गुण सम्पन्न बनाएं। हमें संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के अभियान में शामिल होकर जीवन में अपना स्थान बनाना चाहिए। इस अवसर पर प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. शोभा पालीवाल, कुलानुशासक डॉ. गोपाल कृष्ण ठाकुर, पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. मैत्रेयी घोष, छात्रावास अधीक्षक डॉ. धरवेश कठेरिया, डॉ. अवंतिका शुक्ला, डॉ. सुहासिनी वाजपेयी, डॉ. भरत पण्डा, ऋषभ कुमार मिश्र मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय पर निर्मित डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई।

स्वच्छता पखवाड़ा

15 सितंबर, 2018 : म.गां.अं.हिं.वि. में मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तत्वावधान में 01 सितंबर से 15 सितंबर 2018 तक 'स्वच्छता पखवाड़ा' का प्रारंभ गांधी हिल्स पर स्वच्छता की शपथ लेकर और परिसर में सफाई अभियान चलाकर किया गया। 03 सितंबर को जनसंचार विभाग में स्वच्छता विषय पर व्याख्यान, 04 सितंबर को विश्वविद्यालय के संपूर्ण छात्रावासों में स्वच्छता अभियान, 05 सितंबर को विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' विषय पर निबंध प्रतियोगिता, 06 सितंबर को पिपरी गांव का शैक्षणिक भ्रमण, 07 सितंबर को नजीर हाट से गांधी हिल्स तक स्वच्छता, 10 सितंबर को केंद्रीय विद्यालय के बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, 11 सितंबर को प्रदर्शनकारी कला विभाग में 'स्वच्छ भारत के प्रति मेरा योगदान' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता, 12 सितंबर को गुर्रम जाशुआ सभागार में 'स्वच्छ भारत : भविष्य का भारत' विषय भाषण प्रतियोगिताख् 14 सितंबर को गालिब सभागार में 'स्वच्छता के प्रति जागरूकता' विषय पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। 14 सितंबर को गालिब सभागार में पुरस्कार वितरण तथा समापन हुआ।

तुलसीदास की सामाजिक दृष्टि पर व्याख्यान

03 सितंबर, 2018 : गोस्वामी तुलसीदास ने महाकाव्य रामायण के भाव को चौपाई के माध्यम से उद्घाटित किया। उन्होंने इसे त्याग और समानता के तत्व के साथ जोड़ा। रामायण को लेकर उनकी दृष्टि समतामूलक समाज को प्रतिष्ठापित करने की रही है। उक्त विचार साहित्यकार प्रो. रामजी तिवारी ने रखे। वे म.गां.अं.हिं.वि. में तुलसीदास की सामाजिक दृष्टि विषय पर बोल रहे थे। हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र के अंतर्गत साहित्य विद्यापीठ की ओर से गालिब सभागार में व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य विद्यापीठ की अधिष्ठाता प्रो. प्रीति सागर ने की। कार्यक्रम में कार्यकारी कुलसचिव प्रो. के. के. सिंह एवं हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग के प्रो. अवधेश कुमार ने भी वक्तव्य दिए।

अध्यापकों के लिए मिश्रित अधिगम उपागम

28 सितंबर, 2018 : म.गां.अं.हिं.वि. के शिक्षा विद्यापीठ में 26 से 28 सितंबर तक आयोजित कार्यशाला के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. गोपाल कृष्ण ठाकुर एवं डॉ. शिरीष पाल सिंह उपस्थित रहे। अतिथि के रूप

में बी. आर. अम्बेडकर मुक्त विश्व विद्यालय के डॉ. सी. आर. राजामौली तथा चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के प्रो. प्रदीप मिश्र एवं इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की प्रो. निशा सिंह आदि ने दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में देशभर से कुल 62 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अतिथि सदस्या प्रो. निशा सिंह ने मिश्रित अधिगम उपागम को 'दीप से दीप जले' उदाहरण के माध्यम से समझाने की कोशिश की तथा साथ ही ऑनलाइन स्रोतों के क्या–क्या फायदे होते हैं, पर विचार व्यक्त की। अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने वर्तमान समय में नेट और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की शिक्षा में प्रासंगिकता पर अपने विचार प्रकट किए।

गांधी जयंती

2 अक्टूबर 2018 : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा बताए गए रचनात्मक कार्यक्रमों को पाठ्यक्रमों में शामिल करते हुए नई पीढ़ी में गांधी विचारों को रोपित किये जाने की आवश्यकता है। उक्त विचार गांधीग्राम ग्रामीण विश्वविद्यालय, तमिलनाडु के पूर्व कुलपति, टी. करूणाकरण ने व्यक्त किए। वे म.गां.अं.हिं.वि. में गांधी हिल्स पर आयोजित गांधी जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की। कार्यक्रम का संचालन गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. नृपेन्द्र प्रसाद मोदी ने किया तथा सर्वधर्म प्रार्थना महात्मा गांधी फ्यूजी गुरुजी सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. मनोज कुमार ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम का प्रारंभ गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। समारोह में गांधीजी का प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो..' की प्रस्तुति डॉ. अप्रमेय मिश्र एवं साथी कलाकारों ने की। आभार ज्ञापन कार्यकारी कुलसचिव प्रो. के. के. सिंह ने किया। गांधीजी की 150 वीं जयंती के मौके पर विश्वविद्यालय के महात्मा गांधी फ्यूजी गुरुजी समाज कार्य अध्ययन केंद्र के छात्र–छात्राओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी अकादमिक भवन के प्रांगण में 150 पौधे लगाकर उन्हें याद किया।

सेवाग्राम कार्यांजली उत्सव में 'गांधी–एक यात्रा' नाटक का मंचन

2 अक्टूबर, 2018 : म.गां.अं.हिं.वि. के प्रदर्शनकारी कला विभाग के छात्रों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में सेवाग्राम आश्रम 'बापू कुटी' में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में 'गांधी–एक यात्रा' नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक में गांधीजी के जन्म से मृत्यु तक की सभी घटनाओं को दिखाया गया और साथ ही आज के समय में गांधीजी के विचारों और सिद्धांतों की प्रासंगिकता को बखूबी ढंग से प्रस्तुत किया गया। नाटक निर्माण में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र तथा प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने मार्गदर्शन किया। इस नाटक की परिकल्पना, लेखन एवं निर्देशन विश्वविद्यालय की सहायक प्रोफ़ेसर डॉ. सुरभि विप्लव ने किया। नाट्य निर्माण सहयोग प्रदर्शनकारी कला विभाग के अध्यक्ष डॉ. सतीश पावड़े तथा प्रस्तुति संयोजन जनसंपर्क अधिकारी बी. एस मिरगे ने किया। सूत्रधार के रूप में उत्कर्ष उपेन्द्र सहस्रबुद्धे, गांधी जी की प्रौढ़ भूमिका में वेद प्रकाश एवं बाल भूमिका में नितीश प्रियदर्शी थे।

तृतीय दीक्षांत समारोह

15 अक्टूबर, 2018 : हिंदी को रोजगार और परिवार की भाषा बनाए बगैर उसका विकास नहीं होगा। घर में हिंदी में बातचीत करते हुए हमें हिंदी को परिवार की भाषा बनाना होगा। हिंदी केवल भाषा नहीं है बल्कि संस्कार और संस्कृति भी है। उक्त उद्‌बोधन गोवा की राज्यपाल श्रीमती मृदुला सिन्हा ने दिए। वह म.गां.अं.हिं. वि. के तीसरे दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। 15 अक्टूबर को संपन्न हुए समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. कमलेश दत्त त्रिपाठी ने की। कार्यक्रम का दीक्षांत उपदेश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने दिया। दीक्षांत समारोह में विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के 985, एम.फिल के 977 एवं पी.एच.डी. के 201 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गई। दीक्षांत समारोह में केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावडेकर के संदेश का वाचन कार्यकारी कुलसचिव प्रो. के. के. सिंह ने किया। कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने विश्वविद्यालय के आठ विद्यापीठों के अंतर्गत संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रथम दीक्षांत समारोह में 244 तथा द्वितीय दीक्षांत समारोह में 243 उपाधिधारकों को उपाधियां प्रदान की गई थी। इस वर्ष तृतीय दीक्षांत समारोह में 3948 उपाधिधारकों को उपाधियां प्रदान की गई है। कार्यक्रम में राज्यपाल श्रीमती मृदुला सिन्हा एवं कुलाधिपति प्रो. कमलेश दत्त त्रिपाठी ने स्वर्णपदक प्राप्त विद्यार्थियों को स्वर्णपदक प्रदान किए तथा कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने उपाधियां प्रदान कीं। समारोह में विद्यापीठों के अधिष्ठाता, कार्यपरिषद के सदस्य, विद्या परिषद के सदस्य मंचासीन थे। दीक्षांत समारोह प्रारंभ होने से पहले राज्यपाल श्रीमती सिन्हा एवं कुलाधिपति प्रो. त्रिपाठी ने गांधी हिल पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांलजलि अर्पित की। इसके पश्चात 'हिंदी विश्वविद्यालय : प्रगति के सोपान' शीर्षक से लगी प्रदर्शनी का उद्‌घाटन राज्यपाल मृदुला सिन्हा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित 'हिंदी विश्व' के दीक्षांत समारोह विशेषांक का विमोचन तथा प्रदर्शनी स्थल तथा निर्माणाधीन भवनों के शिलापट्ट का अनावरण भी राज्यपाल श्रीमती सिन्हा द्वारा किया गया।

राष्ट्रीय पुस्तक मेला

15 अक्टूबर 2018 : म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा में तीसरे दीक्षांत समारोह के अवसर पर 12 से 15 अक्टूबर के दौरान आयोजित राष्ट्रीय पुस्तक मेले का उद्‌घाटन समता भवन के प्रांगण में वरिष्ठ चिंतक प्रो. इंद्रनाथ चौधुरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध कथाकार श्रीमती चित्रा मुद्‌गल उपस्थित थी। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की। इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, कार्यकारी कुलसचिव प्रो. के. के. सिंह, आवासीय लेखक आनंद भारती प्रमुखता से उपस्थित थे। इस पुस्तक मेले में देशभर के 70 से अधिक प्रकाशकों ने सहभागिता की। मुंशी प्रेमचंद राष्ट्री य पुस्तुक मेले का समापन सोमवार 15 को किया गया। मेले के अंतिम दिन गोवा के राज्यपाल श्रीमती मृदुला सिन्हा के कहानी पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलाधिपति प्रो. कमलेश दत्त त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र द्वारा राज्यपाल श्रीमती सिन्हा का स्वागत पुष्पगुच्छ, सूतमाला, श्रीफल एवं शाल देकर किया गया।

प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने कुलाधिपति प्रो. कमलेश दत्तग त्रिपाठी का स्वागत किया। कार्यक्रम के आरंभ में डॉ. उषा शर्मा के कहानी संग्रह 'बर्फ' का विमोचन किया गया। विजेन्द्र नारायण सिंह के लेखों के संग्रह 'आधुनिक कविता का परिदृश्य' का भी विमोचन किया गया। इस पुस्तक के संपादक परिमल प्रियदर्शी हैं। राज्यपाल श्रीमती सिन्हा ने अपनी कहानी 'बेनाम रिश्ते' का पाठ किया। 'बेनाम रिश्ते' कहानी पर अपने विचार रखते हुए वरिष्ठ कथाकार श्रीमती चित्रा मुद्गल ने अंगदान संबंधी जन धारणाओं का उल्लेख किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. कमलेश दत्त त्रिपाठी ने विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे हिंदी संबंधी प्रयासों की सराहना की। पुस्तक मेले के संयोजक प्रो. अखिलेश कुमार दुबे तथा सह संयोजक डॉ. बीरपाल सिंह यादव को गोवा के राज्यपाल श्रीमती सिन्हा द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

खाद्य संस्कृति को बढ़ावा देता है जेवण उत्सव – शैलेश नवाल

15 अक्टूबर 2018 : म.गां.अं.हिं.वि. के तीसरे दीक्षांत समारोह के दौरान मेजर ध्यानचंद्र क्रीड़ा प्रांगण में 'जेवण उत्सव' (फूड फेस्टिवल) का उद्घाटन वर्धा के जिलाधिकारी शैलेश नवाल द्वारा किया गया। कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर मुक्ताकाश मंच का उद्घाटन आकाशवाणी, नागपुर केंद्र के निदेशक डॉ. हरीश पाराशर 'ऋषु' ने किया। 'जेवण उत्सव' में देशभर के विभिन्न प्रांतों के लजीज़ व्यंजनों के 60 से अधिक स्टॉल्स लगाए गए जिसका लगभग दस हजार से अधिक लोगों ने लाभ उठाया। जिलाधिकारी नवाल ने उत्सव का उद्घाटन फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि हर राज्य का अपना अलग स्वाद होता है, इस प्रकार के आयोजनों से खाने की विभिन्न संस्कृतियां एक जगह पर प्रदर्शित होती है और इससे खाद्य संकृति को बढ़ावा भी मिलता है। इस आयोजन के लिए उन्होंने विश्वविद्यालय और आयोजकों को बधाई दी। फेस्टिवल में 197 देशों की करेंसी नोट व सिक्कों की प्रदर्शनी तथा नारायण देशमुख द्वारा चौथी ई. पूर्व की मुद्राएं, बहुमूल्य वस्तुओं का संग्रह तथा राजेंद्र भोयर द्वारा मुगलकालीन ऐतिहासिक सातवाहन काल से मुगलकालीन सिक्के व मुद्राओं के स्टॉल्स मुख्य आकर्षण बने रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये वहीं जनसंचार विभाग के चटपटी खबरों के स्टॉल ने सभी का मनोरंजन किया। समारोह को सफल बनाने में 'जेवण उत्सव' के संयोजक डॉ. अमित विश्वास, डॉ. अवंतिका शुक्ला, डॉ. राजेश्वर सिंह, डॉ. अनिर्बाण घोष, डॉ. रूपेश कुमार सिंह ने सहयोग किया।

सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती

31 अक्टूबर, 2018 : देश को एकसूत्र में बांधने में सरदार वल्लभभाई पटेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वे राष्ट्रीय एकता के प्रतीक हैं। उक्त विचार म.गां.अं.हिं.वि. के म.गां. फ्यूजी गुरुजी सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. मनोज कुमार ने व्यक्त किए। वे विश्वविद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती के उपलक्ष्य में 'वर्तमान संदर्भ में सरदार पटेल के विचारों की प्रासंगिकता' विषय पर आयोजित व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। गालिब सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की। समारोह में मंच पर प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा तथा कार्यकारी कुलसचिव प्रो. के. के. सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम में एकता दिवस पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का आभार ज्ञापन कार्यकारी कुलसचिव प्रो. के. के. सिंह तथा संचालन जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे ने किया। सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनायी गई, जिसका प्रारंभ राष्ट्रींय एकता की शपथ ग्रहण तथा एकता दौड़ के आयोजन के साथ किया गया।

दलित पैंथर आंदोलन अहिंसक, समानता, स्व–सुरक्षा का था : रामदास आठवले

2 नवंबर, 2018 : केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री श्री रामदास आठवले ने 2 नवंबर को म.गां.अं.हिं.वि. में डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर सिदो कान्हू मुर्मू दलित एवं जनजातीय अध्ययन केंद्र की ओर से दलित पैंथर आंदोलन विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यान में कहा कि दलित पैंथर आंदोलन अहिंसक, समानता और स्व–सुरक्षा के लिए था। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में यूपीएससी, एमपीएससी तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए केंद्र, अंबेडकर पीठ तथा छात्रावास के निर्माण के लिए मदद किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने राज्य मंत्री आठवले के प्रति आभार जताते हुए कहा कि विकास यात्रा में सभी को शामिल करना एक बड़ी चुनौती है और इस चुनौती को अंजाम देने का काम अठावले अपनी नेतृत्व क्षमता से पूरजोर तरीके से कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन जनसंचार विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. धरवेश कठेरिया ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी कुलसचिव प्रो. के. के. सिंह ने किया। कार्यक्रम के संयोजक तथा केंद्र के निदेशक प्रो. लेला कारूण्यकरा ने स्वागत भाषण दिया। समारोह में राज्य मंत्री श्री आठवले को कुलपति प्रो. मिश्र द्वारा सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में दलित पैंथर आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सामाजिक कार्यकर्ता आर. एम. पाटिल, डॉ. रविदत्त कांबले, नरेश ओंकार, विजय आगलावे एवं नागपुर के एड. सुरेश चंद्र घाटे तथा विनोद मेश्राम को सम्मान पत्र से विभूषित किया गया।

बिरसा मुंडा जयंती

19 नवंबर 2018 : म.गां.अं.हिं.वि. के बिरसा मुंडा छात्रावास में बिरसा मुंडा की जयंती मनायी गई। छात्रावास में आयोजित समारोह में कार्यकारी कुलपति प्रो. एल. कारुण्यकरा ने बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर अभिवादन किया। इस अवसर पर कुलानुशासक डॉ. गोपाल कृष्ण ठाकुर, वित्ताधिकारी कादर नवाज़ ख़ान, बिरसा मुंडा छात्रावास के अधीक्षक डॉ. धरवेश कठेरिया, सहायक कुलसचिव सुशील पखिड़े, सुखदेव छात्रावास के अधीक्षक डॉ. भरत पंडा, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे, आदि सहित शोधार्थी एवं विद्यार्थी प्रमुखता से उपस्थित थे।

संविधान दिवस पर 'संविधान की नैतिकता' पर चर्चा

26 नवंबर, 2018 : संविधान हमारे देश का आईना है। संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहब अंबेडकर ने संविधान में नैतिकता के सूत्रों को महत्व दिया है

जिससे संविधान मजबूत हुआ है। उन्होंने देश की भलाई के लिए अपने व्यक्तिगत विचारों को दूर रखकर बहुलतावादी देश को एकसंघ बनाए रखने के लिए प्रयास किये हैं। उक्त विचार वर्धा स्थित यशवंत महाविद्यालय के विधि विभाग के अध्यक्ष डॉ. रविशंकर मोर ने व्यक्त किए। वे म.गां.अं.हिं.वि. में संविधान दिवस पर 26 नवंबर को विवि के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अकादमिक भवन के सभागार में 'संविधान की नैतिकता' विषय पर आयोजित चर्चा में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की। इस अवसर पर मंच पर कार्यकारी कुलसचिव प्रो. के. के. सिंह, विधि विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार, शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. गोपाल कृष्ण ठाकुर एवं डॉ. एम. एल. कासारे उपस्थित थे। समारोह के पूर्व विवि के प्रशासनिक भवन में संविधान की उद्देशिका और डॉ. बाबासाहब अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पार्पण किया गया।

विश्व हिंदी दिवस

10 जनवरी, 2019 : देश और विदेशों की विभिन्न संस्कृतियों को मिलाकर हिंदी भाषा को विश्व में प्रवाहित करने तथा प्रचार–प्रसार करने की आवश्यकता है। समान संस्कृति एवं शब्दों के आदान–प्रदान से हिंदी को और बल मिलेगा। उक्त उद्‌बोधन म.गां.अं.हिं.वि. के कार्यकारी कुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने दिए। वे विवि के आनंद के. कुमारस्वामी अंतरराष्ट्रीय भाषा एवं संस्कृति संस्थान की ओर से 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस समारोह की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। कार्यक्रम में विवि में अध्ययनरत थाईलैंड, गयाना एवं कजाकिस्तान के विद्यार्थियों ने हिंदी में गीत, भाषण आदि की प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर विवि के हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. उमेश कुमार सिंह ने विदेशों में हिंदी शिक्षण के अपने अनुभवों को साझा किया। मुख्य वक्ता के रूप में अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. देवराज ने अपनी बात रखी। स्वागत वक्तव्य प्रो. हनुमान प्रसाद शुक्ल ने दिया। कार्यक्रम में गयाना के धनपाल मोहन, थाईलैंड की पदमा, शिरारत और सिसमोर्न, कजाकिस्तान की गुलशाद और सुपिग्यार आदि विद्यार्थियों ने हिंदी में भाषण, गीत और संगीत से अपनी प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का संचालन विजया सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राजीव रंजन ने किया।

'इक्कीसवीं सदी में हिंदी साहित्य : प्रवृत्तियां और संभावनाएं' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

09 फरवरी, 2019 : म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र और कालीकट विश्वविद्यालय, केरल के हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'इक्कीसवीं सदी में हिंदी साहित्य : प्रवृत्तियां और संभावनाएं' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी कालीकट विश्वविद्यालय में 7 से 9 फरवरी को सम्पन्न हुई। संगोष्ठी का उद्‌घाटन कालीकट विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुहम्मद के. बशीर ने किया। म.गां.अं.वि., वर्धा के पूर्व कुलपति प्रो. जी. गोपीनाथन ने बीज वक्तव्य दिए। उद्‌घाटन अवसर पर कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र द्वारा प्रेषित संदेश को कार्यकारी कुलसचिव प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने पढ़ा। संगोष्ठी में कविता, कहानी, नाटक, उपन्यास, विमर्श केंद्रित साहित्य और आलोचना, निबंध एवं अन्य विधाओं पर केंद्रित छह अकादमिक सत्रों में विश्वविद्यालय के साहित्य विद्यापीठ की संकायाध्यक्ष प्रो. प्रीति सागर, कार्यकारी कुलसचिव प्रो. कृष्ण कुमार सिंह, प्रो. अवधेश कुमार, डॉ अशोक नाथ त्रिपाठी, डॉ रूपेश कुमार सिंह, प्रो. आर. सेतुनाथ, संगोष्ठी के संयोजक प्रो. अखिलेश कुमार दुबे, कालिकट विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुब्रमण्यम वी.के., प्रो. तंकमणि अम्मा, प्रो. सुधा बालकृष्णन, प्रो. रवींद्र नाथ, गोवा, प्रो. करुणाशंकर उपाध्याय, मुम्बई, प्रो. रामप्रकाश, तिरुपति, प्रो. जयशंकर, प्रो.ए. अच्युतन, प्रो. के. अजिता, प्रो. सुनीता मंजन बेल, प्रो. प्रतिभा मुदलियार, स्थानीय समन्वयक प्रो. प्रमोद कोवप्रत ने वक्तव्य दिए।

ग्राम विकास पर कार्यक्रम

18 फरवरी, 2019 : महात्मा गांधी स्वयं पूर्ण एवं स्वावलंबी ग्राम के लिए गांवों को सशक्त करना चाहते थे। गांव के विकास के लिए वहां के समुदाय को शामिल कर बदलाव लाया जा सकता है। ग्राम सशक्तीकरण की दिशा में संवेदना के साथ अध्ययन जरूरी है। उक्त विचार म.गां.अं.हिं.वि. के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने म.गां. फ्यूजी गुरुजी सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र एवं शिक्षा विभाग तथा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद, हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में ग्रामीण सामुदायिक सहभाग विषय पर संकाय विकास कार्यक्रम के उद्‌घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। 12 से 18 फरवरी तक चले इस कार्यक्रम में देश भर से 40 से अधिक संकाय सदस्य सहभागी हुए। उद्‌घाटन अवसर पर मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. कृपाशंकर चौबे, शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. गोपाल कृष्ण ठाकुर, डॉ. शिरीष पाल सिंह मंचासीन थे। संचालन एवं आभार ज्ञापन डॉ. मिथिलेश कुमार ने किया। सात दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम के अंतर्गत गांवों पर केंद्रित विषयों पर चर्चा की गई, जिसमें सामुदायिक लक्ष्यों का निर्धारण, गांधीजी एवं नई तालीम, आधुनिक भारत में गांवों का बदलता परिदृश्य, सामुदायिक सहभागिता की पद्धतियां और साधन, सहभागी शिक्षण और सामाजिक आकलन, ग्राम आपदा प्रबंधन, ग्राम विकास नियोजन, मूलभूत ग्रामीण उद्योजकता, ग्रामीण वित्त, सामुदायिक सहभागिता में तकनीकी की भूमिका, सामुदायिक सहभागिता के उत्कृष्ठ उदाहरण : शिक्षकों का दायित्व, सामुदायिक सहभागिता के लिए पारंपरिक एवं ठोस दृष्टिकोण, सामाजिक बदलाव, स्वास्थ एवं स्वच्छता के लिए ग्राम सहभागिता हेतु नियोजन, पुनर्वास : भौतिक एवं मनोवैज्ञानिक पहलू आदि विषयों पर विषय विशेषज्ञों ने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं में डॉ. डी. एन. दास, हैदराबाद, प्रो. टी. करुणाकरण, वर्धा, प्रो. आनंद प्रकाश, दिल्ली, डॉ. गीता ठाकुर, पुणे, डॉ. जॉन मीनाचेरी, नागपुर, प्रो. पी. एन. सिंह, भागलपुर, डॉ. पी. एस. श्रीदेवी, तमिलनाडु, प्रो. वी. सुधाकर, हैदराबाद, प्रो. प्रदीप देशमुख, डॉ. उल्हास जाजू, वर्धा, श्री शरद बेहार, बिलासपुर आदि शामिल हैं।

छायाचित्र झलकियाँ

तृतीय दीक्षांत समारोह में विचार व्यक्त करते हुए गोवा की महामहिम राज्यपाल श्रीमती मृदुला सिन्हा।
Her Excellency the Governor of Goa, Smt. Mridula Sinha, expressing views at the Third Convocation.

वृक्षारोपण करते हुए कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र, जिलाधिकारी शैलेश नवाल, विधायक पंकज भोयर, वैद्यकीय जागृति मंच के डॉ. सचिन पावड़े व अन्य महानुभाव।
Vice Chancellor Prof. Girishwar Misra, District Magistrate Shailesh Naval, MLA Pankaj Bhoyar, Dr. Sachin Pawade of the Vaidyakiya Jagriti Manch and other dignitaries were present while planting trees.

सावित्री बाई फुले जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सावित्री बाई फुले महिला छात्रावास में सावित्री बाई फले की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद उपस्थित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर मनोज कुमार, प्रो. के.के. सिंह, छात्रावास अधीक्षिका डॉ. अवंतिका शुक्ला, कर्मी तथा छात्राएं।
During the program organized on the occasion of Savitri Bai Phule Jayanti, Senior Professor of the university Manoj Kumar, garlanded the statue of Savitri Bai Phule in Savitri Bai Phule Women Hostel. Prof. K.K. Singh, hostel superintendent Dr. Avantika Shukla and students.

'जेंडर समानता की गांधीवादी दृष्टिः सामर्थ्य, संभावनाएं एवं चुनौतियां' विषय पर आयोजित संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए प्रो. नंदकिशोर आचार्य, प्रो. आशा शुक्ला, प्रो. चंद्रकला पाडिया, प्रो. मनोज कुमार, डॉ. सुप्रिया पाठक, भरत महोदय तथा प्रो. नृपेन्द्र प्रसाद मोदी।
Inaugurating the seminar on 'Gandhian Vision of Gender Equality: Strengths, Prospects and Challenges', Nandkishore Acharya, Prof. Asha Shukla, Prof. Chandrakala Padiya, Prof. Manoj Kumar, Dr. Supriya Pathak, Bharat Mahoday and Prof. Nripendra Prasad Modi.

श्री रामदास अठावले, राज्य मंत्री, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार को स्मृति चिह्न प्रदान करते हुए कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र, बाएं प्रो. एल. कारूण्यकरा तथा प्रो. के.के सिंह।
Shri Ramdas Athawale, Minister of State, Ministry of Social Justice and Empowerment, Government of India, presenting a memento to Vice Chancellor Prof. Girishwar Misra, from left Prof. L. Karunakara and Prof. K.K. Singh were also present.

'तुलसी की सामाजिक दृष्टि' पर आयोजित व्याख्यान समारोह में विचार व्यक्त करते हुए प्रो. रामजी तिवारी, मंच पर बाएं से प्रो. अवधेश कुमार, प्रो. प्रीति सागर व प्रो. के.के. सिंह।
While expressing his views in the lecture ceremony organized on 'Social Vision of Tulsi' by Prof. Ramji Tiwari, from left on stage Prof. Awadhesh Kumar, Prof. Priti Sagar and Prof. K.K. Singh.

'गांधीः एक यात्रा' का मंचन करते हुए विश्वविद्यालय के विद्यार्थी।
University students staging 'Gandhi: A Journey'.

युवा और सामाजिक सरोकार विषय पर उद्‌बोधन देते हुए गांधीवादी चिंतक कुमार प्रशांत, मंच पर बाएं से संदीप कुमार वर्मा, कुलपति गिरीश्वर मिश्र और प्रो. मनोज कुमार।
Gandhian thinker Kumar Prashant delivering speech on the topic of 'Youth and Social interest, on the dias from left Sandeep Kumar Varma, Vice Chancellor Girishwar Misra and Prof. Manoj Kumar.

'संपादकों की कहानीः हरिवंश की जुबानी' विषयक कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए राज्यसभा के उपसभापति श्री हरिवंश, मंच पर बाएं से राजेश लेहकपुरे, प्रो. कृपाशंकर चौबे, कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र, प्रो. के.के. सिंह तथा प्रो. अरुण कुमार त्रिपाठी।

Mr. Harivansh, Deputy Chairman, Rajya Sabha, while expressing his views on the program titled 'Story of Editors: The speech of Harivansh', Rajesh Lehkapure from left on stage, Prof. Kripa Shankar Chaubey, Vice Chancellor Prof. Girishwar Misra, Prof. KK Singh and Prof. Arun Kumar Tripathi.

राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को गुलाब का फूल देकर स्वागत करते हुए कार्यकारी कुलसचिव प्रो. के.के. सिंह तथा अन्य महानुभाव।

Acting Registrar Prof. K.K. Singh and other dignitaries Welcoming Rose to blood donors in blood donation camp organized on National Youth Day

राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित एकता दौड़ में शामिल विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, अध्यापक व कर्मी।

University students, teachers and staffs involved in unity race organized on National Unity Day.

अकादमिक नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम में उद्‌बोधन देते कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र, मंच पर बाएं से डॉ. शिरीष पाल सिंह, प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, प्रो. जनक पांडेय, प्रो. के.के सिंह तथा डॉ. गोपाल कृष्ण ठाकुर।

Vice-Chancellor Prof. Girishwar Misra addressing the academic leadership training program, From left on stage Dr. Shirish Pal Singh, Prof. Anand Vardhan Sharma, Prof. Janak Pandey, Prof. K.K. Singh and Dr. Gopal Krishna Thakur.

कोलकाता केंद्र में विचार व्यक्त करते हुए मॉरीशस की सरिता बुधु, मंच पर हैं विद्वत वक्ता।
Sarita Budhu of Mauritius, speaking at the Kolkata Center, other scholars on the stage.

संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उद्‌बोधन देते हुए एड. रविशंकर मोर, मंच पर बाएं से डॉ. एम.एल. कासारे, प्रो. के.के. सिंह, प्रो. गिरीश्वर मिश्र, प्रो. मनोज कुमार तथा डॉ. गोपाल कृष्ण ठाकुर।
While delivering the address in the program organized on Constitution Day, Advocate Ravi Shankar More, Dr. ML Kasare from left on stage, Prof. K.K. Singh, Prof. Girishwar Misra, Prof. Manoj Kumar and Dr. Gopalakrishna Thakur.

राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्‌घाटन करते हुए पूर्व कुलपति प्रो. जी. गोपीनाथन व अन्य महानुभाव।
Inaugurating the National Seminar, former Vice Chancellor Prof. G. Gopinathan and other dignitaries.

संस्कृत सप्ताह समारोह में विचार व्यक्त करते हुए चांद किरण सलूजा, मंच पर बाएं से संजीव लाभे, कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र, प्रो. प्रीति सागर तथा डॉ. लेखराम दन्नाना।
Chand Kiran Saluja, expressing thoughts in Sanskrit week celebrations, Sanjeev Sabhe from left on stage, Vice Chancellor Prof. Girishwar Misra, Prof. Preeti Sagar and Dr. Lekhram Dannana.

राष्ट्रीय पुस्तक मेला का उद्घाटन करते हुए साहित्यकार चित्रा मुद्गल, बाएं से आनंद भारती, प्रो. इन्द्रनाथ चौधुरी, कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र, प्रो. के.के. सिंह, डॉ. बीरपाल सिंह यादव, प्रो. आनंद वर्धन शर्मा तथा प्रो. अखिलेश कुमार दुबे।

Inaugurating the National Book Fair, litterateur Chitra Mudgal, Anand Bharti from left, Prof. Indranath Chaudhuri, Vice Chancellor Prof. Girishwar Misra, Prof. K.K. Singh, Dr. Birpal Singh Yadav, Prof. Anand Vardhan Sharma and Prof. Akhilesh Kumar Dubey.

विश्वविद्यालय के 21 वें स्थापना दिवस के अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, मंच पर हैं अन्य विद्वान वक्ता।

Pro Vice-Chancellor Prof. Anand Vardhan Sharma while expressing his views on the 21st Foundation Day of the university and other scholars presenet on the dias.

राजगुरु छात्रावास का उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र और साथ में हैं प्रो. मनोज कुमार, प्रो. कृपाशंकर चौबे, डॉ. राजेश्वर सिंह, प्रो. के.के.सिंह, लेखराम दन्नाना, बी.एस.मिरगे व अन्य महानुभाव।

Inaugurating the Rajguru hostel, Vice Chancellor Prof. Girishwar Misra and Prof. Manoj Kumar, Prof. Kripa Shankar Chaubey, Dr. Rajeshwar Singh, Prof. K.K. Singh, Lekhram Dannana, B.S. Mirge and other dignitaries.

तृतीय दीक्षांत समारोह के दौरान शोभायात्रा में शामिल विश्वविद्यालय परिवार।

The procession during the third convocation.

विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुति।
Cultural Programme Prsentated by students.

शिक्षक दिवस समारोह में उद्‌बोधन देते हुए प्रो. मनोज कुमार, मंच पर बाएं से डॉ. शिरीषपाल सिंह, क़ादर नवाज़ खान, सपना शर्मा, प्रो. के.के. सिंह तथा डॉ. गोपाल कृष्ण ठाकुर।
While giving the address at the Teachers' Day celebrations, Prof. Manoj Kumar, Dr. Shirishpal Singh from left on stage, Kadar Nawaz Khan, Sapna Sharma, Prof. K.K. Singh and Dr. Gopal Krishna Thakur.

योग दिवस पर योगासन मुद्रा में कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र के साथ विश्वविद्यालय के कर्मी व विद्यार्थी।
The Vice Chancellor Prof. Girishwar Misra in Yogasana Mudra on Yoga Day with University personnel and students.

सर्जिकल स्ट्राइक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए पूर्व ब्रिगेडियर सुनील गांवपांडे, प्रो. मनोज कुमार, प्रो. के.के. सिंह व अन्य महानुभाव।
Former Brigadier Sunil Gaonpandey, Prof. Manoj Kumar, Prof. K.K. Singh and other dignitaries on the occasion of surgical strike day.